समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 65,344.17 | 19,355.90 |

तापमान
अधिकतम 34 ℃
न्यूनतम 28 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





डिजिटल क्रॉप सर्वे में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अहम : दुर्गा पेज-02

क्षेत्रवासियों की समस्याओं पर उपमुख्यमंत्री सख्त पेज-03



वर्ष 10 | अंक 320 | लखनऊ, 11 जुलाई मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com


### यूपी के प्रतापगढ़ में भीषण सड़क हादसा

# नौ लोगों की दर्दनाक मौत

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज़

रायबरेली-जौनपुर राजमार्ग पर पूरे रायजू विक्रमपुर के पास सोमवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में टैंकर और टेंपो में भीषण टक्कर हो गई।

टेंपो पलटने से नौ लोगों की मौत हो गई। टैंकर भी पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।


सोमवार दोपहर प्रतापगढ़ से टेंपो सवारी भरकर जेठवारा की तरफ जा रहा था। सुखपालनगर से मोहनगंज के बीच पूरे रायजू विक्रमपुर के पास लालगंज की तरफ से गैस का टैंकर आ रहा था।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर में टैंकर चालक ने दाईं तरफ कट मारा। तेज रफ्तार होने के कारण वह टेंपो से टकरा गया। टेंपो में सवार 16 लोगों में सात ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। यहां पर दो लोगों ने दम तोड़ दिया।



सूचना पर एसडीएम सदर, सीओ सिटी, सीआी लालगंज मौके पर पहुंचे । टैंकर में गैस रिसाव होने की सूचना पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। टैंकर पर पानी डाला गया।

## कच्चे मकान की गिरी छत, मलबे में दबकर दो बच्चियों ने तोड़ा दम, तीन घायल



**हापुड़।** पिछले कुछ दिनों से आसमान से आफत की बारिश बरस रही है। इससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रखा है। बारिश के कारण ही यूपी के हापुड़ जिले में सोमवार को कच्चे मकान की छत गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। इसके अलावा दो बच्चे समेत तीन लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम और क्षेत्राधिकारी पहुंच गए हैं। यह हादसा सोलाना गांव में हुआ है। लगभग दो बजे मकान की छत अचानक भरा-भराकर गिर गई। जिस कारण घर में मौजूद चार बच्चे और एक लड़की मलबे में दब गए। मरने वालो में खुशी(8) पुत्री रहीमुद्दीन और माहिरा(3) पुत्री अलीमुद्दीन हैं। वहीं, घायल माहिम(8) को हापुड़ रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा आफिया(4) घायल है, जिसे सामान्य चोटें आई हैं। इसके अलावा मुस्कान(18) पुत्री युनूस को भी सामान्य चोटें आई हैं।

### यमुना के जलस्तर ने खतरे के निशान को किया पार

# बाढ़ के मुहाने पर दिल्ली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली के ओल्ड रेलवे ब्रिज के करीब 205.40 मीटर का पर यमुना का बहाव पहुंच गया है। दिल्ली में इस बार बारिश राहत नहीं, बल्कि आफत बनकर आई है। हर साल छोटी मोटी जलभराव की घटनाएं सामने आती थीं, जिनसे दिल्ली नगर निगम के अधिकारी निपट लेते थे, लेकिन इस बार हालात गंभीर हैं। भारी बारिश और हथिनी कुंड से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ते ही जा रहा है। यमुना नदी दिल्ली में चेतावनी बिंदु (वार्निंग प्वाइंट) 204.50 मीटर पहले ही पार कर चुकी थी। अब यमुना ने खतरे के निशान को भी पार कर लिया है। बता दें कि हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से सोमवार दोपहर 12 बजे 2,17,003 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, इसी कारण यमुना का जल स्तर बढ़ा है। यमुना के आसपास के इलाकों में भी जल भराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों में डर का माहौल स्थापित हो गया है।

वहीं दूसरी ओर भारी बारिश और हथिनी कुंड से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ता जा रहा है और दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यमुना नदी दिल्ली में चेतावनी बिंदु 204.50 मीटर पार कर चुकी है, जो अब खतरे के निशान के करीब पहुंच रही है। हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से सोमवार दोपहर 12 बजे 2,17,003 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर पर दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली सरकार भी हाई अलर्ट पर है। जैसे ही यमुना का जलस्तर 206 मीटर पार कर जाएगा, तुरंत ही यमुना किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें यमुना का चेतावनी मार्क 204.50 मीटर है। वहीं, खतरे का निशान 205.33 मीटर है।



### हथिनी कुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़ा गया

रविवार को भी हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से यमुना में भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया। सुबह 10 बजे से ही यमुना में छोड़े गए पानी की मात्रा हर घंटे बढ़ती चली गई। शाम चार से शाम सात बजे के बीच यमुनानगर में हथिनी कुंड बैराज से हर घंटे एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी यमुना में छोड़ा गया। इसके बाद शाम सात बजे सबसे अधिक 1,65,823 क्यूसेक पानी यमुना में छोड़ा गया, जिसके मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचने पर 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33 मीटर) के ऊपर पहुंच जाएगा। इससे राजधानी में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे एलजी सक्सेना

नई दिल्ली। दिल्ली में मूसलाधार बारिश का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। भारी बारिश को देखते हुए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे हैं। दिल्ली में भारी वर्षा और जलभराव पर दोनों के बीच बैठक होनी है। बता दें कि दिल्ली की हाल को देखते हुए अमित शाह ने एलजी से रिपोर्ट मांगी थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भारी बारिश को लेकर बैठक की है। इस बैठक के बाद सीएम ने कहा कि दिल्ली में 8 और 9 जुलाई को 153 मिमी बारिश हुई। दिल्ली के सिस्टम ऐसी अभूतपूर्व बारिश को झेलने के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं, इसलिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली सरकार भी हाई अलर्ट पर है। जैसे ही यमुना का जलस्तक 206 मीटर पार कर जाएगा, तुरंत ही यमुना किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें यमुना का चेतावनी मार्क 204.50 मीटर कम है। वहीं, खतरे का निशान 205.33 मीटर है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के पार पहुंचने के चलते यमुना बाजार की झुग्गियों में पानी घुस गया है। झुग्गियों में पानी घुसने से वहां रह रहे लोगों का बुरा हाल हो रहा है। यमुना के जलस्तर बढ़ने से आसपास में रहने वाले लोगों में डर का माहौल स्थापित हो गया है।



### संक्षिप्त

#### सुप्रीम कोर्ट ने दो हजार के नोट बदलने संबंधी याचिका की खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिना पहचान पत्र देखे दो हजार रुपये का नोट बदलने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें नागरिकों को दो हजार रुपये के नोटों को बिना किसी मांग पर्ची और आईडी प्रूफ के बदलने की अनुमति दी गई थी। सीजेआई ने कहा कि ये मामला रिजर्व बैंक का एक नीतिगत फैसला है।

#### विदेश मंत्री जयशंकर ने गांधीनगर में दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार (10 जुलाई) को गुजरात के गांधीनगर से राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात की जनता और विधायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह आने वाले 4 सालों में होने वाली प्रगति में अपना योगदान दे सकेंगे।

#### हिंसा को और बढ़ाने के लिए न करें सुप्रीम कोर्ट का इस्तेमाल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के मंच का इस्तेमाल मणिपुर में हिंसा को और बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा जनहित याचिकाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम केवल राज्य द्वारा उठाए जा रहे कदमों की निगरानी कर सकते हैं और यदि अतिरिक्त उपाय किए जा सकते हैं तो कुछ आदेश पारित कर सकते हैं। लेकिन हम सुरक्षा तंत्र नहीं चला सकते। मणिपुर सरकार ने स्थिति पर नवीनतम स्थिति रिपोर्ट सौंपी, जबकि इस पर सुनवाई मंगलवार को फिर से शुरू होगी।

### क्या खुद को पीएम उम्मीदवार मानते हैं सवाल पर बोले अखिलेश

# हमारे पास कई चेहरे, समय आने पर हम फैसला करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का एक संयुक्त मंच इसका नेतृत्व करने के लिए एक मजबूत चेहरे की तलाश में है। विपक्षी दलों के नेता को लेकर तेज अटकलों के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से सोमवार को पूछा गया कि क्या वह खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कई सक्षम नेता हैं और गठबंधन के चेहरे के बारे में फैसला बाद में किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे पास (पीएम पद के लिए) कई चेहरे हैं, समय आने पर हम फैसला करेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एकजुट विपक्ष बनाने की पहल करने के बाद आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधान मंत्री पद के लिए उनकी संभावित उम्मीदवारी के बारे में अटकलें सामने आई हैं। हालाँकि, जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने हाल ही में कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव के समापन के बाद, सभी राजनीतिक दल देश का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करने के लिए सामूहिक रूप से बैठक करेंगे।



### 'प्रधानमंत्री पद' पर कोई चर्चा नहीं हुई : पवार

वहीं, राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा था कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पटना में पिछले सप्ताह हुई विपक्षी दलों की बैठक में 'प्रधानमंत्री पद' को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने विपक्षी दलों की बैठक की आलोचना करने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा। पवार ने कहा कि भाजपा इस बैठक को लेकर क्यों चिंतित है, उनमें राजनीतिक परिपक्वता की कमी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेजबानी में पटना में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में एक दर्जन से अधिक दलों के 32 से अधिक नेताओं ने भाग लिया और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिलकर भाजपा का मुकाबला करने का संकल्प लिया। जब पवार से पूछा गया कि इस तरह की आलोचनात्मक टिप्पणियां की जा रही हैं कि बैठक में ''प्रधानमंत्री पद के 19 दावेदार'' साथ में बैठे थे, तो राकांपा नेता ने इसे 'बचकाना बयान' कहकर खारिज कर दिया।

# अब नेवी को भी मिलेगी 26 राफेल, मोदी की फ्रांस यात्रा में बड़ा रक्षा सौदा संभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत फ्रांस से 26 राफेल एम नौसैनिक जेट और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियां खरीदने के सौदे पर हस्ताक्षर कर सकता है। इन सौदों की घोषणा 14 से 16 जुलाई के बीच होने वाली पीएम नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान होने की उम्मीद है। रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीपी) ने सोमवार को सौदों को मंजूरी दे दी। लगभग 90,000 करोड़ रुपये के सौदे में 26 राफेल एम विमान शामिल होंगे, जिसमें 22 सिंगल-सीटर और चार डबल-सीटर ट्रेनर संस्करण होंगे। शीर्ष सरकारी सूत्रों के मुताबिक, तीन अतिरिक्त पनडुब्बियां प्रोजेक्ट 75 के तहत स्कॉर्पीन सौदे का हिस्सा होंगी। राफेल विमान भारतीय नौसेना के विमान वाहक पर तैनाती के लिए हैं और इस सप्ताह रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिलने की संभावना है। भारतीय नौसेना हाल के वर्षों में विमानों और पनडुब्बियों की कमी का सामना कर रही है, जिससे उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। इन विमानों का



उपयोग भारतीय नौसेना द्वारा आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर किया जाएगा, जो वर्तमान में मिग -29 का उपयोग करते हैं। फ्रांस में आधिकारिक घोषणा से पहले अगले कुछ दिनों में सौदों को रक्षा अधिग्रहण परिषद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 14 जुलाई को पेरिस, फ्रांस में बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उनके साथ, भारतीय सेना की एक टुकड़ी परेड में भाग लेगी, जिसमें भारतीय नौसेना, और भारतीय वायु सेना की पंजाब रेजिमेंट के सैनिक भी शामिल होंगे।

### रिश्तों का खून! जमीन के टुकड़े के लिए हैवान बने दो बेटे


# पिता को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**बलिया (समृद्धि न्यूज़)।** सहतवार नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक में जमीनी विवाद में दो बेटों ने पिता की जान ले ली। मृतक के तीसरे बेटे छोटक की तहरीर पर सहतवार पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मोती चंद (70 वर्ष) के चार पुत्र हैं। वे अपने तीसरे नंबर के लड़के छोटक के साथ रहते थे। उनके बड़े लड़के अनिल का घर से कोई विवाद नहीं था। उनका विवाद दूसरे नंबर के लड़के बब्लू व चौथे नंबर के अमरनाथ से जमीनी विवाद महीनों से चल रहा था। रविवार की शाम को मोती चंद से दोनों लड़कों और उनकी पत्नियों से कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते बेटों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर मोती चंद को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद सभी फरार हो गए और अन्य स्वजन घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मणिपुर में फिर हिंसा, एक पुलिसकर्मी की मौत

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की खबर सामने आई है। राज्य के पश्चिमी कांगपोकपी इलाके में रात भर हुई झड़पों के बाद सोमवार को एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। कांगपोकपी में सुबह करीब 3 बजे से 6 बजे के बीच कुछ देर के लिए शांति रही, लेकिन उसके बाद फेयेंग और सिंगदा गांवों से अंधाधुंध गोलीबारी की आवाजें सुनी गई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले के कांगचुप इलाके के गांवों और पहाड़ियों को निशाना बनाकर की गई। असम राइफल्स दोनों गांवों के बीच एक बफर जोन का प्रबंधन करती है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की ओर से और अधिक लोगों के हताहत होने की संभावना से इनकार नहीं किया और कहा कि गोलीबारी समाप्त होने के बाद ही सही जानकारी का पता लगाया जा सकता है। 3 मई से राज्य में जारी जातीय हिंसा भड़कने में कम से कम 150 लोग मारे गए हैं और कई सौ घायल हुए हैं। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था, जिसके बाद हिंसा फैली है। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। जनजातीय नागा और कुकी आबादी का 40 प्रतिशत हिस्सा हैं और पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### 10 लोग घायल



- कांगपोकपी जिले के कांगचुप में भारी गोलीबारी
- कई लोगों के घायल होने की आशंका
- एसटी का दर्जा लेने पर हिंसा

# बदायूं में कांवड़ मार्ग की शराब की दुकानों को पर्दे से ढकवाया

बदायूं, समृद्धि न्यूज़

**बदायूं।** कांवड़ यात्रा को लेकर आबकारी विभाग भी अलर्ट मोड पर है। आबकारी विभाग की ओर से कांवड़ यात्रा मार्ग पर जो भी अंग्रेजी, बीयर और देशी शराब की दुकाने हैं। उन सभी पर रंग बिरंगे पर्दे डलवा कर दुकानों को ढकवा दिया गया है। जिससे कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। शिवभक्तों की श्रद्धा को ध्यान में रखकर शराब की दुकानों को पर्दा डालकर ढकवाया गया। हालांकि इन दुकानों पर बिक्री जारी है। विभाग को आशंका थी कि

### जिले में स्कूल भी बंद

कांवड़ियों के मार्ग पर कुछ लोग शराब का सेवन कर बवाल कर सकते हैं। इसके चलते उनको ढका जाना चाहिए। सदर क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर पूरे जिले में मात्र 27 दुकानें हैं। उनके आसपास बैठकर कोई शराब का सेवन न करे। इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए दुकानों के आसपास पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है। आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा ने बताया कि इन दुकानों पर सिर्फ बिक्री की जाएगी।

### घोषणा | बेंगलुरु में 17 और 18 जुलाई को आयोजित होगी बैठक

# विपक्ष की बैठक में सोनिया गांधी के शामिल होने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार (10 जुलाई) को कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के इस महीने कर्नाटक के बेंगलुरु में होने वाली संयुक्त विपक्ष की बैठक में हिस्सा लेने की उम्मीद है। संयुक्त विपक्ष अपनी दूसरी बैठक 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में करेगा। यह बैठक पहले 10 या 12 जुलाई को शिमला में होने वाली थी, हालांकि, शहर में खराब मौसम के कारण इसे एक नई तारीख और नए स्थल पर पुनर्निर्धारित किया गया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि विपक्ष की अगली बैठक 13-14 जुलाई को बेंगलुरु में होगी।

### सोनिया गांधी हो सकती हैं शामिल

डीके शिवकुमार ने कहा कि जैसा कि पहले ही घोषणा की जा चुकी है, 17 और 18 जुलाई को (देश के) सभी विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक होगी। तमाम नेता आने वाले हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे (एआईसीसी अध्यक्ष) ने सोनिया गांधी से इस बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। हमें संदेश मिला है कि वह इस बैठक में हिस्सा लेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम उन सभी नेताओं का स्वागत करेंगे जो इस देश में बदलाव के इस महान आंदोलन में शामिल होना चाहते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए सभी दलों को एक मंच पर लाने के लिए 23 जून को पहली बैठक हुई थी।



### भाजपा पर निशाना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपने आवास पर बुलाई गई बैठक में कई विपक्षी दलों के शीर्ष नेता शामिल हुए थे। बैठक में ममता बनर्जी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्ला और अन्य ने हिस्सा लिया था। डीके शिवकुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी देश के लिए आवाज उठाना चाहते थे इसलिए उन्हें न्यायपालिका द्वारा अभूतपूर्व सजा दी गई है। यह भाजपा नेताओं की राजनीतिक साजिश है, वे (भाजपा) राहुल गांधी की ताकत और समर्थन को पचा नहीं सके। उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक में सभी विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की, जहां राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान चले थे...पार्टी के सभी सदस्य राहुल गांधी के साथ हैं और उनकी अयोग्यता के खिलाफ हैं। हम उनका समर्थन करने के लिए एक मौन विरोध प्रदर्शन का आयोजन कर रहे हैं क्योंकि वह देश के लिए अपनी आवाज उठा रहे हैं।

**2024** के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए सभी दलों को एक मंच पर लाने के लिए 23 जून को पहली बैठक हुई थी।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अहमः दुर्गा शंकर

## क्षेत्र विशेष में कृषि इनपुट सप्लायर के साथ कृषकों को जोड़ने का अवसर हो जाएगा सुगम

समृद्धि न्यूज लखनऊ




मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने एग्री स्टैक (डिजिटल एग्रीकल्चर पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर) के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे की पड़ताल के कार्य को निष्पादित कराने हेतु कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि भवन के सभागार में जनपद एवं तहसील स्तर के चयनित मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जनपदों में सर्वेक्षण करने वाले समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ तकनीकी सहयोगी प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि सावन माह के प्रथम सोमवार के दिन यह कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है, उन्हें विश्वास है कि इस कार्यक्रम पर शिव की कृपा होगी और संपूर्ण सर्वेक्षण कार्य सफलतापूर्वक निर्विघ्न एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि सभी शिवमय होकर डिजिटल क्रॉप के माध्यम से प्रदेश के विकास में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाए जाने में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। डिजिटल क्रॉप सर्वे द्वारा फसलवार आच्छादन की सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि उत्पादों से आय का वास्तविक आकलन संभव हो सकेगा। किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। डिजिटल क्राप सर्वे के डाटा से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं में त्वरित सत्यापन सुगमता से हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सर्वे से कृषि आधारित उद्योग हेतु कृषि उत्पादों के बारे में समय से सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जिसके आधार पर उद्योग स्थापना एवं संचालन में सुगमता हो सकेगी। किसानों को सीधे बिना बिचौलिए के संस्थागत विपणन से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। क्षेत्र विशेष में बोई गई फसलों हेतु आवश्यक कृषि निवेश कि उपलब्धता हेतु कृषि इनपुट सप्लायर के साथ कृषकों को जोड़ने का अवसर सुगम हो जाएगा। अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर नवोन्मेषी कार्यक्रमों का संचालन संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में बताया गया कि उत्तर प्रदेश मे राजस्व परिषद (राजस्व विभाग) द्वारा वर्षों से होने वाले खसरा पड़ताल की ऑफलाइन व्यवस्था का डिजिटलीकरण की प्रासंगिकता के दृष्टिगत वर्ष 2020 में पहली बार ऑनलाईन कराया गया। खतौनी के अंश निर्धारण का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। भारत सरकार की डीआईएलआरएमपी योजना के अंतर्गत स्कैन किये जाने योग्य नक्शों के डिजिटलीकरण का लगभग 98 प्रतिशत कार्य वर्ष 2022 के अंत तक ही पूर्ण कराकर राजस्व विभाग के भू-नक्शा पोर्टल पर सर्व सुलभ करा दिया गया है। यह डिजिटल मैप जिओ रेफ्रेंस नहीं थे। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं यथा पीएम गतिशक्ति एवं एग्री स्टैक को लागू करने के लिए जिओ रेफ्रेंस डिजिटल मैप की आवश्यकता महसूस की गई। महत्वाकांक्षी योजनाओं को ससमय उत्तर प्रदेश में लागू करने के दृष्टिगत विगत 6 माह पूर्व राजस्व परिषद (राजस्व विभाग) द्वारा राज्य सरकार से बजट प्राविधानित कराकर राजस्व ग्रामों के डिजिटल नक्शों के जिओ रेफ्रेंसिंग का कार्य दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ प्रारंभ कराया गया।

# लखनऊ विश्वविद्यालय मे 9वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सम्मान समारोह आयोजित

**चर्चा**

**विधि संकाय के डीन प्रो. बी.डी. सिंह ने योग की बढ़ती मांग तथा उनसे प्राप्त होने वाले सफल परिणामों पर की चर्चा**

समृद्धि न्यूज लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में योग सभागार में 9वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो.पूनम टंडन,डीन स्टूडेंट वेलफेयर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में योग दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव तथा समस्त योग एवं वैकल्पिक संकाय को धन्यवाद दिया। साथ ही बताया प्रत्येक व्यक्ति योग को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को सरल और सुखी बना सकता है। योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने भारत को ऋषि एवं कृषि प्रधान देश से संबोधित किया। योग दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रुप से नाव पर योग तथा प्लाविनी योग के साथ विभाग में 11 सेमिनार एवं 9 कार्यशाला रही। डॉ यादव ने बताया कि योग एक जीवन प्रथा है जिसमें शरीर का स्वास्थ्य,चरित्र जागरण और उचित आचरण का मार्ग प्रशस्त करता है। वहीं दूसरी तरफ जीवन शैली जनित रोग उ'च रक्तचाप,डायबिटीज, मोटापा, तनाव के बचाव के लिए भी अ'छा आचरण है। योग एवं वैकल्पिक संकाय के डीन प्रो. अशोक कुमार सोनकर ने सभी योग प्रशिक्षकों एवं साधकों को योगदूत से संबोधित किया। साथ ही उन्होंने योग के माध्यम से रोगों के निदान पर प्रकाश डाला। विधि संकाय के डीन प्रो. बी.डी. सिंह ने योग की बढ़ती मांग तथा उनसे प्राप्त होने वाले सफल परिणामों पर चर्चा की। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह ने योग को भविष्य में समाज को एक वरदान के रूप में कह कर संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विधि संकाय के प्रो.आर.के.सिंह प्रो.वरुण छाछर, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर पर्यटन एवं अध्ययन संस्थान, प्रो.पुष्पेंद्र त्रिपाठी, निदेशक फार्मेसी संस्थान, योग एवं वैकल्पिक संकाय के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं, योग प्रशिक्षक, दूरस्थ क्षेत्रों से आए हुए विषय-विशेषज्ञ तथा भारी संख्या में विश्वविद्यालय से आए हुए लोग मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो ने मनाया राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ ने 1957 में प्रसिद्ध मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. हीरालाल चौधरी और उनके सहयोगी अलीकुन्ही द्वारा कार्प पिट्यूटरी हार्मोन एक्सट्रैक्ट की सहायता से भारतीय मेजर कार्प के सफल प्रेरित प्रजनन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस मनाया। इस अवसर पर स्थानीय महत्व वाले हजारों की संख्या में मत्स्य प्रजातियों जैसे लेबियो रोहिता, लेबियो कालबासु, सिरहिनस मृगाला, लेबियो गोनियस, लेबियो बाटा, ओमपोक बाईमाकुलेटस आदि को लखनऊ स्थित छोटी देवरिया गांव के समीप इंदिरा बांध के पास गोमती नदी में छोड़ा गया ताकि क्षेत्र में मत्स्य जैव विविधता और नदी के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। मीठे पानी की मत्स्य प्रजातियां आम हैं लेकिन अंधाधुंध मछली पकड़ने और बढ़ते जल प्रदूषण के कारण उनकी आबादी में वर्षों से गिरावट आई है। मत्स्य जैव विविधता को समृद्ध करने और नदियों को स्व'छ बनाने के लिए रैंचिंग गतिविधि महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश मछलियां नदी में अवांछित अवक्रमित कार्बनिक पदार्थों को खाकर पानी को साफ करने का काम करती हैं। जलीय जैव विविधता के लिए जीवन अनुकूल जलीय मापदंड सामान्य रह सकें। इस अवसर पर भाकृअनुप-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ यूके सरकार, सीएसआईआर-एनबीआरआई, के निदेशक डॉ. एके शासने और एएमसी प्रमुख डॉ ब्रिगेडियर पी जायसवाल उपस्थित थे, जिन्होंने गोमती नदी में मछलियां डालने के बाद मत्स्य कृषकों व ग्रामीणों की सभा को संबोधित किया। नदी में मछलियों की रैंचिंग के लाभों, आजीविका सृजन और पोषण सुरक्षा में मत्स्य पालन की भूमिका के बारे में अपने विचार साझा किए।

## पेंशनरों ने मुख्यमंत्री से की पेंशन बढ़ाने और बकाया एरियर भुगतान कराने की माँग

**लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के महामंत्री राज शेखर नागर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में ईपीएस-95 पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन बढ़वाने, फ्री मेडिकल सुविधा दिलवाने की माँग की। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अधिकांश निगमों में छठा वेतनमान का एरियर का भुगतान नही हुआ है जबकि पेंशनरों को बहुत कम पेंशन मिलने से आर्थिक बदहाली झेल रहे हैं। मुख्यमंत्री से सभी निगमों के पेंशनरों को छठे वेतनमान के बकाया एरियर्स का भुगतान करने के आदेश निर्गत करने की भी माँग की गई। आवश्यक वस्तु निगम में पेंशनरों की महासमिति की बैठक मे निर्णय लिया गया कि बकाया एरियर का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो निगम के सेवानिवृत्त कर्मी अनशन पर बैठेंगे। महासमिति की बैठक में हबीब खान, राजीव भटनागर, पीके श्रीवास्तव, फ्रेड्रिक करूज, एनसी सक्सेना, राजीव पांडे, सतीश श्रीवास्तव पीताम्बर भट्ट उपस्थित रहे।

## चौ. चरण सिंह की विचारधारा पर चल रहे सपा और रालोद

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि शीघ्र ही कमेटी के गठन का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश कार्यकारिणी में शिवपाल यादव के सहयोगियों को लिया जायेगा। रालोद को अलग राह पकड़ने की चर्चाओं को अफवाह बताते हुए कहा कि रालोद और सपा चौधरी चरण सिंह के विचारों पर चल रहे हैं। हम बूथ मजबूत कर रहे हैं। पिछले चुनाव में सपा समर्थक मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटा दिए गये थे। प्रदेश सरकार के इशारे पर आज भी मतदाता सूची से नाम हटाने में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। सपा ने फैसला लिया है कि जहां भी गड़बड़ियां मिलेंगी,उसके खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया जायेगा।

## पूर्वांचल जिलों में बाढ़ से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि गोंडा, बस्ती बलरामपुर श्रावस्ती, देवरिया, कुशीनगर सहित पूर्वांचल के कई जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ के प्रकोप से बचाने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष इस क्षेत्र की घाघरा राप्ती, बूढ़ी गंडक आदि नदियों के प्रकोप से हजारों किसानों की फसलें बाढ़ से डूब कर बर्बाद हो जाती हैं, किसान के सारे सपने धराशायी हो जाते हैं। सिर्फ बाढ ही नहीं गांव के रास्ते अतिक्रमण के प्रकोप से नहीं बचे हैं। चकरोड गलियारे और रजबहा के रास्तों पर दबंग लोगों ने अनावश्यक अतिक्रमण कर रखा है। लोगों का पैदल और साइकिल से चलना भी कष्टदायी है लेकिन प्रशासन मौनदृष्टा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर के भी दूर दराज के गांव में यही दशा है क्षेत्र में असरदार लोगों के अतिरिक्त आम जनता का जन जीवन अस्त व्यस्त ही नहीं बल्कि दयनीय बना हुआ है। इस सरकार का आत्मनिर्भर भारत बनाने का स्वरूप इन क्षेत्रों में देखा जा सकता है। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने सरकार से बाढ़ से निपटने के पुख्ता इंतजाम करने की मांग करते हुए कहा कि बाढ़ से हुए फसलों और जनधन हानि के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाये, रास्तों और मार्गो का अतिक्रमण हटाया जाये जिससे आवागमन के रास्ते सुगम हो सके।

## महिला सिपाही का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

**लखनऊ।** लखनऊ में एक महिला सिपाही का सोमवार को घर में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। 2016 बैच की सिपाही साक्षी वर्मा (29) माडियाव इलाके में किराए पर पति और 2 बच्चों के साथ रह रही थी। चौक कोतवाली मे तैनात साक्षी आजकल चाइल्ड केयर की छुट्टी पर चल रही थी। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र कर रही है। मड़ियांव पुलिस के मुताबिक महिला सिपाही साक्षी मूल रूप से लखीमपुर खीरी की रहने वाली है। वह केंद्रीय बल में तैनात पति दो बच्चों के साथ मीना बेकरी के पास किराए के घर में रह रही थी। वह नौ महीने से चाइल्ड केयर की छुट्टी लेकर दो बच्चों की देखभाल कर रही थी। उसकी अगले महीने छुट्टी पूरी होने वाली थी। परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका नहीं जताई है। सुसाइड नोट भी मौके पर नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वायुवीर को मिली सेना कोर्ट से दिव्यांगता पेंशन वायु सेना मुख्यालय का आदेश दरकिनार

समृद्धि न्यूज लखनऊ

सेना कोर्ट लखनऊ ने अयोध्या निवासी संदीप कुमार सिंह के पक्ष में प्राइमरी हायपरटेंशन मामले में सुनाया फैसला, मामला यह था कि, याची वर्ष 2001 में वायुवीर के रूप में भर्ती होकर बीस साल देश सेवा की लेकिन, अंतिम दिनों में वह प्राइमरी हायपरटेंशन बीमारी में तीस प्रतिशत दिव्यांगता के साथ बगैर दिव्यांगता पेंशन घर भेज दिया गया, सन 2022 वायु सेना मुख्यालय द्वारा अपील खारिज होने के बाद सशत्र-बल अधिकरण लखनऊ में वाद दायर किया, मामले की सुनवाई के दौरान भारत सरकार द्वारा जबर्दस्त विरोध किया गया और, दलील दी गयी कि वायु सेना में तनाव और दबाव ऐसे नहीं होते कि ऐसी बीमारी हो जाए याची आनुवांशिक बीमारी का लाभ लेना चाहता है जिसे दिया जाना न्यायहित में नहीं होगा लेकिन, याची की तरफ से जोरदार दलील देते हुए उसके अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि, इक्कीस साल तक बीमारी न होना और भर्ती के समय कोई ऐसी रिपोर्ट का न होना यह साबित करता है कि, बीमारी के लिए पूरी तरह से वायु सेना जिम्मेदार है। दोनों पक्षों की दलील सुनने और साक्ष्यों का अनुशीलन करने के बाद न्यायमूर्ति रवीन्द्र नाथ कक्कड़(रि.) और वाईस एडमिरल अतुल कुमार जैन (रि.) की खण्डपीठ ने वायु सेना मुख्यालय के आदेश को निरस्त करते हुए पचास प्रतिशत दिव्यांगता पेंशन देने का फैसला याची के पक्ष में सुनाते हुए चार महीने के अंदर भुगतान का आदेश दिया और आगे यह भी कहा किनियत समय के अंदर आदेश का पालन न होने पर याची को आठ फीसदी ब्याज भी देना होगा।

# आगरा व मथुरा में पीपीपी मोड पर विकसित होगा हेलीपोर्ट

**अगले चरण में शुरू होगी अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट सेवाः जयवीर**

समृद्धि न्यूज लखनऊ



प्रदेश में पर्यटन उद्योग के बहुआयामी महत्व को देखते हुए रा'य सरकार द्वारा प्रदेश के पर्यटन सम्भावनाओं से युक्त स्थलों को विकसित किये जाने तथा पर्यटकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आगरा एवं मथुरा में हेलीकाप्टर सेवा संचालन के लिए हेलीपोर्ट को पीपीपी मोड पर विकसित एवं संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। शुभारम्भ शीघ्र किया जायेगा। मंत्रिपरिषद ने 28 जून को इस परियोजना को अनुमोदित कर दिया था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि आगरा एवं मथुरा में हेलीकाप्टर सेवा संचालन के लिए हेलीपोर्ट को पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित करने का प्रस्ताव किया गया था। इस परियोजना के संबंध में रा'य सरकार पर कोई व्ययभार नहीं आयेगा। परियोजना के संचालन एवं विकास के संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन द्वारा 06 जुलाई को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जयवीर सिह ने बताया कि हेलीपोर्ट को पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित किये जाने के लिए कतिपय शर्तों का अनुपालन किया जाना जरूरी होगा। इसके तहत हेलीपोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल पर आने वाले व्यय का भुगतान संबंधित फर्म द्वारा कियाजायेगा। हेलीपोर्ट के अंतर्गत पुलिस थाना चौकी हेतु भूमि की निःशुल्क व्यवस्था संबंधित फर्म द्वारा की जायेगी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि परियोजना को संचालित किये जाने हेतु इसकी सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था पर आने वाली व्यय भी संबंधित फर्म द्वारा वहन किया जायेगा।

चयनित विकासकर्ता द्वारा अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के पूर्व अपफ्रन्ट प्रीमियम की धनराशि 02 करोड़ 0× लाख 84 हजार रूपये जमा करनी होगी। हेलीपोर्ट को प्रथम ×0 वर्षों की अवधि हेतु लीज पर दिया जायेगा। अनुबन्ध को पुनः आगामी ×0 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। रा'य सरकार पर्यटकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर कीसुविधायें सृजित कर रही है ताकि पर्यटकों की संख्या में अधिक से अधिक वृद्धि हो सके। आगरा एवं मथुरा में विश्वप्रसिद्ध अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण सालभर देशी-विदेशी पर्यटकों को आना जाना लगा रहता है।

पर्यटकों की संख्या बढ़ाने एवं मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से हेलीपोर्ट संचालन का निर्णय लिया गया है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में हेलीपोर्ट की बढ़ते महत्व को देखते हुए सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थलों जैसे आगरा एवं मथुरा में हेलीपोर्ट संचालन की पहल की गयी है। अगले चरण में प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट का संचालन आवश्यकता के हिसाब से किया जायेगा। हेलीपोर्ट की सुविधा से देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं को सुखद यात्रा की अनुभूति होगी और सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। कामर्शियल गतिविधियॉ बढ़ेगी जिससे रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे तथा लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन होगा।

# गुरू पूर्णिमा पर उप्र धानुक विकास समिति ने किया पूजन



**पूजन**

**मूर्ति स्थल सुदर्शन वाटिका भोपाल हाउस लालबाग लखनऊ में गुरु पूजन कर हुआ मिष्ठान वितरण**

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

आज प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर धानुक समाज के अराध्य गुरु महषि सुपंच सुदर्शन को उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति ने मूर्ति स्थल सुदर्शन वाटिका भोपाल हाउस लालबाग लखनऊ में गुरु पूजन कर मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोमेश धानुक संरक्षक रामकुमार धानुक, संयोजक सुमेर चौधरी, श्याम किशोर सप्पू, वरिष्ठ महामंत्री श्यामलाल धानुक, महामंत्री चौधरी धीरज धानुक, सनी धानुक उपाध्यक्ष सूरज धानुक, कोषाध्यक्ष सुदेश चौधरी, संयुक्त मंत्री संजय साईं, विशेष सदस्य, सुनील धानुक, शिवनाथ धानुक सरवन धानुक आदि लोग मौजूद रहे।

## राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर कुड़िया घाट पर किया गया वृक्षारोपण




लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति एवं श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में यशस्वी रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह जी के जन्म दिन के अवसर पर चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा एवं अनुराग मिश्रा (पार्षद )के द्वारा चौक स्थित कुड़िया घाट पर वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरांत गुरुद्वारा लाजपत नगर में शब्द कीर्तन के मुख्य ग्रंथि रगनी जसवीर सिंह जी गुरु शरण सिंह द्वारा किया गया। राजनाथ सिंह के जन्म उत्सव मैं उपस्थित जिसमें मुख्य रुप से जय आनंद, पं राजेश शुक्ला,पंड़ ओम शुक्ला, गोपाल नाथ शर्मा, अवधेश शुक्ला,रश्मि आनंद, संतोषी कश्यप,पिंकी जी, मित्रा सिंह,रमेश चंद्र,कपिल चंद्र, जैन रजा,राजेश बत्रा कुलजीत सिंह सोनू शर्मा डीपी,सिंह,संजीव झींगरन,आनंदमिश्रा, राजू टंडन, नीरज कपूर, पुरुषोत्तम जी, चंद्रशेखर शर्मा आदि उपस्थित होकर राजनाथ सिंह जी की दीर्घायु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# जन समस्याओं का किया जाए त्वरित निदानः केशव

**मुलाकात**

**उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी लोगों की फरियाद**

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कालीदास मार्ग स्थित आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण सन्तोषजनक फीड बैक के साथ शिकायतों का निस्तारण करें। जनता दर्शन में जिलों के कई सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्यायें रखी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# एके शर्मा बोले, बारिश में ट्रांसफार्मर और पोल से दूर रहें

**सलाह**

**ऊर्जा मंत्री ने विद्युत उपकरण में करंट आने की शिकायत को तत्काल दूर करने केदिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज लखनऊ

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बारिश में लोगों को बिजली के पोल और तारों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है किअगर कहीं पर झूलते तार या बिजली के बाक्स दिखे तो उससे उचित दूरी बनाकर रहें। जलभराव होने पर वहां जाने से बचें। जानवरों को भी इनसे दूर रखने का प्रयास करें। ऐसे करकेक रंट से होने वाली मौत को रोका जा सकता है। ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को एक बयान जारी किया। जिसमें अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि विद्युत उपकरणों में उतर रहे करंट की सूचना का तत्काल संज्ञान लिया जाए। करंट उतरने के कारणों की विधिवत जांच की जाए। साथ ही इसका समाधान भी किया जाए। ताकि लोगों को ऐसी दुर्घटनाओं से हो रहे नुकसान से बचाया जा सके। लोगों को इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए।

बरसात के दौरान लोग बिजली के तारों और खम्भों को छूते हुए पेड़ों से भी दूरी बनाकर रहें, इस पर भी करंट उतरने की संभावना बनी रहती है। बारिश में हर साल करंट से कई लोगों की मौत होती है। ऐसे में इस बार कोई बड़ी दुर्घटना न हो इसके लिए यह अपील जारी की गई है। लखनऊ और आस- पास के जिलों में ही हर साल करीब 50 से ज्यादा लोग करंट लगने से घायल हो जाते हैं। इसके अलावा बड़ी पैमाने पर खुले मवेशियों की जान भी करंट की वजह से जाती है।

# यूसीसी का विचार ही संविधान विरोधीः मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

**आरोप**

**सरकार और विधि आयोग ने यूसीसी के मसौदे पर लोकतांत्रिक तरीके से सभी से भी मांगे हैं सुझाव**

लखनऊ। समृद्धि न्यूज




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने जहां ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर 'समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे को देखे-समझे बगैर उसका विरोध करने का आरोप लगाया है। वहीं बोर्ड का कहना है कि भारत जैसे बहुसांस्कृतिक और धार्मिक विविधता वाले देश में यूसीसी का विचार ही संविधान-विरोधी है, लिहाजा वह इस संबंध में कोई मसौदा आने का इंतजार किए बगैर ही विरोध कर रहा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि अभी यूसीसी का स्वरूप तय नहीं हुआ है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड उससे पहले ही इसके विरोध में जुट गया है और हर स्तर पर इसके खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है।

अली ने कहा कि यूसीसी का स्वरूप भले तैयार नहीं हुआ है, लेकिन इतना अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के लागू होने से हर धर्म की माताओं और बहनों को ताकत मिलेगी, बहुविवाह पर प्रतिबंध लग सकता है और बेटियों को भी जायदाद में हिस्सा देने का प्रावधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित यूसीसी का विरोध करने वालों को सम्भवतरू इसी बात से परेशानी हो रही है। उन्होंने बोर्ड पर आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि एआईएमपीएलबी यूसीसी के मसौदे को देखे-समझे बगैर ही इसके खिलाफमाहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। यह देशहित में नहीं है। सरकार और विधि आयोग ने यूसीसी के मसौदे पर लोकतांत्रिक तरीके से सभी से सुझाव भी मांगे हैं। यह सुझाव देने का समय है, न कि विरोध करने का। गौरतलब है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यूसीसी के मसौदे के खिलाफ लामबंदी के लिए विपक्षी दलों के नेताओं, दूसरे धार्मिक तथा सांस्कृतिक समुदायों एवं आम मुसलमानों से बातचीत कर रहा है। बोर्ड ने देश की तमाम मस्जिदों के इमामों से अपील की है कि वे जुमे की नमाज से पहले अपने खुतबे (भाषण) में मुसलमानों को पर्सनल लॉ के महत्व के बारे में बताएं और यूसीसी के मसौदे के खिलाफ विधि आयोग को अपनी राय भेजें। अली ने कहा कि यह अ'छा होता कि बोर्ड विरोध करने के बजाय एक बेहतर 'समान नागरिक संहिताश् बनाने में मदद करता। उन्होंने कहा कि बोर्ड के पदाधिकारियों का विपक्षी दलों के साथ बातचीत करना उसकी मंशा पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित यूसीसी का मकसद किसी की धार्मिक आजादी या पूजा पद्धति में दखलअंदाजी करना नहीं है, बल्कि इसके जरिये लोकतंत्र को मजबूत करने की मंशा है। इस बीच, एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने कहा कि 'समान नागरिक संहिताश् का शीर्षक ही अपने आप में विरोध की एक बड़ी वजह है।इलियास ने कहा, भारत में बहुत से धर्मो के मानने वाले लोग रहते हैं और संविधान में सभी की धार्मिक आजादी के संरक्षण की गारंटी दी गई है। ऐसे में प्रस्तावित यूसीसी से किसी न किसी प्रकार हर धर्म और वर्ग के लोगों के हितों पर आघात होगा।

# क्षेत्रवासियों की समस्याओं पर उपमुख्यमंत्री सख्त

**निर्देश**

- शहर को जलभराव, गन्दगी, टूटी सड़कों, जर्जर तारों से मुक्त करने हेतु नगर निगम अधिकारियों को दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने नगर निगम लखनऊ के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लखनऊ वासियो को जलभराव, गन्दगी, टूटी सड़कों, गड्ढों और जर्जर तारों का सामना न करना पड़े, इसके लिए निगम के विकास कार्यों को युद्धस्तर पर निष्पादित किया जाये और शहर के नाले-नालियों की समुचित सफाई करायी जाये जिससे बरसात में जलभराव की समस्या न हो। शहर में कूड़ा उठान और साफ-सफाई नियमित करायी जाय, जिससे लोगों को गन्दगी का सामना न करना पड़े। उपमुख्यमंत्री ने आज अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ वासियों की समस्याओं को लेकर नगर निगम के लखनऊ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर आयुक्त लखनऊ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लोगों को जरूरी सुविधाएं मिले इसके लिए विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर कराएं। उन्होंने कहा कि बरसात में जलभराव, टूटी सड़कों, गड्ढों व स्ट्रीट लाईट की खराबी के चलते लोगों को आने-जाने में परेशानी होती हैं, साथ ही दुर्घटनाओं का शिकार भी होना पड़ता है। इससे जन-धन दोनों का नुकसान होता है।

श्री पाठक ने कहा कि बरसात में जल-जमाव एवं गन्दगी से संक्रामक रोगों व मच्छर जनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, लोगों को इससे बचाने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। जल-जमाव वाले क्षेत्रो, नाले-नालियों में एन्टी लार्वा का छिड़काव एवं रिहायसी इलाको में नियमित फागिंग करायी जाय। जहाँ आवश्यक हो वहां चूना व ब्लीचिंग पावडर का भी प्रयोग किया जाय।

उन्होंने जल निगम के आधिकारियों को निर्देशित किया कि सीवर व वाटर सप्लाई पाइप बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों को तत्काल ठीक करें। सड़कों का मानक के अनुरूप पुनर्निर्माण कराये।

सीवर से संम्बन्धित जो भी कार्य चल रहे हैं शीघ्र पूरा करायें। जल भराव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पम्प लगाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शहर के सभी पम्पिंग स्टेशनों को क्रियाशील रखें। उन्होंने निगम अधिकारियों को जन-प्रतिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा उनके सुझावों पर अमल करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, जन-प्रतिनिधियों के सम्पर्क में रहे और उनसे संवाद स्थापित कर जनता की समस्याओं का तत्काल सामाधान करें। उन्होंने कहा कि बरसात व आंधी-तुफान में पेड़ों के गिरने से भी जन-धन की हानि हो जाती तथा यातायात भी बाधित होता है। ऐसी घटनाओं का तत्काल संज्ञान लिया जाये। श्री पाठक ने बैठक में आये कैन्ट क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों तथा विभिन्न वार्डों के पार्षदों द्वारा उठायी गयी समस्याओं को सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने प्रमुख रूप से बाबूगंज, गीतापल्ली, ओमनगर, कुंजबिहारी वार्ड, गुरुनानक नगर वार्ड, चित्रगुप्त वार्ड, रामजीलाल वार्ड इत्यादि में सीवर कार्य पूर्ण न होने, नालों में गंदा पानी आने, नालियों के टूटे होने आदि की शिकायतों व समस्याओं को सुनकर इन क्षेत्रों में गन्दगी, जलभराव दूर करने के लिए त्वरित प्रभावी कदम उठाने निर्देश दिये।

बैठक में नगर आयुक्त लखनऊ श्री इन्द्रजीत सिंह सहित नगर निगम लखनऊ, जल निगम (नगरीय) के अधिकारी व विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित थे।

# धूमधाम से मना राजनाथ सिंह का 72 वां जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

यूपी ही नही पूरे देश में आज केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह का 72 वां जन्मदिन मनाया गया। साधारण परिवार में जन्मे राजनाथ सिंह ने शिक्षा ही नही देश की सियासत में बड़ा मुकाम हासिल किया है। आज 10 जुलाई को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन है। राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से निकलकर केंद्र की राजनीति तक अपनी पहचान बनाई है। अपनी मेहनत के दम पर देश के गृहमंत्री और रक्षामंत्री तक का सफर किया है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के भभौरा गांव में 10 जुलाई 1951 को राजनाथ सिंह का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम राम बदन सिंह और माता गुजराती देवी था। शुरूआती शिक्षा अपने गांव भभौरा से पूरी की। राजनाथ सिंह 10 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ गए थे। आगे की शिक्षा के लिए गोरखपुर आ गए। गोरखपुर यूनिवर्सिटी से फिजिक्स में मास्टर्स की डिग्री पूरी की। राजनाथ सिंह ने एबीवीपी के छात्र कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक सफर शुरू किया था। पढ़ाई पूरी होने के बाद राजनाथ सिंह मिर्जापुर के केबी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में फिजिक्स के शिक्षक भी रहे हैं। 1969-71 के बीच गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक सचिव पद पर रहे। 1974 में औपचारिक रूप से राजनीति में सक्रिय हो गए। राजनाथ सिंह ने राजनीतिक सफर जनता पार्टी से शुरू किया था। जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी का ऐलान किया गया। इसके विरोध में राजनाथ सिंह को जेल जाना पड़ा था। बकौल राजनाथ सिंह, वे 18 महीने जेल में रहे ।1977 में मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे और जीत हासिल की। 1980 में बीजेपी का दामन थामा।1984 में भाजपा युवा विंग के रा'य अध्यक्ष और 1986 में राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। 1991 में जब उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनीं तो इस दौरान राजनाथ सिंह को शिक्षामंत्री बनाया गया। वह एंटी-कॉपिंग एक्ट लाए थे जो काफी चर्चा में रहा। वह 1994 में रा'यसभा के लिए चुने गये।अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में राजनाथ सिंह को सड़क परिवहन मंत्री की जिम्मेदारी मिली थी। 2000 में वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने लेकिन उनकी सरकार 'यादा समय तक नहीं चली। जिसके बाद अटल सरकार में कृषि मंत्री का पदभार संभाला था। वह दो बार बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। इससे पहले यह उपलब्धि वाजपेयी और आडवाणी के पास थी। 2009 में गाजियाबाद से सांसद चुने गए। 2013 में लखनऊ से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में राजनाथ सिंह गृहमंत्री बने।

## दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने जताया मुख्य न्यायमूर्ति का आभार

**लखनऊ।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष नें कहा कि विगत कोरोना काल में दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को शैक्षणिक योग्यतानुरूप सेवायोजित किये जाने का अनुरोध संघ ने मुख्य न्यायमूर्ति से किया था, जिसपर मुख्य न्यायमूर्ति ने आश्वासन देते हुये कहा था, कर्मचारियों के हर जायज मांग पूरी की जायेगी। इस संबंध में उ'च न्यायालय नें समस्त जिला न्यायाधीश को कर्मचारियों को शैक्षणिक योग्यतानुरूप सेवायोजित किये जाने का आदेश भेजा है। संघ के प्रांतीय महासचिव नरेन्द्र विक्रम सिंह नें एक पत्र के माध्यम से मुख्य न्यायमूर्ति का आभार व्यक्त करते हुये लिखा है कि मुख्य न्यायमूर्ति महोदय ने कर्मचारियों का संरक्षण करते हुये तत्संबंधी आदेश पारित कर दिया है, इस आदेश से पूरे प्रदेश के कर्मचारी हर्षित हैं।

## मानसून सत्र में रोजगार अधिकार कानून के लिए आए विधेयक

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**




15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में बेरोजगारी के सवाल पर संयुक्त युवा मोर्चा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के साथियों की वर्चुअल मीटिंग में चर्चा की गई। पीएम मोदी को ट्वीट कर 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में रोजगार अधिकार कानून के लिए विधेयक पेश करने की मांग की गई। वर्चुअल मीटिंग में संयुक्त युवा मोर्चा के जुड़े आंदोलन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि संविधान के नीति निदेशक तत्व में अनुछेद 9 व 41 में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि नागरिकों को आजीविका की गारंटी सुनिश्चित करना राय का दायित्व होगा। बेकारी समेत सामाजिक सुरक्षा के लिए भी प्रभावी कदम उठाने और संसाधनों का संक्रन्द्रण एवं उसके स्वामित्व व नियंत्रण कतई इस तरह नहीं हो सकता जिससे नागरिकों के हित प्रभावित हों। युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद मिश्रा द्वारा विस्तार पूर्वक 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्देश्य और अप्रैल को तय ऐजेंडा के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से रोजगार अधिकार कानून बनाने, देशभर में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को पारदर्शिता के साथ तत्काल भरने, नियमित नौकरियों में संविदा व आउटसोर्सिंग पर रोक व महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्रों के अंधाधुंध निजीकरण बंद करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

## एफडीए और डब्लूएचओ के अलग-अलग दिशा निर्देश विश्व को पहुंचा रही है हानि

**लखनऊ।** जी20 में विदेश मंत्रियों की बैठक की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि च्वैश्विक शासन विफल हो गया, बहुपक्षवाद संकट में है।ज्ज् विभिन्न बहुपक्षीय संस्था स्थिति को शांत करने में विफल रहे हैं, और वैश्विक शासन की उपलब्धि भी खास नहीं रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर की समस्या को भारत ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370/35ए को निरस्त करके खत्म कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप वहाँ पर निवेश और विकास की शुरुआत हुई। 80 के दशक में भी डब्लूएचओ द्वारा एचआईवी को च्चअमीरों का रोगज्ज् की संज्ञा देने से उन महत्वपूर्ण दवाईयों की अनुमति मिलने में काफी समय बर्बाद हो गया।

# राज्यपाल ने चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ की टीम को दिया प्रशस्ति-पत्र

**तैयारी**

- नैक की तैयारी में योगदान देने वाले विद्यार्थियों के अनुभवों पर पुस्तक बनाकर रिलीज करें : राज्यपाल

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**



प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में नैक मूल्यांकन में उच्चतम ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की नैक टीम को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि नैक मूल्यांकन हेतु की गई तैयारियों ने विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक और उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाया है, रचनात्मकता को बढ़ावा मिला है। इसे निरंतरता से आगे बढ़ाने के लिए मूल्यांकन हेतु आयी नैक की पियर टीम ने जो भी कमियाँ बताई हैं, उन्हें दूर करके आगे का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगे नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग के मूल्यांकन मानकों पर तैयारी करके अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को प्रति पाँच वर्ष पर होने वाले नैक मूल्यांकन हेतु वार्षिक तैयारियों को निरंतरता से जारी रखने का निर्देश भी दिया। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर में गत दो दिन चले शिक्षा मंथन-2023 की चर्चा करते हुए कार्यशाला से प्राप्त अनुभवों का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि नैक के मूल्यांकन मानकों तथा एनआईआरएफ एवं क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मूल्यांकन मानकों की परस्पर समानता और भिन्नता का अध्ययन करके उसी आधार पर प्रतिवेदन डाटा तैयार किया जाए। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को शोध और नवाचारों में भी व्यापक दृष्टिकोण अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतरता से अध्ययन करे कि देश में किन क्षेत्रों में वृहद योजनाएं क्रियान्वित हैं। उसी दिशा में योगदान देने वाले शोध और नवाचार भी विकसित करें। विश्वविद्यालय की नैक टीम के साथ चर्चाओं के मध्य राज्यपाल जी के समक्ष विद्यार्थियों के वृहद योगदान का तथ्य भी आया। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि तैयारी में योगदान देने वाले विद्याथियों के अनुभवों को संग्रहीत कर पुस्तक रिलीज की जाए। बैठक में राज्यपाल जी से टीम के प्रत्येक सदस्य ने नैक मूल्यांकन की तैयारी से जुड़े कार्यगत और व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने बताया कि राज्यपाल जी के निर्देश में केजी टू पीएचडी की नीति पर शैक्षिक उत्थान का कार्य हुआ। टीम वर्क से ये उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के शत्-प्रतिशत् योगदान से उत्कृष्टता का स्तर प्राप्त करना सम्भव हुआ है।

# सावन में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**



सावन के सोमवार को लेकर राजधानी के अलग-अलग मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना को उमड़ी। इस दौरान मंदिरों में बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। 4 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो चुकी है।

अधिक मास होने के कारण इस बार 2 महीने का सावन माह है। इसमें कुल 8 सोमवार पड़ेंगे। आज सावन का पहला सोमवार है। सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना होती है और इसका अपना ही अलग महत्व है। इस समय रूद्राभिषेक करने और सिंगार करके श्रद्धालु भगवान शिव को प्रसन्न करते है। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर 10 जुलाई को लखनऊ में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई है। खास करके मनकामेश्वर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रूद्राभिषेक के साथ पूजा अर्चना कर रहे है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार सावन में भगवान शिव की पूजा करना उनका रूद्राभिषेक करना जातकों के लिए काफी लाभकारी होता है। कुंवारी लड़कियां सावन के सोमवार को लेकर उपवास करती हैं। वहीं सुहागिन महिलाओं को भी सौभाग्य मिलता है। पुरुष श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के लिए कांवड़ लेने भी जाते हैं।

# आईएएस -आईपीएस के हुए तबादला, अनिल ढींगरा बने गोरखपुर के नए कमिश्नर




**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

योगी सरकार ने फिर कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। सीनियर आईएएस अफसर अनिल ढींगरा को गोरखपुर का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। इससे पहले रवि कुमार एनजी गोरखपुर के मंडलायुक्त थे, जिनको सरकार ने कल रविवार को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण का सीईओ बनाया। अनिल ढींगरा को गोरखपुर का मण्डलायुक्त बनाया गया और रवींद्र कुमार सचिव नगर विकास को एमडी जल निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। उदयभान त्रिपाठी विशेष सचिव नगर विकास को विशेष सचिव आबकारी बनाया गया। सत्य प्रकाश पटेल निदेशक दिव्यांगजन को विशेष सचिव नगर विकास बनाया गया। रा'य सरकार ने सोमवार सुबह चार आईएएस अफसरों का तबादला किया और इसके शीघ्र बाद दो आईपीएस अधिकारियों का भी ट्रांसफर करने का ऐलान किया गया। दो जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को बदल दिया गया है। सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार फतेहपुर और एटा जिले के पुलिस अधीक्षकों को बदला गया है। आईपीएस राजेश कुमार सिंह को फतेहपुर से हटाकर एटा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।आईपीएस उदय शंकर सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के पद से हटाकर फतेहपुर जनपद का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# अमीनाबाद के घर में घुसा सीवर का पानी

**जल निगम के एक्सईएन से हुई बात पर नहीं हुआ समाधान, कर्मचारी बोले यह निजी दिक्कत**

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**



नगर निगम और जलकल के लाख दावों के बावजूद भी सीवर और जलभराव की समस्या खत्म नहीं हो रही है। सोमवार को शहर के सबसे पुराने इलाके अमीनाबाद में सीवर का पानी घरों में घुस गया। इसकी वजह से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

यहां रहने वाले स्थानीय निवासी आदिल ने बताया कि यह समस्या पिछले कई महीनों से है वह जल निगम के एक्सईएन से लेकर तमाम कर्मचारियों को फोन कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकलता है। उन्होंने बताया कि कई बार फोन करने पर जो कर्मचारी आते हैं उनका कहना होता है कि यह निजी दिक्कत है। इसका विभागीय काम से कोई लेना देना नहीं। उसके बाद चले जाते हैं। जबकि सीवर का ओवरफ्लो होकर घर के अंदर आ जाता है। बताया कि आसपास के कई घरों में समस्या है इसकी वजह से तमाम बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोग अपना घर छोड़कर बाहर जाने के लिए विवश हो जाएं इससे पहले विभाग को यहां पर स्थाई समाधान करना चाहिए। शहर में सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि उनके वार्ड के 'यादातर इलाकों में नियमित सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं।

इसकी वजह से कई जगह पर कूड़ा पड़ा रहता है। इस्माइल गंज वार्ड द्वितीय के पूर्व पार्षद रूद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वार्ड में जो खाली प्लॉट है। वहीं पर पूरे घर का कूड़ी जमा हो रहा है। नगर निगम की टीम इकोग्रीन को लेकर कोई अस्थाई फैसला नहीं ले पा रही है। इसकी वजह से यह दिक्कत आ रही है। कभी इकोग्रीन के लोग आते हैं कभी नहीं आते हैं। ऐसे में मजबूरी में लोग घरों का कूड़ा खाली प्लाट में डाल कर चले जाते हैं या निजी कूड़ा उठाने वालों को देने के लिए विवश है।सीवर लाइन चोक होने से कई जगह पर सड़क भी समय से पहले खराब हो रही है।

गोखले मार्ग पर पिछले दिनों सड़क धंसने की मुख्य वजह से सीवर लाइन में लीकेज ही था। इसके अलावा कई शहर के कई इलाकों में यह समस्या है। नगर निगम के सीनियर अधिकारी ने बताया कि पानी का पाइप या सीवर लाइन लीकेज होने की वजह से सबसे 'यादा सड़क खराब होती है।

## विशाल मेगा मार्ट में चोरी,मुंह पर कपड़ा बांधकर उड़ाए 20 लाख

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

लखनऊ के विशाल मेगा मार्ट में 20 लाख कैश चुराने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक शख्स मुंह में कपड़ा बांधकर और चश्मा लगाकर मार्ट में अंदर जाता है। अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की डायरेक्शन बदलता है। इसके बाद कैश लेकर फरार हो जाता है। यह घटना कृष्णा नगर स्टोर की है। स्टोर मैनेजर ने स्टाफके एक युवक समेत अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विशाल मेगा मार्ट के एरिया मैनेजर अजय सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे के करीब जानकारी हुई कि आलमबाग रामनगर स्थित स्टोर के कैश रूम (मैनेजर रूम) से करीब 20 लाख रुपए चोरी हो गए। घटना के समय मैनेजर दिलीप कुमार की ड्यूटी थी। मामले की पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 30 जून को मैनेजर के रूम में रखी तिजोरी की चाबी चोरी हो गई थी। वहीं, जिस तरह से चोर बैखोफहोकर स्टोर में आया ।



## जिले में सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हर जगह बोल बम

# न कम हुई भक्तों की कतार, न टूटी जलाभिषेक की धार






बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में गंगाजल, दूध, दही से जलाभिषेक कर बेलपत्र, चावल व पुष्प से भगवान शिव की पूजा की। भगवान शिव की आराधना के लिए सावन के महीना सबसे पवित्र माना जाता है। जिसमें सावन के सोमवार की महत्ता सबसे अधिक है। सावन में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त प्रदेश व प्रदेश के बाहर के शिवालयों की यात्रा कर जलाभिषेक करते रहे हैं। सावन के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने जिले के शिवालयों पर जलाभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, गंगाजल अर्पित किया।

**इमामगंज चौराहे पर कांवड़ियों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन :-** जिले के नानपारा में स्थित इमामगंज चौराहे पर रविवार रात आठ बजे कांवड़ियों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के समझाने पर आधे घंटे बाद धरना समाप्त हो सका।नानपारा कांवरिया संघ कांवड़ यात्रा से पूर्व सड़क के मरम्मत कराए जाने की मांग कर रहा था। लेकिन अधिकारी वर्ग ने कोई ध्यान नहीं दिया। रविवार को कांवड़ यात्रा से पूर्व तहसील के अधिकारियों ने सड़क का मरम्मतीकरण कराया। इसके बाद शाम सात बजे से पहले सड़क की पैचिंग करवाई।

डामर पड़ा होने के चलते सड़क पर कांवड़ यात्रा लेकर निकले लोगों के पैर गर्म पड़ गए। छाले पैर में देख कांवड़िया संघ नाराज हो गए। सभी ने नानपारा में इमामगंज चौराहे पर जाम लगा दिया।

तहसील और जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी ने कहा कि कई दिनों से सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की जा रही है। लेकिन रविवार को कांवड़ यात्रा से पूर्व सड़क का कार्य कराया गया। धरने की जानकारी मिलने पर एसडीएम अजीत परेस, सीओ राहुल पांडेय, कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी ने कांवड़ियों को समझाया। इसके बाद यात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना हुआ।

### सुबह तीन बजे से ही लग गई भक्तों की कतार

बेलपत्र, शमीपत्र, दूर्बा, धूप, भांग-धतूर, फूल-फल अर्पित कर अपने आराध्य की आराधना की और मनोकामना पूर्ति की कामना की। शहर स्थित पांडवकालीन सिद्धनाथ मंदिर में भोर से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। सुबह तीन बजे से ही भक्तों की कतार लग गई। जिसका सिलसिला जारी है। सुरक्षा व्यवस्था में महिला व पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहे।

### एसपी ने जंगली नाथ बाबा मंदिर का किया भ्रमण

रविवार देर रात को पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कांवड़ पूजा के दृष्टिगत थाना कोतवाली नानपारा के जंगली नाथ बाबा मंदिर का भ्रमण किया। एवं कांवड़ पूजा से संबंधित सभी श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तथा सभी अधिकारी व कर्मचारियों को इस पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बुढ़वा बाबा में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर लगाए हर हर महादेव के नारे

सावन का महीना पवन माना जाता है और यह महीना शिव भक्ति के लिए विशेष महत्व रखता है। तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर धोबिया हार में स्थित प्राचीन बूढ़ेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। शिवभक्त रविवार देर रात से ही मंदिर में पहुंचकर रात 12 बजे के बाद से जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। सोमवार को पूरे दिन लाइन में लगकर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। जलाभिषेक में जल दूध बेलपत्र धतूरा भांग आदि चढ़कर शिव भक्त भोलेनाथ को प्रशन्न करते हैं।मान्यता है कि यहां पर जलाभिषेक करने पर मनचाहा फल मिलता है । शिव मंदिर पर प्रत्येक सोमवार तथा अमावस्या के दिन मेले जैसा दृश्य रहता है। हजारों की संख्या में लोग अपनी आस्था लेकर यहां आते हैं और मनचाहा फल लेकर जाते हैं।बुढ़वा बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए बहराइच श्रावस्ती गोंडा बलरामपुर लखीमपुर सीतापुर सहित पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालु आते हैं। सावन के पहले सोमवार पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया । वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थाना खैरीघाट की पुलिस मौजूद रही।

### धूमधाम से निकली कलश कलश यात्रा, गायघाट में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ

थाना मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर स्थित गायघाट में बाबा मोहनगिरी दास मंदिर पर नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन सोमवार को कलश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। कथा जो 10 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 जुलाई को हवन पूजन भंडारे के साथ संपन्न होगी। कथावाचक योगेश्वरानंद जी महाराज मथुरा वृंदावन श्री शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे । नवयुवक कांवरिया संघ गायघाट द्वारा शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्री श्री 108 श्री मोहनगिरी दास बाबा मंदिर गायघाट से सरयू तट भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में महिलाओं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में नवयुवक कांवरिया संघ ,विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, गणेश पूजा समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया । जिसमें नवयुवक कांवरिया संघ के संरक्षक प्रेम नाथ तिवारी ,अध्यक्ष मुकेश वर्मा, उपाध्यक्ष अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक पोरवाल तथा विश्व हिंदू परिषद विभाग उपाध्यक्ष तथा बलहा प्रखंड पालक संदीप सिंह ,प्रखंड अध्यक्ष मदन सोनी, प्रखंड मंत्री राजेंद्र कुमार ,संयोजक बजरंग दल अंकित बजरंगी, प्रखंड मठ मंदिर प्रमुख राजकुमार रावत ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अमित कुमार,उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना मोतीपुर पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# कलश यात्रा उपरांत चार दिवसीय कार्यक्रम शुरू

गोडा, समृद्धि न्यूज।



रानी बाजार स्थित श्री मारुति नंदन महादेव मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम आज कलश यात्रा से शुरू हुआ।जो कलश यात्रा

**यात्रा में झूमे श्रद्धालु**

सुबह ददुआ बाजार स्थित छोटी मारवाड़ शिवाला मंदिर से निकल कर अग्रसेन चौराहा होते हुए रानी बाजार आयोजन स्थल तक पहुंची। जिसमें महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। कलशयात्रा से पूर्व शिवाला मंदिर में बनारस से आये पंडित अरविंद जी महाराज द्वारा मुख्य यजमान सरस्वती - राजेश अग्रवाल, माला -सुधीर कसौधन,सरोज - श्याम सुंदर नेवटिया द्वारा कलश का पूजन कराया गया। पूजन में मुख्य यजमान द्वारा कलश में जल, अक्षत, फूल और आम का पल्ले से संकल्प करा कर कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में श्रद्धालु खूब झूमें। आज मंगलवार 11 जुलाई को सुबह 9:00 बजे से अन्न दिवस एवं पंचांग पूजन का कार्यक्रम होगा। कलश यात्रा के दौरान राजा बाबू कसौधन,नीरज तलरेजा, भाजपा नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, विजय सोनी, शिवकुमार, भोला पटवा, राघव राम जायसवाल, राज कुमार कसौधन , रिशु अग्रवाल, अशोक कसौधन, सारिका कसौधन, नीलम जैन, आरती कसौधन, शैलेश गुप्ता, बेबी गुप्ता,रे नू नेवटिया, नीतू गर्ग, आकांक्षा कसौधन, संगीता कसौधन,नीलम गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के लिए 20 तक करें आवेदन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जिला समाज कल्याण अधिकारी *राजेश चौधरी* ने बताया कि सर्व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी/ यूपीपीएससी, एसएससी, नीट, जेईई, एनडीए / सीडीएस, सीयूईटी, यूपीएसएसएससी आदि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साहित छात्र-छात्राओं को साक्षात् प्रशिक्षण / ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु निःशुल्क कोचिंग समाज कल्याण विभाग द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क कोचिंग योजना में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राएं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, गोण्डा में आगामी 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। छात्र संख्या अधिक होने की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा प्रवेश परीक्षा / स्क्रीनिंग परीक्षा कराई जाएगी।

### सेवा भारती ने अनाथ बच्चों में बांटी वस्तुएं

**बच्चे बोले अंकल फिर कब आओगे**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सेवा भारती गोंडा द्वारा अनाथ बच्चों को खाद्य एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक ने बताया कि पोर्टर गंज स्थित बालगृह शिशु में आवासित व पोषित अनाथ लावारिस परित्यक्त बेसहारा श्रेणी के शिशुओं को 11 किलो आम, चार डिब्बा लेक्टोजन दूध, 48 लॉलीपॉप, एक डिब्बा चॉकलेट, 50 पेंसिल, रबर, कलरबॉक्स आदि का वितरण किया गया। डॉ पाठक ने बताया कि बच्चे हम सभी को देखकर बहुत खुश और उत्साहित थे। उनमें गीत व कविता सुनाने की होड़ मच गई थी। इस मौके पर सेवा भारती के प्रवीण सिंह, सौरभ प्रजापति, संस्था के चीफ कोआर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। चलते समय बच्चों का यह वाक्य दिल को छू गया कि अंकल फिर आइएगा।

## खबरें एक नजर में

### मुख्य नियंता बने राज बहादुर सिंह बघेल



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के मुख्य नियंता प्रो राज बहादुर सिंह बघेल सत्र 2023/24 के लिए बनाए गए ।युक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार पांडेय व मीडिया प्रभारी प्रो शिवशरण शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया की निवर्तमान मुख्य नियंता प्रो श्याम बहादुर सिंह द्वारा निजी कारणों से त्याग पत्र दिए जाने के फलस्वरूप यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रो बघेल को दिया गया है। इस अवसर पर प्रो अतुल कुमार सिंह,प्रो दीनानाथ तिवारी, डॉ परवेज आलम, अरुण कुमार वर्मा,आदि प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने प्रो बघेल को बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

### पीड़ित महिला व देवर को थाने खींच ले गया दीवान, जबरन कराई सुलह

- थाना कटरा बाजार की मित्र पुलिस का हैरत अंगेज कारनामा, हो रही फजीहत

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के कटरा बाजार थाने की मित्र पुलिस का हैरत अंगेज निंदनीय कारनामा सामने आया है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव के रहने वाले देवर भाभी को दीवान मृत्युंजय द्वारा जबरन खींचकर कटरा बाजार थाने ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें महिला अपने देवर का हाथ खींचकर उसे थाने नहीं ले जाने की दीवान से फरियाद कर रही है। महिला ने दीवान पर देवर संग जबरन खींचकर थाने ले जाकर उसके मामले में जबरन सुलह कराने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसका पति आंध्र प्रदेश में रहता है। बीते पांच जुलाई की रात वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ सो रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति शराब के नशे में उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा,जब उसने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी ने उसे लाठी से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसकी सूचना उसने स्थानीय थाने पर दी मगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। बाद में उसने सीओ कर्नलगंज नवीना शुक्ला से मिलकर गुहार लगाई। सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उसे दोबारा थाने भेज दिया। मामले में महिला का आरोप है कि पुलिस उक्त मामले में उसकी एफआईआर दर्ज करने के बजाय शनिवार को थाना दिवस में सुलह समझौता कराने का प्रयास करने लगी,जिससे वह सहमत नहीं हुई और अपने देवर रामकुमार के साथ थाने से बाहर आ गई। आरोप है कि तब थाने के दीवान मृत्युंजय ने रामकुमार के साथ ही उसे भी खींचकर थाने के अंदर ले जाकर जबरन सुलह करा दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच भूमि विवाद था जिसमें दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह करा दी गई। जबरन सुलह कराने का आरोप निराधार है। वहीं क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला से उनके सीयूजी नंबर पर जानकारी करने हेतु संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### 50 किलो चरस के साथ पुलिस ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रूपईडीहा थाने की पुलिस ने बॉर्डर पर एक तस्कर को 50 किलो चरस के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद चरस, नकदी और वाहन को सीज कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रूपये है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय की टीम ने सीमा पर जांच के लिए टीम गठित की। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक प्रजापति, विजय शंकर सिंह, लक्ष्मण गौड़, अजय यादव की टीम भारत नेपाल सीमा पर आने जाने वालों की जांच कर रही थी।नेपाल की ओर से भारत में क्विड वाहन से एक व्यक्ति आता दिखा। उसकी तलाशी ली गई तो वाहन में पालस्टिक के बोरे में चरस की खेप बरामद हुई। जिस पर वाहन चालक को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बोरी से 50 किलो चरस बरामद हुआ है। जबकि 2.98 लाख रूपये नकदी बरामद हुई है। जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि तस्कर उत्तराखंड के देहरादून जनपद के थाना क्लेमनटाउन के कस्बा निवासी दीपक कुमार राई पुत्र चंद्रमनी राई के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार करोड़ों रूपये है।

# बाढ़ से बचाव के लिए जिला प्रशासन अलर्ट, तैयारियां पूरी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मौसम की खराबी के दृष्टिगत जनपद में बाढ़ से निपटने हेतु तैयारी कर ली गई है जनपद में बाढ़ से निपटने हेतु 27 बाढ़ चौकी और यह इस बार शरणालय का चिन्हीकरण किया गया है जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कर ली गई है संबंधित विभाग को बाढ़ से निपटने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं बाढ़ राहत सामग्री किट का टेंडर कर लिया गया है बाढ़ क्षेत्र में आवागमन हेतु स्थानीय स्तर पर 334 नाव तथा पंचायती राज विभाग के द्वारा 86 नाव का क्रय किया जाने हेतु निर्देशित किया गया है कंट्रोल रूम क्रियाशील है जिस पर 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है बाढ़ से निपटने हेतु ग्राम प्रधान के साथ बैठक कर लिया गया है पशुओं हेतु चारा का टेंडर किया गया पूर्व चेतावनी हेतु मौसम विभाग के द्वारा प्राप्त सूचना को सोशल मीडिया ग्रुप व अन्य संसाधन के माध्यम से जनमानस में पहुंचाया जा रहा है सामाजिक संगठन व अन्य संगठन के साथ समन्यक स्थापित किया गया है 24 मेडिकल टीम का लगाई गई है पंचायत विभाग के द्वारा टीमें गठित की गई हैं पशुओं का टीकाकरण कराया जा रहा है जनपद के माननीय जनप्रतिनिधि महोदय के के साथ बाढ़ से पूर्व तैयारी हेतु बैठक कर लिया गया है गोताखोर का चिन्हीकरण किया गया है प्रत्येक ग्राम में 5-5 वालंटियर बनाए गए हैं बाढ़ से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें के बारे में जनपद स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया है तहसील स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया है तथा ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिससे लोगों को बाढ़ में बचाव हेतु सहायता मिल सके।

बाढ़ से बचाव हेतु जिला प्रशासन पूर्ण रूप से अलर्ट तथा समस्त उप जिला अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में तटबंध का निरीक्षण कर ले प्रतिदिन बाढ़ की समीक्षा हेतु संबंधित विभाग के साथ चर्चा करें।

# एसडीएम बनकर अपने गांव पहुंचे केशरीनंदन का हुआ स्वागत



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

प्रोन्नत पाकर एसडीएम बनकर गांव पहुंचे केशरीनंदन तिवारी का जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। पृथ्वीनाथ कीनूबरा के केशरीनंदन तिवारी तहसीलदार थे। प्रोन्नत पाकर वह बस्ती के एसडीएम बनाए गए हैं। रविवार को जिले में आने पर बहराइच रोड पर आजादनगर कॉलोनी में मुकेश शुक्ला की अगुवाई में उनका भव्य स्वागत किया गया। साथ ही स्मृतिचिंह भी प्रदान किया गया। इस मौके पर हाल ही में पीसीएस 2022 में चयनित व सीतापुर में नायब तहसीलदार नयनपुरवा के विवेक पांडेय को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर ननके शुक्ला, योगेश शुक्ला, भोले तिवारी आदि मौजूद थे।

# 03 संविलियन विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता से रूबरू हुई : डीएम

- संविलियन विद्यालय गोदनी बसाही में डीएम बनी शिक्षक, बच्चों को पढ़ाई अंग्रेजी
- पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द मिलने पर जताई नाराज़गी
- मैन्यू के अनुसार एमडीएम व फल परोसने के दिये निर्देश
- प्लान चार्ट के अनुसार बच्चों को पढ़ाने के दिए निर्देश




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षा की गुणवत्ता, अध्यापकों एंव छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मीड-डे-मील की गुणवत्ता इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत संविलियन विद्यालय सलारपुर, समसा तरहर व गोदनी बसाही का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालयों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा पंचायत भवन का भी जायज़ा लिया। समसा तरहर विद्यालय परिसर में स्थापित पंचायत भवन खुला हुआ पाया गया। यहां पर पंचायत सहायक भी मौजूद मिला।

### सभी बच्चों ने जताई पुलिस बनने की इच्छा

समसा तरहर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 04 की छात्रा रागिनी से पुस्तक पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। डीएम ने जब कक्ष 03 व 04 के छात्र-छात्राओं से पूछा कि आप लोग भविष्य में क्या बनना चाहते हैं तो लगभग सभी बच्चों ने पुलिस बनने की इच्छा जताई।

### तीनों विद्यालयों में बंद मिला आंगनबाड़ी केंद्र

जबकि तीनों विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र तथा सलारपुर व गोदनी बसाही में स्थापित पंचायत भवन भी बन्द पाये गये। निरीक्षण के दौरान बन्द पाये गये आंगनबाड़ी केन्द्रों व पंचायत भवनो का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, सचिव, एडीओ पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को मंगलवार पूर्वान्ह 09:30 बजे कलेक्ट्रेट तलब किया गया है।

### सलारपुर में नहीं था मैन्यू के तहत भोजन

सर्वप्रथम संविलियन विद्यालय सलारपुर पहुंचने पर पाया गया कि कक्षा 08 में टीचर द्वारा विज्ञान विषय पढ़ाया जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम ने छात्र सनी से पुस्तक को पढ़वाकर देखा। मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछने पर छात्र-छात्राओं द्वारा बताया गया कि रोटी और आलू परवल की सब्जी परोसी गई है। जबकि मीनू के अनुसार सोमवार को बच्चों को रोटी, सब्ज़ी जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी तथा ताज़ा मौसमी फल परोसा जाना था। डीएम ने निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मैन्यू के अनुसार भोजन तथा फल का वितरण कराया जाये।

### समसा तरहर व गोदनी बसाही में मैन्यू के तहत था भोजन

डीएम ने बच्चों से चिकित्सकीय परीक्षण तथा आयरन तथा अल्बेण्डाज़ॉल टेबलेट के सेवन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। सलारपुर के निरीक्षण के पश्चात डीएम ने समसा तरहर व गोदनी बसाही विद्यालयों का भी निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता तथा मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की। दोनों विद्यालयों में बच्चों को मैन्यू के अनुसार भोजन परोसा गया था।

### डीएम ने यथाशीघ्र भुगतान कराए जाने का दिया निर्देश

डीएम ने दोनों विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान आर.बी.एस.के. टीम के भ्रमण, एमडीएम के भुगतान तथा यूनीफार्म की धनराशि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। टीचर्स बताया गया कि एमडीएम का माह फरवरी के बाद से भुगतान नहीं हुआ है तथा छात्र-छात्राओं के खाते में यूनीफार्म का पैसा नहीं आया। इस सम्बन्ध में डीएम ने मौके से ही बीएसए से जानकारी प्राप्त कर यथाशीघ्र भुगतान कराए जाने का निर्देश दिया। गोदनी बसाही में डीएम ने शिक्षक बन कर बच्चों को अंग्रेज़ी विषय भी पढ़ाया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं के सापेक्ष अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देश दिया कि प्लान चार्ट बनाकर बच्चों को पढ़ाया जाय तथा शिक्षा के साथ स्पोर्ट्स तथा अन्य सोशल एक्टिविटी के लिए भी बच्चों को प्रेरित करें। डीएम ने कहा कि शिक्षक होने का मतलब मात्र शिक्षा देना नहीं बल्कि बच्चों को ऐसे संस्कार भी दें कि वह जिम्मेदार नागरिक बनकर देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

# कतर्नियाघाट में गुजरात निवासी तस्कर गिरफ्तार, साथी हुए फरार

- डीएफओ की अगुवाई में टीम ने घेरकर पकड़ा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में रविवार को जंगल में गश्त के दौरान डीएफओ की अगुवाई में टीम ने गुजरात निवासी तस्कर को पकड़ा है। वह जंगल में तस्करी के लिए रेकी कर रहा था। टीम ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। फरार अन्य साथियों की तलाश के लिए वाहन के साथ जंगल में वन विभाग की टीम जांच कर रही है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में बाघ और तेंदुए के सुरक्षा के लिए रेड अलर्ट जारी है। रेड अलर्ट के चलते वन कर्मी एसटीपीएफ और एसएसबी जवानों के साथ जंगल में गश्त कर रहे हैं।

प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार और टीम के अन्य सदस्यों के साथ गस्त कर रहे थे। गश्त के दौरान एक संदिग्ध वन विभाग की टीम को देखकर भागने लगा। इस पर टीम ने उसे घेरकर पकड़ा।डीएफओ ने बताया कि उसकी पहचान मयूरबाई पुत्र बच्चू बाई निवासी वनगढ़ थाना सागर जनपद सावरकांठा गुजरात के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया गया है। रेंजर की तहरीर पर उसके विरुद्ध रेंज केस दर्ज किया गया है। डीएफओ ने बताया कि उसके अन्य साथी फरार हो गए हैं। उनकी तलाश में एसटीपीएफ और एसएसबी के जवान लगे हैं। उन्होंने बताया कि फरार साथियों की तलाश तेज कर दी गई है।

### वेष बदलकर कर रहा था रेकी

डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति तस्कर है। वह जंगल में वेश बदलकर रेकी कर रहा था। उन्होंने कहा बताया कि उसके अन्य साथियों को पकड़ने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है किस कार्य के लिए गुजरात से यहां आए थे।

### वाहनों में शुरू हुई जांच

प्रभागीय वन अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर के अन्य साथी फरार हैं उन्हें पकड़ने के लिए जंगल मार्ग के गुजरने वाले रोडवेज बस, प्राइवेट बस और अन्य वाहनों में सघन जांच की जा रही है। बसों को रुकवा कर उसमें सवारियों की तलाशी ली जा रही है।

### धर्मांतरण मामले में पुलिस ने 22 के खिलाफ दर्ज किया केस, 11 को भेजा जेल

**बहराइच समृद्धि न्यूज** जिले के सिद्धनपुरवा गांव में धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने 22 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इनमें 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि महिलाओं को मौके पर जमानत दे दी गई है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवा के मजरा सिद्धनपुरवा गांव में एक ग्रामीण ने घर पर चर्च जैसा भवन बनाया है। यहां पर प्रार्थना सभा के नाम पर बहुसंख्यक समाज का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगा है। बजरंग दल के विभाग संयोजक दीपक श्रीवास्तव की अगुवाई में शनिवार को मौके पर पहुंच कर पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सूचना पाकर कोतवाली की पुलिस भी पहुंच गई। ईसाई धर्म के प्रति लोगों को बरगलाने का आरोप लगाया। विरोध करने पर सभी ने पुलिस और बजरंग दल के सदस्यों से हंगामा कर दिया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कई लोगों को हिरासत में ले लिया था। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि बजरंग दल के प्रभारी की तहरीर पर 22 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाल ने बताया कि 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि महिलाओं को एसडीएम कोर्ट से जमानत मिल गयी उन्होंने बताया कि सभी के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# महिला ने दिया एक साथ तीन बच्चों को जन्म

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रेहुआ मंसूर गांव निवासी एक महिला ने जिला अस्पताल में एक बेटी और दो बेटे को एकसाथ जन्म दिया है। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। इससे पहले भी महिला ने एक साथ दो बच्चों को जन्म दिया था। महिला का अब बड़ा परिवार हो गया है। तहसील महसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर की रहने वाली 27 वर्षीय रूपा देवी पत्नी विजय कुमार वर्मा ने एक साथ 3 बच्चों को जन्म दिया है। रूपा देवी के पति विजय कुमार ने बताया कि पत्नी दोपहर में प्रसव पीड़ा शुरू हुई। जिस पर एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में शाम चार बजे दो पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ है। रूपा देवी ने इससे पहले के बच्चों का जिक्र भी किया। कहा कि मेरा एक पुत्र 7 वर्ष का है और दूसरा 6 वर्ष का है, तीसरी बार में एक साथ एक पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ था। पुत्र के अस्वस्थ होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। जबकि पुत्री तीन वर्ष की है। अब जिला चिकित्सालय बहराइच में दो पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ है। जो सामान्य स्थिति में जन्म हुआ है और पूरी तरह तीनों बच्चे और हम स्वस्थ हैं। कुदरत के इस करिश्में को देखकर लोग हैरत में पड़ गए।

# शिव मंदिरों पर शिव भक्तों की उमड़ी भीड़

- हर तरफ हर-हर बम-बम की गूंज
- गूंज रहे हर-हर महादेव के जयकारे, सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में सावन के पहले सोमवार पर आज शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। सावन को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिरों में दूरदराज से लोग पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया

सावन के पहले सोमवार को शिवालय व मंदिर बम बम भोले के जयकारे से गूंजते रहे। क्षेत्र के शिवालयों में जुटे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन करने के साथ दूध, गंगाजल व जल से अभिषेक कर अपनी मनोकामना की पूर्ति का आशीर्वाद मांगा।

ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक व दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर जलाभिषेक किया और घर परिवार में सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

देर शाम तक यहां दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता जुटा रहा। मंदिर के प्रधान पुजारी पं. झिलमिलजी महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक की व्यवस्था की गयी। कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर के शिवालय में श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक किया गया।

### सुबह से ही दिखने लगी थी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

विभिन्न घाटों से जल लेकर आये श्रद्धालुओं की लंबी कतार सुबह से ही दिखने लगी। जैसे-जैसे दिन रहा है भक्तों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पंक्तिबद्ध भक्त हर-हर महादेव का जयकारा लगाते नाचते-गाते हुए मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ का दर्शन किए। जिले के बाल्हेश्वर, सिहोलेश्वर, जगमोहनेश्वर, भवरेश्वर समेत प्रमुख प्रसिद्ध शिव मंदिरों में कांवरियों की सुविधा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इलाके में जाम न लगे इसके लिए पहले ही ट्रैफिक प्लान बना लिए गए थे। महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों में भी शिव की भक्ति देखने को बन रही है। सुबह से ही मंदिर में युवा शिवलिंग पर दूध और जल से अभिषेक करने पहुंचे।

### मासो का सिरमौर है श्रावण मास

**महराजगंज।** सनातन धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है श्रवण नक्षत्र में पड़ने वाली पूर्णिमा से शुरू होने वाला यह मास भगवान शिव को अति प्रिय है क्योंकि इसी मास में घोर तप के बाद निराकार शिव साकार स्वरूप धारण कर प्रथम बार ससुराल राजा हिमांचल के यहां पहुंचे जहां उनका स्वागत अर्घ्य एवं जलाभिषेक से हुआ। यह भी कहा जाता है कि सनत्कुमार ने श्रावण मास में भगवान शिव का घोर तप कर सिद्धि प्राप्त की थी। जिससे यह मास भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के लिए जाना जाता है इस मास में सभी आश्रमों के लोग शिव आराधना कर भोलेनाथ की विशेष अनुकंपा प्राप्त कर सकते हैं। एक कथा यह भी है कि समुद्र मंथन के बाद देवताओं के आग्रह को मानते हुए भगवान शिव ने कालकूट नामक विष को ग्रहण किया था जिसके प्रभाव से उनका कंठ नीला पड़ गया और अधिक ताप को पैदा करने लगा तब देवताओं ने जलाभिषेक कर शिव को शांत किया था वह मास भी श्रावण मास था। इस मास में प्रत्येक सनातनी को शिव आराधना अवश्य करनी चाहिए क्योंकि भगवान विष्णु के सयन में जाने से इन चार महीने भगवान भोलेनाथ सृष्टि का पालन करते हैं। ऐसे में उनकी आराधना कर हम सभी प्रकार के पुण्य के भागी बन सकते हैं कहा गया है कि भावी मेटि सकै त्रिपुरारी। भगवान शिव को पंच पुष्प विशेष प्रिय है,मंदार,शमी,कनेर,धतूर, अपराजिता इन्हें अर्पित कर अनुकंपा प्राप्त कर सकते हैं इसी मास में शिव के अतिप्रिय नागों की भी पूजा एवं आराधना का विधान नागपंचमी को है वहीं भाईयों के दीर्घायु की कामना के लिए रक्षाबंधन का विशेष पर्व भी श्रावण मास में मनाया जाता है। यह वर्ष भोले के भक्तों के लिए बहुत ही लाभदायक है क्योंकि श्रावण मास के साथ ही अधिक मास भी है जिससे दो महीने और आठ सोमवार भक्ति के लिए उपलब्ध हैं सभी शिव भक्त इस अवसर का लाभ ले और अपना जीवन धन्य बनाएं।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आठ लोग जख्मी



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों हुए ज़ख्मी, 3 जिला अस्पताल रेफर पूरा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे लाल चंदू अंबारा पश्चिम का है जहां पर देर शाम मवेशी चरा रहे 6 लोग अकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और वही धान की रूपाई करके वापिस घर जा रही एक महिला और एक युवती भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईद्य जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई द्य गांव में सन्नाटा पसर गया बताया जा रहा है कि शाम करीब 7:00 बजे बिजली कड़कने से पास में बने खेत में बिजली गिर जाने के कारण उसकी चपेट में आठ लोग आ गए और बुरी तरह जख्मी हो गए घायलों में से 6 बच्चे और एक महिला व एक युवती शामिल है द्य वहां मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज सीएचसी पहुंचाया जहां पर उन सभी घायलों का इलाज किया गया वही तीन की हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेलर्स का खुला नया स्टोर, राज्यमंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**रायबरेली, समृद्धि न्यजू।** 1940 से आभूषण उद्योग के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम, ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने रायबरेली में अपने नए स्टोर का भव्य शुभारम्भ किया। होटल ओम क्लार्क इन, ग्राउंड फ्लोर, सिविल लाइंस रोड पर स्थित इस स्टोर का शुभारंभ किया गया। ये स्टोर आधिकारिक तौर पर सोमवार से ग्राहकों के लिए खोल दिया गया। स्टोर का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)- कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह के कर कमलों के द्वारा किया गया। कंपनी की तरफ से बताया गया कि शीघ्र ही अयोध्या में भी ऐश्प्रा के नए फ्रेंचाइजी स्टोर का शुभारंभ किया जाएगा। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रायबरेलीवासियों को अब लखनऊ वह अन्य महानगरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि उनकी मनपसंद के आभूषण इस स्टोर पर उपलब्ध रहेंगे। रायबरेली जनपद वासियों के लिए व्यापारिक दृष्टिकोण से यह स्टोर काफी मददगार साबित होगा। वहीं सरकार ने भी ऐसा माहौल बना रखा है जिसमें कोई भी छोटा से छोटा या बड़ा से बड़ा व्यक्ति अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकता है। इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए, ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स सोने के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट और हीरे के मूल्य पर 20न्न की छूट दे रहा है। इसके अलावा, एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारक नियम और शर्तों के अधीन अपनी खरीदारी पर अतिरिक्त 5न्न कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। कैशबैक का लाभ उठाने के लिए खरीदारी की न्यूनतम राशि रु. 30,000 है और प्रति क्रेडिट कार्ड खाते पर अधिकतम कैशबैक रु. 2,000 उपलब्ध है।

### आवारा मवेशी से टकराकर बाइक सवार अधेड़ समेत युवक घायल

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आवारा मवेशी से टकराकर बाइक सवार अधेड़ समेत युवक घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर रात अपने खेतों से कार्य कर वापस घर लौट रहे अभय कुमार पुत्र भागीरथ उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी झमई खेड़ा मजरे गूढ़ा अपने बाइक से भवानीगढ़ निवासी सुरेश सिंह पुत्र स्व. शिव वरदान सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष को उनके घर छोड़ने जा रहा था तभी बांदा बहराइच हाईवे पर भवानीगढ़ गांव के पास ही उनकी बाइक आवारा मवेशी से टकरा गई जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल हुए दोनों लोगों को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पति ने पत्नी की धारदार हथियार से की हत्या

- मृतका को महाराष्ट्र से प्रेम विवाह कर लाया था हत्यारोपी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक युवक ने अपनी ही पत्नी की गर्दन पर बीती देररात धारदार हथियार से वार कर दिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। आरोपी पति को रात में ही हिरासत में ले लिया गया। घटना की जानकारी पर जांच पड़ताल करने पहुंचे एएसपी ने बताया कि मृतका महाराष्ट्र के नागपुर की रहने वाली थी। उसके मायके वालों को सूचना दे दी गयी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदर कोतवाली मोहल्ला ईदगाह पत्थर कॉलोनी निवासी फुरकान उर्फशीबू (36) पुत्र इशरत अली का अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन (34) से बीतीरात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान आवेश में आकर शीबू ने शाइस्ता की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े तो शाइस्ता को लहूलुहान हालत में देखकर दंग रह गए। पड़ोसियों के जरिए सूचना मिलते ही सदर कोतवाल अश्वनी मिश्रा, किला चौकी इंचार्ज प्रदीप यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। महिला को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर एएसपी शशि शेखर सिंह, सीओ सिटी आशुतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और मोहल्ले के लोगों से घटना के बाबत जानकारी ली। एएसपी ने कहा कि हत्या के प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मृतका का मायका महाराष्ट्र के नागपुर में है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है। आरोपी शीबू अपने पिता के आतिशबाजी के काम में अन्य भाईयों के साथ हांथ बटाता था। शीबू महाराष्ट्र के नागपुर स्थित दरगाह जाता था। वहीं पर वहां के निवासी बाबू भाई की बेटी शाइस्ता से उसे प्यार हुआ। चार साल पहले दोनों शादी कर ली थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से शीबू अपनी पत्नी के साथ अलग रहता था। इस घटना ने शाइस्ता के दो बच्चों 2 वर्षीय ईशा व चार माह के बेटे अरमान से मां का आंचल छीन लिया। मां की मौत के आरोपी में पिता का जेल जाना तय है। ऐसे में बच्चों के भविष्य पर संकट के बादल छा गए हैं।

# जिला सहकारी बैंक की बैठक सम्पन्न

- बैठक में बैंक की ऋण वितरण, वसूली एवं निक्षेप तथा बैंक की सन्तुलन पत्र हूई चर्चा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली की अध्यक्षता में बैंक प्रबन्ध समिति की प्रथम बैठक आहूत की गई, जिसमें माननीय संचालकगण का अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात प्रबन्ध समिति की बैठक पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार प्रारम्भ की गई। बैठक में बैंक की ऋण वितरण, वसूली एवं निक्षेप तथा वर्ष 2023 की बैंक की सन्तुलन पत्र पर विस्तृत चर्चा की गई तथा बैंक में कम्प्यूटराइजेशन के लिए आवश्यक तकनीक एवं साफ्टवेयर के अपडेशन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैंक भवन के मरम्मत के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया। बैंक द्वारा ग्राहकों को दिये जा रहे विभिन्न ऋणों में आवश्यक परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया है। यथा पंडित दीनदयाल उ0सह0 रोजगार योजना में 10.50 प्रतिशत से घटाकर 09 प्रतिशत, वाहन ऋण 10 प्रतिशत के स्थान पर 09 प्रतिशत, ट्रेडर्स ऋण 11 प्रतिशत के स्थान 8ॅ90 प्रतिशित तथा गृह निर्माण ऋण 10.50 प्रतिशत के स्थान पर 8.50 प्रतिशत किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के समापन पर बैंक सचिव प्रवीन कुमार द्वारा सभापति एवं संचालकगण को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# लकड़ी के पुल से मिलेगी निजात, योगी सरकार में मिली सौगात : अदिति सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जनपद रायबरेली की सदर विधायक अदिति सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब से उ0प्र0 में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में विकास की बयार बह चली है। श्रीमती सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार विकास के लिए कटिबद्ध है।

अदिति सिंह ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड राही अन्तर्गत ग्राम रामपुर बघैल में महराजगंज ड्रेन पर पुल न होने से क्षेत्र की हजारों लोगों को डिघिया, नहर कोठी एवं फुरसतगंज आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके लिए लगभग 10 कि0मी0 लम्बा रास्ता तय करना पड़ता है। काफी प्रयासों के बाद मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आर्शीवाद से उक्त स्थल पर रू0 568 लाख से नया पुल स्वीकृत हुआ है, जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

बताते चलें कि सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत उक्त मार्ग पर लकड़ी के पुल से ही आवागमन हो रहा है, बारिश के दिनों में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी जान हथेली पर लेकर आवागमन करते हैं। विशेषतः स्कूली छात्र- छात्राओं को स्कूल आने - जाने में काफी समस्याएं बनी रहती हैं।

उक्त पुल के निर्माण से दो विकास खण्ड अमावां व राही के क्षेत्रीय लोगों को आने-जाने में सहूलियत हो जायेगी।

# बॉलीवुड अभिनेत्री अप्सरा रानी ने पूजा को पहनाया मिस रायबरेली का ताज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




फैशन, मॉडलिंग और अभिनय के क्षेत्र को युवक-युवतियां अब अपने कैरियर के रूप में चुन सकते हैं, बदलते परिवेश में कला और अभिनय के क्षेत्र में अब अपार संभावनाएं बढ़ गई हैं, यह उदगार बॉलीवुड अभिनेत्री अप्सरा रानी ने रायबरेली में हुए फैशन आईकॉन सीज़न-4 के ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में व्यक्त किए। माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देने के उपरांत अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नोएडा मे नई फिल्म सिटी बनाए जाने की घोषणा से कला के क्षेत्र मे अपना कैरियर तलाशने वाले युवा अत्यधिक उत्साहित हैं। तीन चरणों में संपन्न हुए रंगारंग कार्यक्रम मे जहां गायन के क्षेत्र में सत्यम और संजू ने बाजी मारी, वहीं नृत्य में शताक्षी और एंजिल अव्वल रहीं। गायन में इशिका, सचिन, कुशाग्र , प्रगति ने नृत्य में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रायबरेली की युवतियों का रैंप शो एवं कैटवॉक रहा। प्रतियोगिता मे जहां पूजा यादव मिस रायबरेली फैशन आइकन बनीं, वहीं अर्चिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम मे बॉलीवुड अभिनेत्री अप्सरा रानी ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत किया, उन्होंने मिस रायबरेली का ताज विजयी मॉडल्स को पहनाया। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया करते हुए कहा कि माधव सेवा संस्थान रायबरेली के युवाओं को कला और फिल्म के क्षेत्र में आगे अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। संचालन अमित सिंह के द्वारा किया गया।

# जल जीवन मिशन प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जनपद के लालगंज ब्लॉक परिसर में सोमवार को जल जीवन मिशन प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसका उद्घाटन लालगंज खंड विकास अधिकारी अंजू रानी वर्मा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जल जीवन मिशन रथ हर घर में नल, हर नल में जल के लिए लोगों को जागरुक करने का कार्य करेगा। ग्रामीणों को जल का संरक्षण करने के तरीकों के बारे में बताएगा।

जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित है।

# घर का ताला तोड़ लाखो के जेवर व नकदी चोरी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर अंदर पहुंचे। जहां बक्से का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण सहित दो लाख रुपये का सामान पार कर दिया। पीड़िता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। रसूलाबाद कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी आश्मीन पत्नी नईमुद्दीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पति हैदराबाद शहर में गमले की दुकान पर मजदूरी करता है। रविवार को वह बांगरमऊ दवा लेने के लिए गयी थी और वहीं पर रात को रुक गयी थी। सोमवार को घर पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित तांबे और स्टील के बर्तन के साथ ही अन्य कीमती सामान पार कर दिया। पीड़िता के अनुसार दो लाख रुपये का सामान चोरों ने पार कर दिया। इस सम्बंध में रसूलाबाद चौकी प्रभारी अचल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर मौका मुआयना कर जांच की जा रही है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को समाजसेवी राम वीर प्रजापति ने किया सम्मानित

**महराजगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




कस्बा स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में सोमवार को सत्र 2022-23 के प्रथम तीन स्थान प्राप्त भैया बहनों को समाजसेवी राम वीर प्रजापति ने विद्यालय आकर सम्मानित किया।

उन्होंने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज आप अपने कृतित्व एवं अपनी लगन के कारण सम्मानित हुए हैं इसी तरह दिन प्रतिदिनआगे बढ़ते रहो मेरी यही शुभेच्छा है। उन्होंने काव्य गायन से भी भैया बहनों को संस्कार एवं कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित किया। समिति के संरक्षक फत्ते सिंह ने अस्वस्थता के बावजूद भी भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करने वालों का पसीना समाज में नगीना बनकर चमकता है।

आचार्य परिवार को बधाई देते हुए स्थान प्राप्त भैया बहनों को शुभाशीष दिया। सामाजिक कार्यकर्ता समिति सदस्य रमेश अवस्थी ने परिश्रम के प्रति साधना को एक रोचक कहानी के माध्यम से समझाया। कक्षा दशम में जिले की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त भैया आरव द्विवेदी को विशेष पुरस्कार से विभूषित किया गया।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयो में उमड़ी भक्तों की भीड़

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सावन मास के पहले सोमवार के मौके पर जनपद के प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिवालयो में श्रद्धालुओ की भारी जुटी। लोगों ने मंदिरो में स्थापित शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा अर्चना की और अपने घर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

नगर के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर व मगरवारा स्थित गोकुलबाबा मंदिर में सुबह पहले पूजा एवं आरती हुई। इसके बाद भक्तों के दर्शन पूजन के लिए मंदिर के द्वार खोल दिये गये। महिलाओं एवं पुरुषों ने अलग-अलग लाइनों में लगकर प्रवेश किया और बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। दोपहर के बाद भी मंदिर में भक्तों की लम्बी लाइनें लगी रही। इसी तरह बांगरमऊ नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने हेतु श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। आज सुबह से शाम तक महिला और पुरुष श्रद्धालु अलग-अलग कतार में खड़े होकर अपना नंबर आने पर बम-बम भोले की गूंज के साथ दर्शन पूजन करते रहे। श्रद्धालुओं ने पंचमुखी शिवलिंग का पवित्र गंगाजल से अभिषेक कर पुष्प, दुग्ध और बेल पत्रों से पूजन किया। तहसील प्रशासन द्वारा बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु भक्तों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और होमगार्ड बल तैनात किया गया। मंदिर परिसर में विशाल मेला भी लगा। जहां महिलाओं ने प्रसाद के अलावा सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री खरीदी। जबकि महिलाओं के साथ आए बच्चों ने आइसक्रीम, टॉफी, रेवड़ी तथा मिष्ठान आदि का जमकर आनंद उठाया। इसके अलावा नगर के नानामऊ मार्ग स्थित बाबा दुर्गेश्वर मंदिर, संडीला मार्ग स्थित बाबा भैरवांनंद मंदिर, टेढ़ा शिवाला व ओमकारेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालु भक्तों ने पूजन अर्चन किया।

### एसपी ने गोकुलबाबा मंदिर पहुंच लिया सुरक्षा का जायजा

उन्नाव। सावन के पहले सोमवार के मौके पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मगरवारा के गोकुलबाबा मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर एसपी के साथ सीओ सिटी आशुतोष, चौकी प्रभारी उमा अग्रवाल एवं कोतवाल अश्विनी मिश्र आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा की गयी।

समीक्षा में डीएम द्वारा वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, वन विभाग, खनन तथा मण्डी समिति का लक्ष्य कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य के अनुसार वसूली बढ़ाने के निर्देश दिये गए।

इस दौरान मण्डल स्तर पर विभागों की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निकलकर शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयान्तर्गत पूरा करना सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा नगर विकास की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पाये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने विद्युत विभाग की वसूली कम पाये जाने पर बड़े बकायेदारों से विद्युत देयकों की वसूली करने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, नगर मजिस्टेªट अरूणमणि तिवारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिंसा की मंशा

पश्चिम बंगाल में कोई चुनाव बिना हिंसा के पूरा हो जाये तो अचरज ही होगा। दशकों से यहां साल-दर-साल चुनावी हिंसा का इतिहास रहा। इस बार के पंचायत चुनावों में भी ऐसा ही हुआ। बड़े पैमाने पर हिंसा के अतिरिक्त आगजनी, बूथ कब्जाने, बैलेट बॉक्स ले जाने व नष्ट करने के साथ जाली मतदान की भी खबरें हैं। शुरुआत में तेरह लोगों की हत्या की बात कही गई, अपुष्ट सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। हमलों में बम व गोली का इस्तेमाल हुआ है। सवाल उठाया जा रहा है कि केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा को क्यों नहीं टाला जा सका। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि हिंसा पश्चिम बंगाल की राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, यही वजह कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर नियंत्रण संभव नहीं हो पाता। इसी वजह से इस बार की हिंसा ने 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिसका उदाहरण सर्वाधिक हिंसा के रूप में दिया जाता था, जिसमें दस लोग मरे थे। कलकत्ता हाईकोर्ट लंबे समय से चुनाव के दौरान हिंसा की आशंका के चलते बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जरूरत बताता रहा है। लेकिन राज्य सरकार इसके पक्ष में नहीं थी। बाद में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के खिलाफ राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट भी गये, इस मांग को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। दरअसल, राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग की हीला-हवाली के चलते केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती में व्यवधान हुआ। यदि समय रहते उनकी तैनाती होती तो उम्मीद थी कि हिंसा को टाला जा सकता था। दरअसल, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती न केवल देर से हुई बल्कि संवेदनशील इलाकों में उनकी तैनाती न करने के भी आरोप प्रशासन पर लगे। जिस बात को कलकत्ता हाईकोर्ट लंबे समय से महसूस कर रहा था, उसकी राज्य सरकार ने अनदेखी की। कोर्ट ने ग्यारह जुलाई को चुनाव परिणाम घोषित होने के दस दिन बाद तक केंद्रीय बलों की तैनाती के निर्देश दिये हैं ताकि जीत-हार के तनाव में फिर से हिंसा न हो। दरअसल, कहीं न कहीं राज्य के राजनीतिक दल इन चुनाव परिणामों के निष्कर्ष से आम चुनाव में बढ़त लेने की होड़ में जुटे रहे। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल टीएमसी की भूमिका को लेकर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा ने तो राज्य में राष्ट्रपति शासन तक की मांग कर दी है। छह सौ से अधिक बूथों पर फिर चुनाव कराने के चुनाव आयोग के फैसले से साफ है कि किस पैमाने पर धांधली व हिंसा हुई है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर हुई देरी और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में उनकी तैनाती न होने से हिंसा को बढ़ावा मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि पिछली सदी में अस्सी के दशक से शुरू हुआ हिंसा का यह सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा।

# पानी-पानी देश और समाज

मोहम्मद अफ्जल खान ने लिखा भी है- नाम मंजूर है तो, फैज के असबाब बना, पुल बना चाह, मस्जिद और मेहराब बना। यानी यदि आप अपने नाम को कायम रखना चाहते हैं तो लोक कल्याण के लिए चीजें बनाएंय पुल बनाएं, कुएं खुदवायें और मस्जिदों और मेहराबों का निर्माण करें। आज के शासक और समाज के रसूखदार लोग धर्मस्थल बनवाने में तो आगे हैं, विश्वगुरु बनने के लिए स्मार्ट शहर भी बनाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन कुओं और तालाबों को खुदवाना उनकी प्राथमिकता में नहीं है। हालांकि दावा ये है कि हम मिशन लाइफचलाकर लोगों को पर्यावरण के तहत जीना सीखा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा में जब उनसे प्रेस कांफ्रेंस में जलवायु परिवर्तन पर सवाल पूछा गया, तो उनका जवाब यही था। श्री मोदी ने कहा था कि हम देख रहे हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान का नुकसान तो होता ही है, अधोसंरचना का भी नुकसान होता है। इसलिए हमने सीआरआई एक ग्लोबल संस्था को जन्म दिया है, जिससे ये नुकसान कम हो सकें।
श्री मोदी ने बताया था कि उन्होंने और यूएन महासचिव ने मिशन लाइफकी भी शुरुआत की है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का हब बनाने, सौर ऊर्जा द्वीपीय देशों तक पहुंचाने और कार्बन उत्सर्जन को जीरो करने के प्रयासों के बारे में भी बताया। जी-20 की बैठक हो या कोई और अंतरराष्ट्रीय समागम, जहां कहीं पर्यावरण संरक्षण की बात आती है, भारत सरकार के बड़े-बड़े दावे सुनाई देने शुरु हो जाते हैं। लेकिन बारिश या गर्मी जरा सा मौसम का मिजाज बिगड़ने पर बेमौत मरने वालों के आंकड़े इन दावों की पोल खोल देते हैं। विकास के नाम पर बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण हमारे जंगलों, पहाड़ों, नदी-झीलों का जो नुकसान हो रहा है, उस पर अगर सरकार ध्यान देना शुरु कर दे तो फिर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शब्दों के खेल की जरूरत नहीं पड़ेगी, भारत की तस्वीरें ही दुनिया को सच दिखा देंगी।

भारत के अधिकतर राज्य इस वक्त पानी-पानी हो रहे हैं। धरती जलमय हो रही है क्योंकि मानसून अपने पूरे जोश में है। घटाएं खूब उमड़ रही हैं और बरस रही हैं, बादल गरज भी रहे हैं, बरस भी रहे हैं। लेकिन एक-दो हफ्तों की बारिश से जो हाल बेहाल हो रहे हैं, उसमें समाज को शर्म से पानी-पानी हो जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक देश के कई राज्यों में जमकर बारिश हो रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में तो शनिवार को हुई बारिश ने 40 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। दिल्ली की सड़कें और नामी-गिरामी आलीशान रिहायशी इलाकों में अनाम नदियां बहने लगी हैं। देश के कई शहरों को क्योटो, पेरिस, शंघाई जैसे बनाने का दावा करते हुए आखिरकार राजधानी को वेनिस बनाने में कामयाबी मिल ही गई है। अकेले दिल्ली ही नहीं, देश के और तमाम शहर जहां खूब बारिश हुई है, इस वक्त नदियों, झीलों और नहरों के शहर ही नजर आ रहे हैं। क्योंकि बारिश की बूंदों को सहेजने के अपने पारंपरिक ज्ञान को भुलाते हुए हमने तालाबों, बावड़ियों, कुओं के महत्व की उपेक्षा करनी शुरु कर दी। स्मार्ट सिटी और शहरों के सौंदर्यीकरण के पीछे दीवानगी बढ़ती रही।

कांक्रीट की आलीशान इमारतों, नकली पेड़-पौधों और उन पर जगमगाती बिजली की लड़ियों में हमारा सौंदर्यबोध सिमट कर रह गया। स्मार्ट बनने के चक्कर में पुरखों के दिए ज्ञान को हमने उपेक्षित करना शुरु किया और अब मूर्खता के जीते-जागते पुतले बनकर हम रह गए हैं। हर साल गर्मी में मरना, फिर बारिश में मरना और ठंड में भी मरना, यही आम हिंदुस्तानियों की नियति बन कर रह गई है। अभी 10-15 दिनों की बारिश में देश भर में कम से कम 30 मौतें हो चुकी हैं, हजारों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है। किसी राज्य में येलो अलर्ट है, किसी राज्य में रेड अलर्ट। कम से कम दो महीने बारिश के और बचे हैं और इन 60 दिनों में और कितने लोग बेमौत मारे जाएंगे, कहा नहीं जा सकता। अभी तीन हफ्तों पहले तक ऐसी ही चर्चा गर्मी और लू के कारण होती थी। उत्तर भारत के कई इलाके लू की चपेट में थे और तब कम से कम 70 मौतें गर्मी की वजह से हो गई थीं। डॉक्टरों की सलाह होती है कि लू से बचने के लिए बाहर न निकलें, बारिश में भी कोई बाहर नहीं रहना चाहता। लेकिन रोजगार के लिए तो बाहर निकलना ही पड़ेगा। असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे लाखों मजदूरों के लिए मौसम देखकर सुविधा से काम करना विलासिता से कम नहीं है। वे ऐसी विलासिता का उपभोग नहीं कर सकते। मौसम की मार से बच जाएंगे तो भूख से मर जाएंगे। इसलिए गर्मी हो या बरसात उन्हें बाहर निकलना ही है। किसानों पर भी यही बात लागू होती है। उन्हें अपनी आजीविका चलाने के लिए खेत में उतरना ही है, चाहे जैसा मौसम हो।

मौसम देखकर घर से न निकलना थोड़ी देर की राहत दे सकता है, लेकिन ये उस समस्या का समाधान कदापि नहीं है, जिससे





करोड़ों लोग पीड़ित हो चुके हैं। अभी जो बारिश हो रही है, वो मौसम का सामान्य मिजाज है। फिलहाल इसके लिए जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। बारिश में अभी जो मौतें हो रही हैं, वो करंट लगने, कच्चे निर्माणों के टूटने या एकदम से पानी भर आने जैसे कारणों से हो रही हैं। इसके लिए सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है। जो करोड़ों-अरबों खर्च करने के बाद भी ऐसा ढांचा विकसित नहीं कर सका, जिसमें बारिश का पानी धरती के नीचे चले जाए।

अगर बारिश की हर बूंद को सहेजा जाए, तो फिर गर्मी में उसका भरपूर इस्तेमाल किया जा सकता है। जैसे घरों में आड़े वक्त के लिए पैसे जोड़ कर रखे जाते हैं, वैसे ही बारिश की बूंदों को जोड़कर रखने की जरूरत है। अनुपम मिश्र के शब्दों में कहें तो धरती का गुल्लक भरना चाहिए। तालाबों, कुओं, बावड़ियों को इस वर्षा जल से पुनर्जीवित किया जा सकता है। पुराने जमाने के शासक जनहित के कामों में जलसंरचनाओं के निर्माण को तवज्जो देते थे। भारत में जगह-जगह पुरातात्विक महत्व के तालाब, बावड़ियां, कुएं मिल जाएंगे। मोहम्मद अफ्जल खान ने लिखा भी है- नाम मंजूर है तो, फैज के असबाब बना, पुल बना चाह, मस्जिद और मेहराब बना। यानी यदि आप अपने नाम को कायम रखना चाहते हैं तो लोक कल्याण के लिए चीजें बनाएंय पुल बनाएं, कुएं खुदवायें और मस्जिदों और मेहराबों का निर्माण करें। आज के शासक और समाज के रसूखदार लोग धर्मस्थल बनवाने में तो आगे हैं, विश्वगुरु बनने के लिए स्मार्ट शहर भी बनाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन कुओं और तालाबों को खुदवाना उनकी प्राथमिकता में नहीं है। हालांकि दावा ये है कि हम मिशन लाइफ चलाकर लोगों को पर्यावरण के तहत जीना सीखा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा में जब उनसे प्रेस कांफ्रेंस में जलवायु परिवर्तन पर सवाल पूछा गया, तो उनका जवाब यही था। श्री मोदी ने कहा था कि हम देख रहे हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान का नुकसान तो होता ही है, अधोसंरचना का भी नुकसान होता है। इसलिए हमने सीआरआई एक ग्लोबल संस्था को जन्म दिया है, जिससे ये नुकसान कम हो सकें।

श्री मोदी ने बताया था कि उन्होंने और यूएन महासचिव ने मिशन लाइफ की भी शुरुआत की है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का हब बनाने, सौर ऊर्जा द्वीपीय देशों तक पहुंचाने और कार्बन उत्सर्जन को जीरो करने के प्रयासों के बारे में भी बताया। जी-20 की बैठक हो या कोई और अंतरराष्ट्रीय समागम, जहां कहीं पर्यावरण संरक्षण की बात आती है, भारत सरकार के बड़े-बड़े दावे सुनाई देने शुरु हो जाते हैं। लेकिन बारिश या गर्मी जरा सा मौसम का मिजाज बिगड़ने पर बेमौत मरने वालों के आंकड़े इन दावों की पोल खोल देते हैं। विकास के नाम पर बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण हमारे जंगलों, पहाड़ों, नदी-झीलों का जो नुकसान हो रहा है, उस पर अगर सरकार ध्यान देना शुरु कर दे तो फिर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शब्दों के खेल की जरूरत नहीं पड़ेगी, भारत की तस्वीरें ही दुनिया को सच दिखा देंगी।

## विचार

# राज्यों के चुनाव का आगाज

प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान व तेलंगाना दौरे से पांच राज्यों के आसन्न विधानसभा चुनावों का आगाज हो गया है। इससे पूर्व श्री मोदी मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ का दौरा भी करके आये थे। जाहिर है कि इन सभी राज्यों में कांटे की टक्कर है। उपरोक्त चार राज्यों के अलावा पूर्वोत्तर के मिजोरम में भी चुनाव होने हैं। यह बिना किसी शक के कहा जा सकता है कि इन सभी पांचों राज्यों में विपक्षी कांग्रेस पार्टी से ही टक्कर होनी है। हालांकि तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टी भारत राष्ट्रीय समिति से मुकाबला होना है जहां यह पार्टी सत्तारूढ़ है मगर इसके मुख्य मुकाबले में कांग्रेस पार्टी ही रहेगी क्योंकि यह इस राज्य की दूसरे नम्बर की पार्टी है और आन्ध्र प्रदेश से अलग करके तेलंगाना राज्य बनाने का श्रेय भी इसी को जाता है।

भाजपा के साथ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस की भिड़न्त होगी। इन चुनावों की सबसे बड़ी खूबी यह मानी जा रही है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा किसी भी राज्य में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व को आगे न रख कर प्रधानमन्त्री के चेहरे पर ही चुनाव लड़ना चाहती है जबकि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अपने पूर्व मुख्यमन्त्री श्री कमलनाथ और छत्तीसगढ़ में वर्तमान मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल को आगे करके चुनाव लड़ना चाहती है जबकि राजस्थान में सचिन पायलट व मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत के बीच चल रही लांग-डांट के बीच पार्टी आलाकमान ने श्री गहलोत को ही अपना मुख्य चेहरा बनाते हुए चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई है। हालांकि दो दिन पहले ही आलाकमान ने पायलट व गहलोत के बीच पूर्ण युद्ध विराम घोषित करते हुए ऐलान किया था कि पार्टी संयुक्त रूप से चुनावी मैदान में जायेगी और कोई भी नेता पार्टी मंच से बाहर अपने मतभेदों को जगजाहिर नहीं करेगा।

इस मामले में कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट की भी बात रखते हुए कहा था कि श्री पायलट जो भी मुद्दे उठा रहे हैं उन पर भी सरकार गौर करेगी। छत्तीसगढ़ में पहले ही वरिष्ठ नेता श्री टी.एस. सिंहदेव को उप मुख्यमन्त्री बनाकर बघेल व सिंहदेव के बीच की रस्साकशी को आला कमान ने खत्म कर दिया था। इन पांचों राज्यों में यह भी देखना होगा कि कांग्रेस के अलावा अन्य कौन सा विपक्षी दल चुनावी मैदान में ताल ठोकने की जुगत भिड़ाता है। इसका महत्व राष्ट्रीय स्तर पर चल रही विपक्षी एकता के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अभी तक विपक्षी दलों में कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी ने राजस्थान व मध्य प्रदेश में जनसभाएं की हैं। इसे लेकर अनौपचारिक स्तर पर विपक्षी दलों में कानाफूसी जरूर होती रहती है मगर किसी भी दल को लोकतन्त्र में चुनाव लड़ने की पूरी आजादी होती है और आम आदमी पार्टी का यह जायज अधिकार है। अब सवाल यह है कि यदि इन राज्यों में भाजपा कोई कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो पाती है तो इसका सीधा असर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों पर पड़े बिना नहीं रहेगा।

अतः राजधानी दिल्ली में जिस प्रकार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बैठकों पर बैठकें हो रही हैं उसका मन्तव्य समझा जा सकता है। दूसरी तरफ ये चुनाव कांग्रेस के लिए जीवन-मरण का प्रश्न होंगे क्योंकि इसके नेता श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने और उन्हें घर से बेघर किये जाने के बाद ये दूसरे चुनाव होंगे। पहले चुनाव कर्नाटक में हुए थे जहां कांग्रेस पार्टी ने जबर्दस्त जीत हासिल करके भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया था।

मगर राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस स्वयं सत्ता में है अतः इसे इन राज्यों में अपनी सत्ता बचाये रखते हुए सत्ता के समर्थन में चुनावी हवा चलानी होगी। मध्य प्रदेश में स्थिति पूरी तरह बदली हुई है। यहां कांग्रेस की कोशिश श्री कमलनाथ के पक्ष में सहानुभूति बटोरनी की होगी क्योंकि पिछले 2018 के चुनावों के बाद विधानसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरने पर भोपाल में श्री कमलनाथ के नेतृत्व में ही कांग्रेस सरकार बनी थी मगर मार्च 2020 में यह सरकार कुछ कांग्रेसी विधायकों के इस्तीफा देकर बागी नेता ज्योतिरादित्य सिन्धिया के साथ भाजपा से हाथ मिलाने की वजह से गिर गई थी और पुनः राज्य में श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार गठित हुई थी। कमलनाथ इस राज्य के स्व. द्वारका प्रसाद मिश्र व अर्जुन सिंह के बाद सबसे बड़े कद्दावर नेता माने जाते हैं, अतः इस राज्य में चुनावी लड़ाई अन्य सभी राज्यों से भिन्न स्तर पर होती दिखाई पड़ेगी। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि भाजपा की ओर से जहां प्रधानमंत्री मोदी मुख्य चुनाव प्रचारक होंगे वहीं कांग्रेस की ओर से श्री राहुल गांधी होंगे, अतः इन चुनावों का राष्ट्रीय महत्व स्वयं ही सिद्ध हो जायेगा। इसके साथ भाजपा के लिए ये चुनाव पूर्व कांग्रेसी नेता व वर्तमान में केन्द्र में उड्डयन मन्त्री ज्योतिरादित्य सिन्धिया के लिए भी कम महत्ता के नहीं होंगे। ग्वालियर के पूर्व राजवंश के इस सदस्य का प्रभाव ग्वालियर संभाग में ही भाजपा में आने के बाद कितना बचा है। इसका आंकलन भी हो जायेगा क्योंकि पिछले वर्ष निगम चुनावों में ग्वालियर नगर निगम पर 52 साल बाद कांग्रेस पार्टी का कब्जा हो गया था। ज्योतिरादित्य के परिवार का राजनैतिक इतिहास मिला-जुला रहा है। इनके पिता स्व. माधवराव सिन्धिया कांग्रेस में थे मगर दादी विजयराजे सिन्धिया भाजपा में थीं जबकि इनकी सभी बुआएं भी भाजपा में हैं।

साहित्य | झरोखा



## ओंठो पे बात जो दबी रह गई है...

**दीपक सिंह**

ओंठो पे बात जो दबी रह गई है
उभारों न उसको कसम दे रहे हैं।

तेरी यादों को दिल में बसा कर,
अबतक रहमो करम दे रहे हैं।।

जिन गलियों से जुगरे थे तुम,
आबो-हवा वो अहम दे रहे हैं।।

दफ़न हो तो कैसे दिल की वो बातें
रिस रिस कर जो जख्म़ दे रहे हैं।

ओंठो पे बात जो दबी रह गई है
उभारों न उसको कसम दे रहे हैं।

तेरी यादों को दिल में बसा कर,
अबतक रहमो करम दे रहे हैं।।

मिलते तो तुमसे कहना था हमको
तुम्हीं को ही सातो जन्म दे रहे हैं।।

मिलना न होगा तेरा अब हमसे
प्रेम बिरह जब सनम दे रहे हैं।।

ओंठो पे बात जो दबी रह गई है
उभारों न उसको कसम दे रहे हैं।

तेरी यादों को दिल में बसा कर,
अबतक रहमो करम दे रहे हैं।।

बेहरम ये दुनिया समझे न बाते
बातों को मन में मनन कर रहे हैं।

मोहन से राधा बिछड़ी हो जैसे
प्रेम के मंदिर में हवन कर रहे हैं।।

ओंठो पे बात जो दबी रह गई है
उभारों न उसको कसम दे रहे हैं।

तेरी यादों को दिल में बसा कर,
अबतक रहमो करम दे रहे हैं।।



# राशिफल

**मेष:-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**बृषभ:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुन:-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्क:-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अत: उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुला:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिक:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनु:-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभ:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**मीन:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और धार्मिक कट्टरता देश की उन्नति के लिए बड़े अवरोध

**संजीव ठाकुर**

धार्मिक रूढ़िवादिता, कट्टरपंथी धर्मांधता हमारी प्रगति के बड़े बाधको में से एक है। यह हमारी राहों के कंटक और रोड़े साबित हुए हैं। उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पाना होगा। बुनियादी शिक्षा के प्रचार प्रसार से इसके अवरोधों को जनमानस के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए ।जो विषय वस्तु आजाद विचारों मान्यताओं को बर्दाश्त नहीं करती उन्हें समाप्त हो जाना चाहिए, ऐसी अन्य और मानवीय कमजोरियां हैं, जिन पर हमें विजय प्राप्त करनी है। इस कार्य के लिए सभी समुदायों के क्रांतिकारी उत्साही नौजवानों की आवश्यकता है। यह बात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह ने अपने संगठन नौजवान भारत सभा के लाहौर में प्रकाशित घोषणा पत्र में लिखी थी। शहीद भगत सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर भारत को आजादी दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, पर आजादी के बाद भी भारत का जनमानस उन्हीं अंधविश्वास धर्मांधता तथा रूढ़िवाद पर फंसा हुआ है।और अभी भी इस युग में अंधविश्वास का बोलबाला दिखाई देता है। बिल्ली रास्ता काट दे तो यह समझना कि राह में दुर्घटना होने की संभावना हो सकती है। घर से निकलते समय कोई छींक दे तो यह समझना कि होने वाला काम बिगड़ जाएगा,और घर में कौवे के बोलने से यह अर्थ निकाला जाए कि घर में मेहमान आने वाले हैं। छोटी चिड़िया यदि मिट्टी की धूल से खेल रही हो तो यह समझा जाए की घनघोर बारिश होने वाली है, आदि इत्यादि ऐसी कई धारणाएं हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक तथा सामाजिक प्रमाण, तर्क या आधार मौजूद नहीं है। फिर भी बड़ी संख्या में लोग इन बातों पर विश्वास करके अपनी नियति तय करने में जुट जाते हैं, अपने विवेक का प्रयोग किए बिना ही इन बातों पर विश्वास कर लेना ही अंधविश्वास माना जाता है।

कुछ लोग तेरा के अंक को अशुभ मानते हैं, तो कई देश किस अंग को शुभ भी मानते हैं। मृत्यु के बाद भी अनेक तरह के अंधविश्वास जी एवं आडंबर संयुक्त कर्मकांड किए जाते हैं। एवं इन कर्मकांड को नहीं किए जाने पर मनुष्य की आत्मा भूत बनकर इर्द गिर्द मंडराती है। और इस तरह के भूत मनुष्य जाति को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं, ऐसी मान्यताएं अंधविश्वास के साक्षात प्रमाण हैं।

अधिकतर भारतीय ग्रामीण अभी भी यह मानते हैं कि पृथ्वी शेषनाग पर टिकी हुई है और भूकंप आने पर वह इस बात का दावा करते हैं कि शेषनाग नाराजगी कारण पृथ्वी हिलने लगी है,और भी पूजा पाठ करने में लग जाते हैं।चंद्र ग्रहण तथा सूर्य ग्रहण के समय भी ग्रामीण क्षेत्र में लोगों द्वारा ऐसे ही कयास लगाए जाते हैं, और फिर ग्रहों की पूजा की जाती है। पूजा करना बहुत अच्छी बात है,ईश्वर में आस्था होनी चाहिए यह एक तरह की एकाग्रता तथा अदृश्य शक्ति के प्रति आप का समर्पण भाव दिखाती है। ईश्वर से लगाओ तथा ईश्वरीय शक्ति के आगे समर्पण एक स्तुत्य के कार्य है। पर इसके पीछे अंधविश्वास को पुष्पित पल्लवित करना खतरनाक भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रह के चक्कर को दूर करने के लिए किसी विशेष जाति अथवा पत्थर की अंगूठी पहनना विशेष मंत्र वाला ताबीज पहनना जादू टोना तथा टोटका करवाना आदि अंधविश्वास के बड़े उदाहरण हैं ।

और इन सब अंधविश्वास के चक्कर में अनेक लोग धोखाधड़ी तथा शोषण के शिकार होते देखे गए हैं। अंधविश्वास धर्मांधता एक सामाजिक बुराई की तरह दिखाई देती है, जो निश्चित तौर पर देश के विकास के लिए बड़ी बाधा बन जाती है। संत कबीर दास ने बड़ी बेबाकी से इस अंधविश्वास पर अपनी कविता के माध्यम से गहरा कटाक्ष किया है,

अरिहरन की चोरी करै, करे सुई का दान,ऊंचा चढ़ी के देखता,केतिक दूर विमान। दोहे का अर्थ है, मानव कुमार्ग के पथ पर चलकर कमाए गए अनैतिक धन का बहुत छोटा सा भाग दान कर आकाश की ओर देखता है कि उसको स्वर्ग ले जाने वाला विमान कितनी दूर है। अज्ञानी मानव का यह सोचना एक बड़े अंधविश्वास को दर्शाता है। किसी भी गरीब स्त्री की जमीन जायजाद को हड़पने के लिए जमीदारों या मुखिया द्वारा गांव में उसे डायन घोषित कर देना या ईश्वर को खुश करने के लिए मनुष्य की नरबलि दे देना या पशुओं की बलि देना एक बड़ा अंधविश्वास माना जाता है। इन सब अंधविश्वास से समाज में विसंगति फैलती है एवं जो साक्षरता तथा मानवता के लिए बड़े खतरे और विकास के लिए अवरोध पैदा करने के तथ्य हैं। इनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर इनको सजा देकर समाज में अंधविश्वास के खिलाफ सरकार को एक स्वस्थ संदेश देने की आवश्यकता है। समाचार पत्र, टीवी चौनल, इंटरनेट इन सब में राशिफल, वास्तु शास्त्र हाथ में पहनने वाले पत्थरो के बारे में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जाता है, जबकि इन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि इनके चलते बड़े-बड़े जालसाज तथा ठग लोगों से पैसा तथा सोने चांदी की ठगी करने से नहीं चूकते। यह अंधविश्वास यद्यपि सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया कनाडा अमेरिका तथा साउथ अफ्रीका में भी इसी बड़े पैमाने पर व्याप्त है। यदि अशिक्षित मनुष्य अंधविश्वासों को मानता है तो यह बात समझ में आती है कि वह वास्तविकता से अशिक्षा के कारण अनभिज्ञ है, एवं इनके परिणामों के बारे में नहीं जानता है। किंतु यह विडंबना तथा अफसोस की बात है कि इस वैज्ञानिक युग में उच्च शिक्षित लोग अनेक प्रकार के अंधविश्वासों से घिरे हुए हैं।

शिक्षा अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विवेकपूर्ण सोचने की शक्ति प्रदान करती है, इसके बाद ही मनुष्य विज्ञान तथा तर्क के आधार पर इसको परख कर किसी बात को मान्यता देता है। अतः अंधविश्वास धर्मांधता के खिलाफ शिक्षा जगत तथा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में इस विषय को शामिल कर अशिक्षित तथा शिक्षित दोनों को अंधविश्वास के प्रति सचेत कर इसके दुष्परिणामों के बारे में अच्छे से समझा देना चाहिए तभी अंधविश्वास समाज से दूर हो पाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# विकास कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

▸ डीएम ने की शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा ली। संबंधित को निर्देश दिया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी निर्धारित समय अवधि में अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई करें तथा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं।

डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं व प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण कर परियोजनाओं को पूर्ण कराये साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो गये हैं उन्हें उपयोग में भी लाया जाय। आनगोईंग प्रोजेक्ट्स को निर्धारित मानक व समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें तथा धनाभाव के कारण अपूर्ण परियोजनाओं के लिए अवशेष धनराशि की मांग करें।

डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए



विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता से सुनिश्चित हो। डीएम ने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की बृहद समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए। अद्यतन रिपोर्ट सीडीओ, डीएसटीओ के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी बैंको से समन्वय कर ऋण पत्रावलियों को समय से निस्तारण कराते हुए ऋण की वितरण भी सुनिश्चित कराये ताकि लाभार्थी अपना रोजगार शुरू कर सके। निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारे।

बैठक में पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, ग्राम निधि भुगतान, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सीएम नारी सम्मान योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# सिंगाही एसओ शिवा जी दुबे की सराहनीय पहल से रोशन हो रहा यूपी पुलिस का नाम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सिंगाही तीन सालों से रखी मां की अस्थियां हरिद्वार न ले जा पाने से परेशान युवती की गुड मार्निंग अभियान के दौरान मिली पुलिस टीम ने मदद की। सिंगाही एसओ ने उसकी मदद करते हुए उसे हरिद्वार भेजा। थाना सिंगाही के पुलिसकर्मियों की एक टीम की मुलाकात रविवार सुबह गुड मार्निंग अभियान के तहत सहिंजना गांव की छात्रा रागिनी मौर्या से हुई।

रागिनी ने टीम को बताया कि। करीब तीन साल पहले मर चुकी उनकी मां रामश्री की अस्थियां उनके बड़े भाई किन्हीं वजहों से आज तक विसर्जित करने हरिद्वार नहीं ले जा सके हैं। वह उनको विसर्जित करने जाना चाहती है लेकिन भाई उसको लड़की बताकर अस्थियां नहीं दे रहे हैं।

टीम से सूचना पाकर पहुंचे एसओ शिवाजी दुबे ने गांव पहुंचकर रागिनी और उसके भाई से बात करके रागिनी को अस्थिकलश दिलाने के साथ ही परिवार की माली दिक्कतों को देखते हुए हरिद्वार जाने के लिए आर्थिक सहायता भी दी। रागिनी के परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस के इस काम की प्रशंसा की है।

## खबरें एक नजर में

### जंगल में शराब बनाते दो लोग गिरफ्तार व मौका पाकर दो फरार

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।** वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन रेड अलर्ट के तहत खमरिया वन ब्लाक का भ्रमण के लिए वन रक्षक सतीश मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जंगल में अवैध शराब बनाते हुए दो लोगों को पकड़ा दो लोग मौके का फायदा उठाते हुए फरार, वन क्षेत्राधिकारी आरिफ जमाल ने बताया कि आरोपियों के पास से जंगल से काटी गई लकड़ी व 25 लीटर अवैध शराब भी बरामद हुई हैं। जिन पर वन अधिनियम के कार्यवाही करते हुए पुलिस को सौंप दिया गया है।

### शावकों संग जंगल के किनारे खेतों में घूम रहा तेंदुआ, किसानों में दहशत

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।** अपने शावकों संग जंगल के किनारे खेतों में घूम रहा तेंदुआ,किसानों में दहशत। कई किसान पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी के ऑफिस। वन क्षेत्राधिकारी आरिफ जमाल खान ने किसानों से सतकर्ता बरतने व खेतों की ओर अकेले न जाने की, की अपील।साथ ही किसानों को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि किसी तरह की समस्या होने पर हमें तुरंत सूचना दें।वन क्षेत्र दुधवा बफर जोन लुधौरी का मामला।

### तालाब और खलिहान को खत्म कर सुआगाढ़ा में बना लिया स्कूल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** शहर लखीमपुर के ग्राम सुआगाढ़ा ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात में एक स्कूल प्रबंधक ने लेखपाल से मिलकर तालाब और खलिहान को समाप्त कर स्कूल बनवा लिया है।इस पर ग्राम वासियों ने कई बार अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत भी की। परंतु पहुंच होने के कारण कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हो पाई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत नाराजगी दिखाई कि तालाब खलिहान पर कब्जा करने वालों पर अविलंब कार्रवाई की जाए। परंतु आज तक इस मामले में कार्यवाही नहीं की गई।शहर लखीमपुर के क्षेत्र में काफी तालाब थे लेकिन आज उन तालाबों का अस्तित्व खत्म हो चुका है। जो बचे हैं उस पर भी कोई अधिकारी संज्ञान नहीं।

### कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का लिया संकल्प

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में श्री चित्रगुप्त मंदिर पीली कोठी उरई में हवन के साथ सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कायस्थ समाज के अनेकों लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक के आयोजन का उद्देश्य कायस्थ समाज के द्वारा सभी समाज एवं वर्गों के लोगों को सहयोग प्रदान करना था। इस दौरान सभी ने सर्वसम्मति से चित्रगुप्त मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल श्रीवास्तव झांसी मंडल प्रभारी, विनय श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष जालौन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव आलोक खरे द्वारा किया गया। वक्ता सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को एक साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा तभी समाज ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। विनोद कुमार खरे ने बताया कि एक संगठन का उद्देश्य तभी साकार होगा जब वह सभी को एक साथ लेकर चलेगा। राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कायस्थ समाज के सभी लोग इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें ताकि चित्रगुप्त मंदिर एक भव्य रूप ले सके साथ ही जनपद के अंदर कायस्थ समाज के जितने भी लोग रह रहे हैं उनका विवरण प्राप्त किया जाए। जो भी गरीब कन्या है उनकी शिक्षा ,सुरक्षा एवम विवाह की व्यवस्था हमें करनी होगी। संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में जितनी भी समितियां हैं अब वह एक साथ आने के लिए तैयार हैं और सभी एकत्रित होकर आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव सोमेंद्र श्रीवास्तव, सोनू निगम, शैलू निगम अभिनव खरे, अंकुर श्रीवास्तव, विवेक सक्सेना, मनीष श्रीवास्तव, हेमंत कुलश्रेष्ठ, सुनील सक्सैना, आलोक सक्सेना, अरविंद निगम, शिवेंद्र शेखर, कपिल, रामजी, पंकज, शेखर सिद्धार्थ, रविन्द्र, सौरभ, ब्रजेश, सनी आदि मौजूद रहे।

# ऐप्जा द्वारा भव्य समारोह आयोजित कर होगा जिला एवं तहसील कमेटियों का शपथ ग्रहण

▸ विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर अपराह्न 2:30 बजे आयोजित होगा समारोह

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) की जिला एवं तहसील कमेटियों का शपथ समारोह जिला मुख्यालय स्थित विलोबी मेमोरियल हाल में कल दिनांक 11 जुलाई, दिन मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर अपराह्न 2.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

बताते चलें कि ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के निर्देशानुसार ऐप्जा के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी ने अपनी सक्रियता एवं विगत काफी समयांतराल की मेहनत से जनपद के अनेकों पत्रकारों को सँगठित कर जिला एवं तहसील कमेटियों का गठन किया है। ऐप्जा के जिला उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन ऐप्जा श्री रवीन्द्र मिश्रा करेंगे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों की रहने की भी संभावना है।और इसके साथ ही कल चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी और पत्रकार भाई लोगो ने लखीमपुर खीरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव को भी इस शपथ ग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण पत्र भी दिया है। जिला उपाध्यक्ष ने जनपद के सभी पत्रकारों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

# स्वास्थ्य विभाग मनाएगा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

11 जुलाई को विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ ज़िला महिला चिकित्सालय खीरी के साथ-साथ जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु यह पखवाड़ा 11 जुलाई से आरंभ होकर 24 जुलाई 2023 तक चलेगा। यह जानकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस एक अवसर है जो कि प्रजनन स्वास्थ्य के महत्व तथा पूरे जीवन को नियोजित करने हेतु प्रेरित करता है। यह ज़रूरी हो जाता है कि इस दिवस के उपलक्ष्य पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के महत्व तथा इससे जुड़ी उपलब्धियों का प्रचार- प्रसार जन



मानस तक किया जाए। भारत सरकार द्वारा प्रेषित विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़े 2023 की थीम है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव मे हम लें ये संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएगें, खुशियों का विकल्प।

उन्होंने यह भी बताया कि यह पखवाड़ा दो चरणों मे मनाया जाएगा। पहला दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा- 27 जून से 10 जुलाई 2023 तक ( जो मनाया जा चुका है )7 दूसरा सेवा प्रदाएगी चरण- यह चरण 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है। इस दौरान बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने व सीमित परिवार के लाभ से आम जन मानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं व कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है। जिनके माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक परिवार नियोजन की सेवाओं को पहुंचाया जा सकेगा। पखवाड़े के दौरान परिवार नियोजन संबंधी विभिन्न विधाओं की समस्त सेवाओं जैसे पुरुष एवं महिला नसबंदी, अंतराल एवं प्रसवोत्तर आईयूसीडी निवेशन, नवीन गर्भ निरोधक अंतरा व छाया, ओरल पिल्स इत्यादि सेवाएँ समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध रहेंगी। पुरुष एवं महिला नसबंदी की सेवा हेतु नियत सेवा दिवस (कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिसमे जनपद के विभिन्न सर्जनो द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। साथ ही परिवार नियोजन के महत्व से परिचित करने हेतु अन्य कार्यक्रम जैसे सास बेटा बहू सम्मेलन, सारथी वाहन का संचालन, आशीर्वाद अभियान संचालित किया जाएगा।

### बीते 3 वर्षों में जनपद में महिला व पुरुष नसबंदी में हासिल की है उपलब्धि

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि महिला व पुरुष नसबंदी सेवा में जनपद ने बीते 3 वर्षों में उपलब्धि हासिल की है। अगर बात करें महिला नसबंदी की तो 2020 में 5861 महिलाओं ने नसबंदी कराई थी। 2021 में 6125 और 2022 में 6662 महिलाओं ने नसबंदी कराई है। इसी तरह पुरुष नसबंदी में 2021 में 25 पुरुषों ने, 2021 में 6 पुरुषों ने और 2022 में 24 पुरुषों ने नसबंदी कराई है। इसी तरह गर्भनिरोधक संसाधनों का भी उपयोग जनपद में बढ़ा है जो एक अच्छे संकेत हैं।

# वज्रपात से बचना हो तो सुरक्षित स्थान पर ही शरण लें : डीएम

▸ बादलों में गड़गड़ाहट होने पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने वज्रपात से बचाव हेतु बताया कि रबर सोल के जूते व टायर वज्रपात से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं अतः वज्रपात से बचाव हेतु सुरक्षित स्थान पर रहना ही उचित है, बिजली गिरने व चमकने को खिड़की से न देखें, बादलों की गड़गड़ाहट का तेज व बार-बार होना बड़े खतरे की सूचना है, बादलों की गड़गड़ाहट सुनायी देने पर या बिजली चमकती दिखायी देने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर आश्रय लें, वज्रपात के दौरान बिजली से चलने वाले मुख्य उपकरण जैसे फ्रिज, कम्प्यूटर, टेलीविजन आदि को विद्युत आपूर्ति



लाईन से निकाल दें व मोबाईल का उपयोग न करें, वज्रपात के स्थिति में नल से होकर आ रहे पानी का उपयोग न करें, पानी के नल में विद्युत प्रवाह हो सकता है, आपातकालीन सेवाओं का फोन नम्बर पास रखें, रेडियो से मौसम की जानकारी लेते रहें, बिजली चमकने की स्थिति में बाहर खुले में रहना सुरक्षित नहीं है अतः तुरन्त सुरक्षित आश्रय में जायें, लम्बे पेड़, खम्बों या धातु की वस्तुओं से दूर रहें, यह वज्रपात को आकर्षित करते हैं, शरीर के बालों का खड़ा होना तथा त्वचा में झुरझुरी महसूस होना बताता है कि आपके आस-पास बिजली गिरने वाली है, वज्रपात के कारण घायल हो गये व्यक्ति को छूना पूर्णतः सुरक्षित है इससे झटका नहीं लगता है, वज्रपात से घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल लें जायें, कंक्रीट के फर्श पर न लेटे और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें, बिजली गिरने के दौरान इनमें करंट प्रवाह हो सकता है, अगर आप तालाब, नदी, नहर तथा खेत में सिंचाई कर रहे हों तत्काल वहाँ से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थान पर चलें जायें, बादलों में गड़गड़ाहट होने पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, चक्रवात एवं वज्रपात के संदर्भ में प्राप्त सही जानकारी को दूसरों तक पहुंचायें।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में बम-बम भोले के लगे जयकारे

**कोटरा चेयरमैन ने प्राचीन शिव मंदिर में किया रुद्राभिषेक**



**कोटरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सावन के प्रथम सोमवार को नगर के नरसिंह बार्ड स्वामी मोहल्ला में स्थित है शंकर जी मंदिर पर भगवान शंकर का रुद्राभिषेक के साथ बम बम भोले के जयकारे लगाए गए। श्रावण मास के पहले सोमवार को कस्बा के सभी शिव मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों द्वारा बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। वही कस्बा की नर्सिंग बोर्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष सियासरण व्यास द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ रुद्राभिषेक किया गया।

मंदिर के आचार्य जगदीश चतुर्वेदी ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ भगवान शंकर की विशेष पूजा आरती कराई। भगवान शंकर की पूजा आरती में नरसिंह वार्ड सभासद छत्रसाल नायक मंडी बाजार सभासद जीतू गुप्ता अंकित गुप्ता, संजय स्वामी, विनोद स्वामी, राकेश व्यास, रोहित रठा, सुमित स्वामी, संजू सैनी, बारिश स्वामी, राजा स्वामी, पप्पू स्वामी, सुमित स्वामी दादा, रघुवीर गौर, धर्मेंद्र स्वामी, राधाबल्लभ बल्लन चतुर्वेदी ने भाग लिया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया।

# हाइवे पर संकट मोचन मंदिर से मूर्तियों के चांदी के मुकुट चोरी

▸ उरई कोतवाली व आटा पुलिस संयुक्त रूप से जांच में जुटी

▸ अब मंदिर के पुजारी चोरी की घटना को लेकर दे रहे गोलमोल जबाब

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित प्राचीन संकट मोचन मंदिर पर चोरों ने दरवाजा काटते हुये राम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान और राधाकृष्ण की मूर्तियों के चांदी का मुकुट पार कर दिये। इस बारे में सुबह तब पता चला जब मंदिर के पुजारी पूजा करने पहुंचे तो वहां देखा कि सभी मूर्तियों के सिर में लगे चांदी के मुकुट गायब मिले। इसके बाद तो मानो हड़कंप मच गया। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। लेकिन इस मामले में पुजारी द्वारा अभी तक किसी प्रकार की चोरी की रिपोर्ट थाने में नहीं कराई है, वही यह मामला दो थानों के बीच होने के कारण पुलिस भी असमंजस में बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे 27 स्थित संकट मोचन मंदिर का है।

रविवार की रात्रि में जब संकट मोचन मंदिर में पुजारी अयोध्या शरण दास रात्रि की करने के बाद मुख्य दरवाजे पर लगी चैनल का ताला बंद कर वह अपने कमरे में जाकर सो गये, तभी देर रात्रि छत के रास्ते चोर मन्दिर में घुस गए, जिनकी भनक तक वहां सो रहे पुजारी को भी नहीं लगी। चोरों ने सबसे पहले मूर्तियों तक पहुंचने वाले गेट की कुंडी को मशीन



से काटा। इसके बाद बेखोफ होकर बदमाशों ने हनुमान, राम, जानकी और लक्ष्मण और राधाकृष्ण की मूर्तियों पर सजे चांदी के मुकुट अपने कब्जे में लिये और मौके से फरार हो गए। सोमवार को घटना की जानकारी तब हुई जब पुजारी अयोध्या शरण दास सुबह जागे और दरवाजे के ताले टूटे देखे, साथ ही मूर्तियों पर सजे मुकटों को गायब देखा पैरो तले जमीन खिसक गई। इस घटना के बारे में तत्काल उरई कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जो मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। वही इस चोरी के बारे में मंदिर के पुजारी अयोध्या शरण दास से चोरी की घटना के बारे में जानकारी लेनी चाही, तो वह मुंह फेरते नजर आए और कुछ भी नहीं बताया साथ ही मंदिर में चोरी की घटना पर अनभिज्ञता जताने लगे। जब उक्त मामले में उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार राठौर का कहना था कि संकट मोचन मंदिर आटा थाने में आता है, इस मामले में आटा थाना प्रभारी द्वारा तथा उरई पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जा रही है, फिलहाल मंदिर के मुकुट चोरी होने की बात पुजारी द्वारा नहीं बताई जा रही है, लेकिन दोनों पुलिस टीम इस मामले की जांच कर रही हैं, जिससे हकीकत सामने आ सके। फिलहाल कुछ भी हो संकट मोचन मंदिर के गर्भगृह में विराजित मूर्तियों के मुकुट चोरी होने के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्माता नजर आ रहा था।

# आयुष्मान कार्ड वितरण शिविर का हुआ आयोजन

▸ शासन की मंशा पर खरे नहीं उतर रहे पंचायत सहायक

▸ कहीं वितरित किए गये आयुष्मान कार्ड तो कहीं लगे पंचायत भवन पर ताले

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पीवीसी कार्ड वितरण हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत व एच डब्लू सी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर प्रकाश डाला गया। तथा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। बिसवॉ विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में आशा व पंचायत सहायक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्रीय आशा संगिनी व सी एच ओ के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया। कई ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की लापरवाही साफनजर आती जहां पर पंचायत सहायक नहीं पहुंचे। और न ही कोई कार्य किया। जिलाधिकारी का स्पष्ट आदेशों का उनपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता दिखाई दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिसवां ब्लाक की ग्राम पंचायत मानपुर, तेन्दुवा, बेलवा बहादुरपुर सरवाहनपुर स्योढा पुरवादासापुर गोवर्धनपुर उलरा कैमहरा सहित कई क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन किया गया पर कहीं तो पंचायत सहायक आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया तो वहीं पर सरवाहनपुर सलेमपुर में पंचायत सहायक अनुपस्थित पाए गए तो वहीं बेलवा बहादुरपुर की पंचायत सहायक ने सीपीयू न होने को कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया वहीं तेन्दुवा में पंचायत सहायक इन्दूराज अपने कार्य के लिए नहीं पहुंची। समस्त कार्य उनके पति ही देखते हुए नजर आए। विशेष गौरतलब बात तो यह है कि अभी बेलवा बहादुरपुर सलेमपुर अम्बरपुर तेन्दुवा मानपुर सरवाहनपुर स्योढा पुरवादासापुर गोवर्धनपुर में आयुष्मान लाभार्थी अवशेष हैं पर यह पंचायत सहायक काम न करने के लिए बाहर रहना दर्शा कर अपना पल्ला झाड़ लिया। अभी तक अन्त्योदय कार्ड धारकों के भी शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड नहीं बन सके हैं। यह पंचायत सहायक शासन व प्रशासन को गुमराह करते हुए आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। देखना यह है कि शासन की मंशानुरूप कार्ड बन पाते हैं या नहीं।

# दावते इस्लामी इंडिया के सदस्यों ने किया छायादार वृक्षों का पौधरोपण

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

दावते इस्लामी इंडिया गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। बुन्देलखण्ड कोऑर्डिनेटर सैय्यद आमिर हुसैन अत्तारी के मुख्य आतिथ्य में अस्पताल, कोतवाली व इंटर कालेज में छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। दावते इस्लामी इंडिया गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बुन्देलखण्ड कोऑर्डिनेटर सैय्यद आमिर हुसैन अत्तारी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अपने कल को सुरक्षित रखने के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि पौधारोपण होने के बाद उसकी सुरक्षा भी करे। मुख्य अतिथि के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोतवाली परिसर व छत्रसाल इंटर कालेज परिसर में छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने नीम, पीपल, बरगद आदि के पौधारोपण किया गया और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगवाये गए। पौधारोपण के दौरान हाजी सईद चिश्ती, जफर अत्तारी, वलीउल्लाह अत्तारी, इमरान अत्तारी, जुनैद अत्तारी, अब्दुल रशीद अत्तारी, बिलाल अत्तारी, अरशद अत्तारी, आरिफ अत्तारी, निजाम अत्तारी, सोहेल अत्तारी, अशफाक अत्तारी, शोएब अख्तर, मुशीर अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# आशा बहुओ के सहारे चल रहा जनसेवा हॉस्पिटल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से जिले में अनेकों नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। बोर्ड पर अवैध रूप से नामचीन डिग्रीधारी डाक्टरों का पैनल बनाकर खूब प्रचार प्रसार किया जता है। ताजा मामला सीतापुर के प्रेम नगर में संचालित जनसेवा हॉस्पिटल का है। जहां पर सुरेश ने अपनी पत्नी आरती को 7 जुलाई दिन शुक्रवार को थाना सदना निवासी वर्तमान में लोहरबाग सीतापुर में रहने वाले युवक ने एक आशा सुधा के कहने पर अपने मरीज को तब अनजाने में भर्ती करा दिया। जब युवक अपनी मां और सास के साथ अपनी 7माह गर्गवती पत्नी को जिला महिला अस्पताल सीतापुर दिखाने आया था।

▸ चिकित्सक द्वारा तीमारदार से डिस्चार्ज के समय लिया गया शपथ पत्र

जिला महिला अस्पताल की डाक्टरो ने अभी डिलीवरी होने में समय बताया। तीमारदार घर जा ही रहे थे। तब जिला महिला अस्पताल में एक आशा मिली जिसने उनको अपने परिचित डॉक्टर को दिखाने के लिए बात कही। वह अपनी पत्नी को लेकर आशा के साथ जनसेवा अस्पताल पहुंच गया जहां पर डॉक्टरों ने कहा कि रुपयों का इंतजाम करिए रुपयों का इंतजाम करने के लिए चला गया। युवक ने अपनी पत्नी को अपनी माता और सास के साथ छोड़ गया। उसे फोन पर पता चला कि उसकी पत्नी का




ऑपरेशन कर दिया गया है बच्चे का जन्म हुआ है जिसकी हालत गम्भीर थी। बच्चे को सीतापुर में सिविल लाइन स्थित अवनीश जायसवाल के हॉस्पिटल में एडमिट कराना है। दौड़ता भागता जनसेवा अस्पताल आया जहां पर बच्चे को ले कर जैसे यहां पहुंचा लेकिन वहां पर जिला महिला अस्पताल में अपनी बच्चे को बड़ी मांग के साथ जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात में ही उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। आरती के पति सुरेश ने बताया की डिस्चार्ज के समय एक प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र चिकित्सक के द्वारा बनवाकर लिया गया। जिसमें यह दर्शाया गया की महिला को जिला महिला अस्पताल रिफर कर दिया गया था जहां पर उसके बच्चे की मौत हुई। लेकिन चिकित्सक के द्वारा वाइट में यह कहा गया है कि सीजर जनसेवा हॉस्पिटल में किया गया जो मेरी देखरेख में हुआ। वही सुरेश की मां के द्वारा कहा गया कि सुरेश किसी तरह जनसेवा हॉस्पिटल से अपनी पत्नी को निकालने के लिए डॉक्टर के बताए गए नियमों के आधार पर शपथ पत्र पर साइन भी कर दिया। जो शपथ पत्र चिकित्सक के द्वारा ही बनवाया गया था। इसके साथ ही जनसेवा के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ जे एस तोमर के द्वारा सुरेश से 5000रू0 भी लिए गए। सुरेश ने बताया कुल 14000रू0 हमने अपनी पत्नी के सीजर के लिए दिए हैं वही सुरेश ने यह भी बताया कि चिकित्सा के द्वारा 30000रू0 की मांग की जा रही थी। लेकिन मेरे पास ना होने के कारण शेष रुपए बाद में देने की बात कहीं गई है। अब देखना यह है कि मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा ऐसे नर्सिंग होमो पर क्या कार्यवाही की जाती हैं।

# विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बना : हर्ष गुप्ता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सरस्वती शिशु मंदिर में परिषद का 75वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें संगठन की नीतियों, छात्र शक्ति, राष्ट्रशक्ति एवं छात्र सेवा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रान्त सह संयोजक एसएफएस हर्ष गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद में चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बताया कि 9 जुलाई 1949 में स्थापित अभाविप आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जो छात्र हित के साथ ही समाज व राष्ट्र हित में भी कार्य करती आ रही है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्रों के साथ साथ राष्ट्रहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों को न सिर्फ उठाया बल्कि उसे लेकर प्रभावी देशव्यापी आंदोलन भी किया है। अभाविप छात्रहित व राष्ट्रहित के साथ साथ महिला सहशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे देता आ रहा है। आज समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ रही है। इस मौके पर तहसील संयोजक सत्यम याज्ञिक, सह संयोजक रिया राठौड़, नगर अध्यक्ष आदित्य, आशा प्रजापति, स्वयं गोस्वामी, गोपालजी बाथम, कीर्तिमान श्रीवास्तव, सुमित पांचाल, डॉली विश्वकर्मा, शिवम सेंगर, आयुष पटेल, यश ठाकुर, अनिरुद्ध कश्यप, यश विश्वकर्मा, माडिक गुर्जर, रितिक बाथम, हरिओम पटेल, साहिल सेंगर आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को जानकारी दी जाती है कि मैं आशीष कुमार गुप्ता पुत्र श्री राकेश कुमार गुप्ता को गृह ऋण सुविधा संपत्ति एक किता आवासीय मकान जो कि स्थित मोहल्ला / ग्राम- ललितानगर / सैधरी तहसील लखीमपुर परगना व जिला खीरी को बंधक रख रहा हूं। उपरोक्त संपत्ति का पिछला बैनामा जिस की मूल प्रति खो गई है। खोया हुआ बैनामा उपनिबंधक लखीमपुर में बही सं0-01 जिल्द सं0- 1475 पृष्ठ सं0-66 से 68 पर क्रमांक-4194 दिनांक 31-3-1987 में पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति व संस्था को उपरोक्त संपत्ति बंधक किए जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यो के साथ मुझसे सात दिनों के अंदर संपर्क सूत्र के द्वारा संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक आपत्ति प्राप्त ना होने पर मेरे द्वारा उक्त ऋण IDFC FIRST BANK शाखा लखीमपुर से लिया जाएगा। तथा उक्त संपत्ति पर मेरा विधिक प्रभार होगा।

द्वारा

आशीष कुमार गुप्ता पुत्र श्री राकेश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम गोरिया भीलम लगुचा खीरी मो0नं0- 9648476711

अधिवक्ता

मेजर सिंह गिल

ऑफिस चैंबर नंबर-09 महात्मा गांधी चैंबर सिविल कोर्ट लखीमपुर खीरी मो0नं0- 9450891243

# महादेवा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## एसपी ने सुरक्षा के पुख्ता किये इंतजाम

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

सावन माह के पहले सोमवार को लोधेश्वर महादेवा के पावन शिव धाम मे लाखो शिव भक्तो का जन सैलाब उमड पडा।रविवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिह मेले की सुरक्षात्मक व्यवस्थाओ के प्रति आडीटोरियम मे समीक्षा बैठक कर रहे थे।रविवार की अर्ध रात्रि से प्रशिद्व शिव मंदिर के पट खुलते ही हर हर बम बम के जयकारो के साथ एक बार फिर भूत भावन भोलेनाथ के पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक का क्रम शुरु हो गया।जो सोमवार की देर रात्रि तक चलता रहा।

मालूम हो कि लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्व शिवधाम मे सावनी मेले मे पहले सोमवार को शिवभक्तो का जन सैलाब उमड पडा।चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्थाओ के बीच शिव भक्त नर नारी पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक कर मन वांछित फल की कामना कर रहे थे।रविवार के दिन से ही शिव भक्तों का बडी संख्या मे आना शुरू हो गया था।जगह जगह पर भक्तगण



भजन कीर्तन कर रहे है।अभरन सरोवर मे लगाई गयी बैरीकेटिग पहले सोमवार को टूट गयी जबकि पूर्व के समय मे अभरन सरोवर मे ही शिव भक्त के डूब जाने की घटना घटित हो चुकी है। जिस पर प्रशासन से विशेष गौर करने की बात चल रही थी अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र ने मेला प्रभारी उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान के साथ सम्पूर्ण मेले का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। तहसीलदार कविता ठाकुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश पांडेय नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी अपने अपने दायित्वो के प्रति मुश्तैदी से लगे हुये थे। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने महादेवा ऑडिटोरियम मे सुरक्षा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की।रविवार की शाम से लोधेश्ववर महादेवा मे शिव भक्तो बढ चुकी आमद सोमवार की देर रात्रि तक जारी रही।इस मौके पर रामसनेहीघाट क्षेत्रधिकारी जटाशंकर मिश्र कोतवाल सुरेश पांडेय मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज महादेवा धर्मेंद्र खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी, प्रीती वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एडीएम सिटी, एडीएम वित्त पदभार किए ग्रहण

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

2015 बैच के पीसीएस अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सोमवार को एडीएम सिटी का पदभार ग्रहण किया। अपने कार्यालय में बैठ आए हुए फरियादियों की समस्याओं सुन कर फाइल्स का निस्तारण किया। नवागत एडीएम सिटी ने नगर की कानून व्यवस्था को बनाए रखने और समस्याओं के निस्तारण में तेजी लाने की बात कही। नवागत एडीएम सिटी 30 जून 2022 को सिटी मजिस्ट्रेट का कार्यभार ग्रहण कर शहर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे शासन ने उनके कार्यो को देखते हुए गोरखपुर जनपद का ही एडीएम सिटी बनाकर नगर क्षेत्र की व्यवस्थाओं को और बेहतर तरीके से काम करने उम्मीद रखती है एडीएम सिटी ने कहा कि नगर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास होगा। सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को उनके कर्तव्य निर्वाह के प्रति जिम्मेदार बनाया जाएगा। ये सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनरूप कार्य को गति दिया जाएगा। आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निदान, गुणवत्ता पूर्ण, निष्पक्ष और बिना किसी भेदभाव के निस्तारण होगा। हर फरियादी को संतुष्ट करने का प्रयास होगा। श्री सिंह मूलतः गाजीपुर जनपद के गहमत थाना के कन्हैया गांव निवासी प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार सिंह के पास रह कर अपनी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा को पूरा किया। उन्होंने अपनी शिक्षा वाराणसी के केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त करने के बाद आईआईटी दिल्ली से एमटेक किया। फिर, पीसीएस की तैयारी में जुट गये। वर्ष 2015 में पीसीएस अधिकारी होकर रायबरेली, बनारस, जौनपुर, आगरा में विभिन्न पदों पर दायित्वों का निर्वहन किया शासन ने 30 जून 2022 को सिटी मजिस्ट्रेट बनाकर गोरखपुर भेजा गया था तब से अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए अपने कार्यो का निस्तारण कर रहे थे शासन ने 2 जुलाई को उनके कार्यो को देखते हुए गोरखपुर का एटीएम सिटी बनाया।

## नीरज श्रीवास्तव बने कृषि विश्वविद्यालय के नये एफओ

**अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में लंबे समय से रिक्त पडा वित्त अधिकारी का पद आबाद



हो गया है। इस पद पर नीरज श्रीवास्तव की नियुक्ति की गई है। सोमवार को नवागत वित्त अधिकारी के रूप में श्री श्रीवास्तव ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत वित्त अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह से मुलाकात की,उनका कुशलक्षेम जाना और विश्वविद्यालय के कार्य प्रगति पर चर्चा की। नवागत वित्त अधिकारी श्री श्रीवास्तव इससे पूर्व अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन अयोध्या मंडल के पद पर कार्यरत थे।पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत वित्त अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए वे किसी प्रकार की आर्थिक बाधा को सामने नहीं आने देंगे।उन्होंने कहा कि कर्मचारियों एवं शिक्षकों की जो भी समस्याएं उनके सामने आएंगी,उसका नियमानुसार त्वरित समाधान किया जाएगा।

## अंजू बनी बीकापुर नगर पंचायत के नई ईओ, संभाला पदभार

**अयोध्या।** प्रतापगढ़ जिले से अयोध्या के लिए स्थानांतरित होकर आई नवागत अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने सोमवार को नगर पंचायत



बीकापुर कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया।अपना पदभार ग्रहण करने के बाद अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं प्राथमिकता पूर्वक जरूरतमंदों को लाभ दिलाना और हर वार्ड में विकास कार्य कराना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।ज्ञांत हो कि पूर्व में यहां कई वर्षो से तैनात रही अधिशासी अधिकारी रागनी वर्मा का गैर जनपद स्थानांतरण हो चुका है।इस वजह से पिछले करीब एक सप्ताह से अधिशासी अधिकारी की कुर्सी खाली पड़ी थी जो सोमवार को इनके पदभार संभालने के बाद आबाद हो गई। नवागत अधिशासी अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना,सभासद राजेंद्र कुमार यादव व राकेश कुमार वर्मा सहित अन्य कई सभासद एवं नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

## विवाद में प्राथमिकी दर्ज कर कई लोगों को न्यायालय भेजा गया

**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन संबंधी विवाद पर सुलह समझौता दोनों पक्षों में नहीं होने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी नागेश कुमार सिंह द्वारा जांच उप निरीक्षक द्वारा कराए जाने उपरांत ग्राम बीडर निवासी सत्यनारायण उम्र 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल, प्रताप सिंह उम्र 41 वर्ष पुत्र मुकुट धारी दोनों पक्ष को सीआरपीसी की धारा 151 107 116 में चालान कर न्यायालय भेजा गया द्य वहीं आवेदिता मनबसा दुद्धी सोनभद्र निवासी पूनम देवी उम्र लगभग 28 वर्ष पत्नी शिवकुमार मौर्य के प्रार्थना पत्र पर जांच उपरांत पूनम देवी, मनबसा निवासी गीता रानी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी दीपक कुशवाहा, बनबसा निवासी रजवंती देवी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी रामप्यारे व द्वितीय पक्ष के दुलर देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी मोती सिंह, नीलम देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी विनोद सिंह, शांति देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी राधेश्याम निवासी समस्त मनबसा दुद्धी सोनभद्र दोनों पक्ष कें तीन तीन महिलाओं को सीआरपीसी की धारा 151 107 116 के तहत चालान कर न्यायालय भेजा गया।

## भूमि संबंधी विवाद में जातिसूचक गाली देना पड़ा भारी

**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के शिकायतकर्ता बाबूलाल पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम बीडर दुद्धी कें जमीन संबंधी विवाद के तहरीर पर आरोपी हुकुमचंद पुत्र नाहर, सूरज पुत्र हुकुमचंद, नीरज पुत्र हुकुमचंद समस्त निवासी ग्राम विडर दुद्धी को जमीन संबंधी जोत -कोड़ विवाद व जानमाल की धमकी दिए जाने पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 504, 506 भारतीय दंड विधान 3 (2)1ड्ड 3 (1)द 3(1)ध यस सीएसटी के तहत मामला पंजीकृत करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने मिशन निरामया के तहत रैली निकाली




**सोनेभद्र, समृद्धि न्यूज़**

- सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को किया गया जागरूक
- मुफ्त परामर्श के साथ ही लोगों में वितरित की गई दवा
- साईनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल एंड नर्सिंग साइंसेज हिंदुआरी में हुआ आयोजन

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी मुहिम मिशन निरामया के अंतर्गत साईनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड नर्सिंग साइंसेज, हिंदूवारी, सोनभद्र द्वारा सोमवार को ओबरा, अहरौरा व अदलहाट में भव्य रैली का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के नर्सिंग पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने नागरिकों को सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी इस मुहिम का लक्ष्य छात्र-छात्राओं को नर्सिंग के क्षेत्र में रोजगार के साथ- साथ प्रदेश में चिकित्सा की गुणवत्ता में वृद्धि सुनिश्चित करना है। वर्तमान समय में इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण होने के पश्चात भारी संख्या में छात्र-छात्राएं बी0एस0सी0 (नर्सिंग), बी0फॉर्म0, डी0फॉर्म0, जी0एन0एम0 इत्यादि जैसे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित पाठ्यक्रमों का चयन कर रहे हैं, ताकि वे अपना कैरियर चिकित्सा के क्षेत्र में स्थापित करते हुए सरकार की नीतियों का लाभ उठा सकें।

सरकार द्वारा जारी इस मुहिम को साईनाथ कॉलेज, हिंदूवारी, सोनभद्र के सचिव एस0के0 मौर्य एवम प्रबंधक डी0 के0 पाठक की अध्यक्षता व प्रॉक्टर सूर्यदेव पांडेय, प्रोफेसर पी0के0 दास, पंकज सिंह, अवनीश मिश्रा, प्रिंस राय, अरुण चतुर्वेदी, आलिया बानो, कल्पना सिंह की कुशल नेतृत्व में मिशन निरामया की द्वितीय रैली का आयोजन कर विद्यार्थियों को नर्सिंग व पैरामेडिकल क्षेत्र के बारे में जागरूक किया गया तथा नागरिकों को मुफ्त परामर्श व दवा भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्थानीय निवासी गोपाल दुबे इत्यादि ने भरपूर सहयोग किया।

# जनता से किए गए वादों को पूरा कर रही है सरकार : सुरेन्द्र अग्रहरि

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा घर घर चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत की वोटरों से मिलकर जानकारी दी गई कि केन्द्र में स्थापित मोदी जी की सरकार ने बीते 9 वर्षो में क्या किया? साथ ही और कहां तक सोचकर कार्य करने जा रही है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार ने जो वादे किए थे, उसको सरकार पूर्ण करने में सफल साबित हो रही है। भाजपा नेता तथा डीसीएफ चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रहरि ने कहां की प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं से मिलकर महिला



सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और छात्राओं के लिए केन्द्र सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है जो सरकारें आज तक कर नही पाई उसको सबके सामने रख दिया ।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में समूहों का बड़ा योगदान रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से देश की आधी आबादी खुशहाल जीवन यापन कर रही हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण देकर छात्राओं और महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने में बखूबी भूमिका निभा रही हैं। लोक कल्याण संकल्प पत्र में जनता से किए गए वादों में से 90प्रतिशत वादों पर क्रियान्यवन किया जा रहा है।सरकार की विकास यात्रा किसानों, औद्योगिक विकास एवम बुनियादी सुविधाओं,महिला सशक्तिकरण, युवाओं, ,स्वावलंबन से सशक्तिकरण व अन्त्योदय को केन्द्रित कर त्वरित सर्व समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर अमित यादव, डॉक्टर विनय, अंशुमान रॉय, राजेश्वर श्रीवास्तव, विजय गुरुजी, नित्यानन्द मिश्रा, आनन्द ऊर्फ बबलू केशरी , निरंजन अग्रहरि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में महिलाओं के किए गए चेकप

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

राबर्टसगंज नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का चेकअप और अल्ट्रासाउंड गर्भावस्था के तीन माह छह माह और नौ माह पर निशुल्क कराया जाता है। महिलाओं को सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वही डॉक्टर जेपी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनके खानपान और दवा के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच होती हैं. उनका टीकाकरण होता है और साथ ही उनके बीच पोषाहार और दवाओं का वितरण भी किया जाता है. इस अभियान के तहत जोखिम वाले गर्भावस्था की पहचान भी जाती है। ताकि उन्हें समय पर डॉक्टरी सलाह दी जाती है। गर्भावस्था का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद महिलाओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

# बीजेपी सरकार में हो रहे पिछड़े दलित के ऊपर अन्याय अत्याचार हो बन्द : रविकांत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

बीते घटना 6 जुलाई को हुआ था, जिसका वीडियो बना लिया गया था, जो सोशल मीडिया और न्यूज़ के माध्यम से चल रहा है वीडियो वायरल होने के बाद 8 तारीख को पुलिस ने संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार को थाने बुलाकर एफ आई आर दर्ज कर लिया था। जो काफी हाइलाइटेड मामला हो चुका है जिसमें सोमवार को आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार राजेंद्र कुमार के घर ग्राम सभा परासी (बहुआरा) स्थित पहुंचा जिसमें पीड़ित परिवार को आश्वासन दिलाया गया कि भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी आपके साथ है। डरने की जरूरत नहीं है न्याय के लिए



हम लोग आवाज लगातार उठाएंगे और न्याय के लिए लड़ेंगे जिसमें पीड़ित परिवार के पास एक भी बिस्सा जमीन नहीं है। इस विषय में डीएम से मिलकर पट्टा दिलाए जाने की बात भी कहा गया बहुत जल्द डीएम साहब को ज्ञापन दिया जाएगा। बीजेपी के सरकार में बहुजन समाज के अति पिछड़े दलित के ऊपर अन्याय अत्याचार लगातार जारी है ऐसी घटनाएं प्रदेश में बहुत ज्यादा घटती हैं जिसका कोई प्रूफ नहीं रहता वह घटनाएं दवा दी जाती हैं।

## महादेवा में वाहन पार्किंग ठेके में भारी भरकम वसूली की हो रही चर्चा

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा मे वाहन पार्किंग के नाम पर ठेकेदार और उनके लोगो के द्वारा की गई भारी भरकम वसूली चर्चा का विषय है।मेला आने जाने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहनों से मानक के विपरीत जमकर वसूली की गई।वाहन स्टैंड ठेकेदार और उनके सहयोगियों ने ऑडिटोरियम सहित अन्य स्टैंडो पर प्रति मोटरसाइकिल 30 रुपए तथा छोटे चार पहिया वाहनों से प्रति वाहन 100 रुपए वसूले किये।आस पास गांव के निवासियो को भी नहीं बख्शा गया नियम के अनुसार वाहन स्टैंड पर रेट बोर्ड लगाना बहुत जरूरी होता है।लेकिन वह ऐसा न कर मनमानी तरीके से वसूली कर रहे है।इस बार वाहन स्टैण्ड के ठेकेदार ने महादेवा के चारो तरफ आवागमन वाले मार्गो पर भी वाहन रोक के लिये बैरियर लगा कर स्टैण्ड बनाया।

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने जाति जनगणना के लिए की मुहिम तेज

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को रावटसगज स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला परिसर में आयोजित की गई जिसमें कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा जाति जनगणना कराने को लेकर हुई चर्चा।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जनपद की मासिक बैठक में अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मनोज देव पांडे ने बताया कि जाति जनगणना के लिए कार्यकर्ता को लामबंद होने की अपील की गई वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश यादव ने बताया कि आप लोग अपने संगठन को गांव गांव जाकर भूत तक मजबूत करने का काम है जब आप लोग गांव में जाएंगे तो गांव के समस्या को जानेंगे तब उस समस्या से निजात दिलाने के लिए आप लोग एकजुट होकर समस्या का निजात एकजुट होकर कर पाएंगे इसी क्रम में प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र पटेल ने भी कहा कि हम लोग सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लोग हैं हमारी पार्टी चाहती है कि जो सबसे पीछे की कतार में पड़ा है 130 सबसे आगे की लाइन में आ जाए यही पार्टी चाहती है इस मौके पर अनुराग, राजकुमार धनगर, गणेश राजभर, सोमवती, ममता, सविता, लाल बहादुर, पुष्पा, रानी, मीरा, सरस्वती, मंजू, रजवंती, बेबी, रामजीत पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में आईजीएल के बिजनेस हेड ने किया सहयोग

**सहजनवां गोरखपुर (समृद्धि न्यूज़)।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल द्वारा राज्य में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य के साथ साथ क्रीडा प्रतिगोगितायो में भी समय समय पर सहयोग किया जाता है। सिद्धार्थनगर जनपद में दो दिवसीय आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में आईजीएल कंपनी ने करीब तीन लाख रूपए का सहयोग किया और इस कार्य में सम्मिलित करने हेतु अपर मुख्य सचिव तथा खेल निदेशक की भी धन्यवाद दिया।इसके साथ ही बताया की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तथा बासी के विधायक एवं उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष श्री जय प्रताप सिंह (राजा जी) की अगुवाई में जिले में पहली बार सब जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई है, जिसमे पूरे प्रदेश के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रही है।

# एसयूवी की टक्कर से टेम्पो सवार आधा दर्जन लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में चालक सहित टैम्पो पर सवार आधा दर्जन महिलाएं बच्चे घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के थाना मोहनलालगंज अंतर्गत खुजौली गांव निवासी टेंपो चालक गया प्रसाद पुत्र बराती लाल अपने टेंपो पर महिलाओं एवं बच्चों को बैठाकर अमेठी जनपद के सिंहपुर ब्लाक में स्थित अहरवा भवानी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहा था। दोपहर 12¬30 बजे जब टेंपो त्रिवेदीगंज विकासखंड मुख्यालय के बगल से गुजरे पूर्वांचल एक्सप्रेस के ओवर ब्रिज के आगे बने कट से टैम्पो मोड रहा था कि तभी सुल्तानपुर की ओर से आयी तेज रफ्तार एसयूवी कार ने टेंपो मे जोरदार टक्कर मार दी जिसमें टेंपो चालक गया



प्रसाद के अलावा नैतिक पुत्र गुड्डू उम्र 5 वर्ष,तारा पत्नी बंसीलाल, बुद्धेश्वरी पत्नी रामनरेश, चंद्रिका पुत्र शिवचरण, गुड्डा पत्नी स्वर्गीय राम प्रकाश, गीता पत्नी गुड्डू आदि घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया, जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल टेंपो चालक गया प्रसाद एवं चंद्रिका को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

## बाइक सवार की टक्कर से राहगीर सहित चार लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनी कटरा अंतर्गत दहिला पोखरा मार्ग पर गंगापुर गांव के पास बाइक सवार द्वारा टक्कर मार देने से राहगीर और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। घायल राहगीर का भिलवल स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी रामसेवक पुत्र सुक्खा शिवनाम से पैदल ही अपने घर जा रहे थे कि तभी अपने गाँव से दहिला की ओर बाइक से जा रहे शिवनाम गाँव निवासी राम खेलावन राम सेवक को जोरदार टक्कर मारते हुए स्वयं भी गिरकर घायल हो गए। दूसरी घटना हैदरगढ़- सुबेहा मार्ग पर हुई, इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के भिखरा गांव निवासी मायाराम 47 वर्ष अपने साथी बरांवा गांव निवासी शिवकुमार 45 के साथ बाइक से सुबेहा जा रहे थे।बीजापुर गांव के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी।दुर्घटना में मायाराम व शिवकुमार बुरी तरह घायल हो गए।दोनों को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया।यहां शिवकुमार को गंभीर हालत में ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा गया है।वहीं टक्कर मारने वाला बाइक सहित फरार हो गया।

# यूसीसी का विरोध करने वाले देश के असली दुश्मन : वकार अहमद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

देश के 85 फीसदी मूलनिवासियों ने पसमांदा मुस्लिम समाज को अपनाने की किसी ने कोशिश ही नही की। क्या कांग्रेस, बसपा, सपा या फिर मुसलमानों के कथित हित की बात करने वाला आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड। इतना बड़ा संगठन 15 फीसदी अशराफ मुस्लिम आबादी के दायरे में ही है। राजनीति करने में तेज इस संगठन ने कभी पसमांदा मुसलमान की वकालत नही की न सार्वजनिक मंच पर नाम ही लिया। फिर किस मुंह से पसमांदा मुस्लिम की बात करते हैं। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जिले के क़स्बा रामपुर में पसमांदा समाज के जिला उपाध्यक्ष हाजी नुरूल हसन



अंसारी द्वारा आयोजित जिला प्रतिनिधि सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अगुवाई का मतलब ही पर्सनल लॉ बोर्ड नही जानता, 15 फीसदी को साथ लेकर चलो और 85 फीसदी को सिर्फ लॉलीपॉप। बात मुसलमानों के हित उनके अधिकार की होती है और फ़ायदे के वक़्त 15 फ़ीसदी अशराफ मुसलमान ही आगे रखा जाता है। बोर्ड ने पसमांदा मुसलमान का जमकर इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि 15 फीसदी अशराफ मुसलमान हकीकत में इन देश की आबोहवा तरक्की और सौहार्द के दुश्मन हैं। पसमांदा समाज के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव वक़ार अहमद हवारी ने कहा कि 15 फीसद वही लोग हैं, जिन्होंने पसमांदा समाज की तरक्की पर धारा 341 के तहत लगाए गए धार्मिक प्रतिबन्ध का कभी जिक्र किया न विरोध। यह मुद्दा 15 फीसदी मुसलमान को कभी न अखरा और न मुल्क के किसी हिस्से में बात ही की। फिर किस मुंह से मौलाना मदनी पसमांदा मुसलमान से साथ की उम्मीद रखते हैं। 85 फीसदी आबादी की आजादी, तरक्की का हमेशा विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि यूसीसी का विरोध करने वाले इस मुल्क के असली दुश्मन हैं, इनसे किसी तरह की उम्मीद रखना सिर्फ मूर्ख बनने जैसा है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि मौलाना मदनी के बयान व उनकी राय से 85 फीसदी पसमांदा आबादी सुई की नोक बराबर परवाह नही करती और न ही उनसे कोई मतलब ही है। राजनीति की चाशनी में गले तक डूबे मौलाना मदनी 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान की परवाह छोड़ खुद के बारे में सोंचे, पसमांदा मुसलमान हमेशा की तरह देश की आन बान शान के साथ कदम मिलाने के लिए मुस्तैद है।

# गगनभेदी जयकारों से गूंजे शिवालय

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

सावन माह के पहले सोमवार को क्षेत्र के सभी शिवालय शिव भक्तों के हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठे। इस अवसर पर शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को प्रिय बेलपत्र धतूरा शमी पत्र फूल गंगाजल सहित अन्य सामग्री शिवलिंग पर चढ़ाकर अपनी एवं परिवार की कुशलता की कामना की। तहसील मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर मध्य रात्रि से ही शिव भक्तों का मंदिर पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया और भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुबह 3 बजे ही मंदिर के कपाट जलाभिषेक के लिए खोल दिए गए। यहां पहुंचे तमाम भक्तों ने आदि गंगा गोमती में स्नान करके मंदिर में



पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस दौरान भूत भावन भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए आए भक्तों को नियंत्रित करने के लिए मुख्य द्वार पर वैरीकेटिंग की व्यवस्था की गई थी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी लगाए गए थे जो भक्तों को 10-10, 20-20 के जत्थे में मंदिर की ओर भेज रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यहां पर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्वयं उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित महाजन राजेश एवं पुलिस उपाधीक्षक जेएन अस्थाना कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज आदि मौजूद थे।

## शिवालयों में गूंजा हरहर महादेव, भक्तों का लगा तातां

**मसौली बाराबंकी।** सावन महीने के पहले सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार के दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। क्षेत्र के ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर, कस्बा मसौली बाजार शिव मंदिर, प्रेमश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित शिव मंदिरो , शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया।

# सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर बताई सरकार की उपलब्धियां

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**9 साल** सेवा सुशासन और गरीब कल्याण महासंपर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के मंडल श्रीनगर में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जन जन तक पहुंचाने की बात की गई

श्रीनगर कस्बे के बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी की महासंपर्क अभियान के अंतर्गत मंडल श्रीनगर की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि ने 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी जैसे सशक्त किसान समृद्ध भारत ,महिला सशक्तिकरण, सशक्त बनती भारत की अमृत पीढ़ी ,उदय का मूल मंत्र ,मध्यम वर्ग का जीवन रक्षक शासन जैसी कई बिंदुओं पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप सोनी ने किया बैठक के बाद मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक भी की जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर के एक दूसरे से घर परिवार जैसे भोजन किया इस मौके पर रविंद्र महेंद्र ,देवेंद्र शुक्ला ,मयंक तिवारी,अनूप सोनी , जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग नरेश राजपूत, पुष्पराज सिंह ,रामकरण मिश्रा , जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप तिवारी, बृजकिशोर राजपूत, विश्वनाथ सिंह परिहार ,राहुल तिवारी ,राजेश नामदेव ,आशीष मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया 75 वां स्थापना दिवस

**चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज**




**चरखारी** नगर इकाई द्वारा 09 जुलाई स्थापना दिवस को (राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस) के रूप में मनाया 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर परिषद की पाठशाला रूपनगर, व डॉ.भीमराव अम्बेडकर पाठशाला एवं पुस्तकालय खंदिया चरखारी में पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के नेतृत्व में स्थापना दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम किए गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा चरखारी नगर मंडल उपाध्यक्ष युवराज सेंगर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनिल कुशवाहा एबीवीपी पूर्व प्रांत सहमंत्री रहे युवराज सेंगर पूर्व में विद्यार्थी परिषद चरखारी से नगर मंत्री रहे वर्तमान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष युवराज सेंगर ने बताया कि छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद की स्थापना 09 जुलाई 1949 को हुई एबीवीपी 1949 से निरंतर राष्ट्र हित में अग्रसर है वही पूर्व प्रांत सहमंत्री अनिल कुशवाहा ने कहा कि *राष्ट्र पुनर्निर्माण लक्ष्य है हमारा, छात्र-शक्ति अनुपम थाती द्य राष्ट्र के हित कुछ करना चाहें, तो बनिए इसके सहयात्री द्यद्य* और कहा कि विद्यार्थी परिषद को 75 वर्ष पूरे हो चुके है सन 1949 से छात्रहित के साथ राष्ट्र हित में अनवरत कार्य कर रहा है और कहा की शिक्षा जगत की समस्या हमारी समस्या है,जिसका समाधान भी हम करेंगे एबीवीपी कार्यकर्ता छात्रहित में तत्पर रहते है कार्यक्रम में जिला संयोजक मोहित घोष,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य इन्द्र कुमार कुशवाहा ,वर्षा रैकवार व,अंजली, पार्वती, पवन कुशवाहा,अनिल प्रजापति, दिनेश ,अमन,रीतेश, रामअवतार सहित नगर इकाई के कार्यकर्ता एवं पाठशाला में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### विवेक विधानसभा अध्यक्ष, सत्यशील उपाध्यक्ष नियुक्त

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान के नेतृत्व में कुंज, छिपैटी में कार्यक्रम के दौरान इटावा के वरिष्ठ व्यापारी विवेक अग्रवाल एवं सत्यशील सोनी ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता रसीद एवं मनोनयन पत्र देकर फूल माला पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विवेक अग्रवाल को इटावा विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया और वरिष्ठ व्यापारी सत्यशील सोनी को इटावा विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में शामिल होकर व्यापारी हित एवं विकास के लिए कार्य करूंगा। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. संतोष राठौर, संतोष कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी इकरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, विकास गुप्ता विकी, युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा, युवा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सर्राफा एसोसिएशन मंत्री श्याम जी आदि व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 34 मरीजों का हुआ परीक्षण

**इटावा।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा आयुर्वेद की क्षार सूत्र चिकित्सा पद्धति द्वारा गुदा रोगों का निशुल्क परामर्श एवं परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. अवनीश कुमार के नेतृत्व में पब्लिक हेल्थ क्लीनिक जसवन्तनगर पर किया गया। जिसमें 34 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण संखवार ने भारत माता एवं विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं रोली वंदन व दीप प्रज्वलित कर कियाद्व पालिका अध्यक्ष ने आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का नगर में आयोजन पर भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर इस नेक काम के लिए प्रशंसा कीद्व इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य इंद्रपाल सिंह कुशवाह डॉ पुष्पेंद्र पुरवार डॉ स्वराज श्रीवास्तव राजीव माथुर अध्यक्ष सुरेंद्र धनकर वटेश्वरी दयाल प्रजापति अशोक यादव ठेकेदार सचिव अनुभव यादव विनोद गुप्ता कोषाध्यक्ष सुमित गुप्ता दीपक यादव विमलेश कुमार दिनेश चौरसिया आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पौधारोपण एवं वृक्ष भंडारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**इटावा।** सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए कटिबद्ध, इसलिए वन विभाग पौधरोपण के साथ-साथ लोगों को संवेदनशील पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रही है पौध भंडारा के माध्यम से बच्चों को किया जा रहा है पौधरोपण के प्रति जागरूक। इस दौरान बांटे गए पौधों को बच्चे अपने अपने घरों में लगा कर संरक्षित रखें उक्त उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कुंडेश्वर धाम में आयोजित पौधारोपण एवं वृक्ष भंडारा कार्यक्रम में दिए। उन्होंने कहा कि यह पौधे वृक्ष बनकर आप लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन में भूमिका निभाएंगे । प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला ने कहा की वन महोत्सव का उद्देश्य ही यही है कि हम सभी लोग कम से कम एक पेड़ या पौधा लगाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी हम शुद्ध हवा दे सकें। हर नागरिक से यही उम्मीद की जाती है कि वो कम से कम एक पौधा तो अवश्य लगाएं। डॉ राजीव चौहान महासचिव स्कॉन ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य हैं और यह अगर एक बार पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील हो जाएंगे तो पूरी पृथ्वी हरी भरी हो जाएगी । वन क्षेत्राधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा एवं उज्जवल प्रताप सिंह (गोल्डी) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय एंव इंटर कॉलेज के सैकड़ों बच्चों को फलदार व छायादार पौध वृक्ष भंडारा में दिए गए। कार्यक्रम के दौरान , शिक्षा विभाग व वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी स्कॉन सचिव वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान,वन दरोगा ताबिश अहमद,सुनील कुमार ,रविंद्र मिश्रा अनिल चौहान, संतोष सिंह, जयशंकर, विकास भदौरिया, संजू चौधरी ,जीतू भदौरिया अजय सिंह भदौरिया, मंजू भदौरिया , हरपाल सिंह भदौरिया एवं सत्येंद्र भदौरिया आदि।

### ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**इटावा।** बनकटी बुजुर्ग गांव के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें बच्चों के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश के निर्माण, उचित पालन पोषण, बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाने, बाल विवाह रोकथाम, परित्यक्त नवजात शिशु के मिलने पर तत्काल थाने पर सूचित करने, प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत पात्र परिवारों को चिन्हित करने आदि पर चर्चा की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में आयोजित हुई उक्त बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत कोविड काल के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता या पिता अथवा दोनों को खो दिया हो उन्हें सरकार आर्थिक मदद कर रही है जिसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से आवेदन जमा कराया जा सकता है। उन्होंने बाल श्रम व बाल विवाह संबंधित सूचना चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर देने की अपील की। बैठक को पीएलवी रामसुंदर दुबे, ऋषभ पाठक ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश, पीएलवी नीरज कुमारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री राजकुमारी, सुमनलता, दुर्गेश कुमारी, लता, रानी, डॉली, खुशबू, सपना, बीना, सोनी, रानी, शिवानी, स्वाती, प्रीती, लक्ष्मी, श्यामसुंदर आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन के अंतर्गत जनपदवार गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया जिसमें महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# यूपी-112 पीआरवी कर्मियों को 'बेसिक पुलिस टैक्टिस' का दिया गया प्रशिक्षण

- संदिग्ध की तलाशी व गिरफ्तारी सहित कई आधुनिक तरीके बताये गए

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**अपर पुलिस** अधीक्षक महोबा सत्यम द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में चल रहे पीआरवी कर्मियों के दिनांक 19.06.2023 से 18 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा बेहतर पुलिसिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पीआरवी कर्मियों को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए 'बेसिक पुलिस टैक्टिस' का प्रशिक्षण दिया गया । मुख्यालय 112-यूपी के दिशा-निर्देश में महोबा जिले के 29 पुलिस कर्मियों को बुनियादी पुलिस रणनीति की जानकारी दी गयी, प्रशिक्षण में पीआरवी द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यों को भी शामिल किया गया है । पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण में बताया गया कि कार्य के दौरान यदि किसी आरोपी को गिरफ्तार करने की ज़रूरत पड़े तो उसको कैसे गिरफ्तार किया जाये, किसी संदिग्ध व्यक्ति या स्थान की तलाशी कैसे लेनी है और इस दौरान किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखना है, पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देने का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है । इसके साथ ही गिरफ्तारी के दौरान होने वाली अप्रिय घटनाओं और पीआरवी के साथ सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# पूर्व पालिका अध्यक्ष की दादी का हुआ निधन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** इकदिल के पूर्व चैयरमैन डॉ.सौरभ दीक्षित की दादी लक्ष्मी देवी उम्र 95 वर्ष पत्नी स्व.डॉ.सुधाकर लाल दीक्षित का आकस्मिक निधन हो गया।

उनके निधन पर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव प्रताप राजपूत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू चौधरी, पूर्व प्रधान मुकेश चौधरी, चैयरमैन फूलन, पूर्व चैयरमैन आशाराम गोयल, प्रेम नारायण त्रिपाठी पीएनटी , समाजसेवी एवं पत्रकार डॉ.सुशील सम्राट, विकास भदौरिया, श्याम चौधरी, उमेश राजपूत डुल्ले, मो. असर एड., अनिल चौधरी, सुनील टडंन एड. आदि नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# एसएमजीआई ने अपने नाम किए तीन महत्वपूर्ण पेटेंट

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**जनपद** इटावा में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ शोध के क्षेत्र में भी अग्रणी शिक्षण संस्थान एसएमजीआई के फार्मेसी विभाग के शिक्षकों ने तीन पेटेंट अपने नाम पंजीकृत कर अपने संस्थान सहित जनपद इटावा को भी गौरवान्वित किया है, ये तीनो पेटेंट संस्थान में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डा0 उमा शंकर शर्मा,श्वेता जैन, रेहान उद्दीन, मुकेश पाठक, अखिलेश दुबे एवं शाहनोज अनीस द्वारा इन्डियन पेटेंट कार्यालय में पेटेंट कराए गए है जिनमे से एक पेटेंट कैबेजीटैक्सेल जो कि एक एन्टीकैन्सर दवा है पर, दूसरा टेबलेट की घुलनशीलता उपकरण पर तथा तीसरा पेटेंट रक्त परीक्षण उपकरण पर पंजीकृत कराया गया है। इन तीनों पेटेंट के सफलता पूर्वक पंजीकृत होने पर पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल है। ज्ञात हो कि, कॉलेज के डायरेक्टर डा0 उमा शंकर शर्मा तथा पेटेंट पर कार्य करने वाले सभी शिक्षकों ने इन तीनों पेटेंट पर कई महीनों पूर्व ही कार्य करना शुरू कर दिया था जिसके बाद अब अपने पेटेंट के पंजीकरण में सफलता प्राप्त की। पेटेंट के सफलता पूर्वक पंजीकृत हो जाने पर एसएमजीआई के चेयरमैन डा0 विवेक यादव ने संस्थान के डायरेक्टर डा0 उमा शंकर शर्मा सहित सभी सहयोगी शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# साइबर सेल महोबा द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितों के कुल 61,305/- रुपये खाते में वापस कराये गये

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**आये दिन** साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है । उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम (नोडल जनपदीय साइबर सेल) के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर सेल टीम महोबा द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता को आवेदक क्रमशः विकास राजपूत पुत्र करन सिंह निवासी पनवाड़ी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा व अंकित कुमार दुबे ने अपने साथ हुयी धोखाधडी के संदर्भ मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम मे साइबर सेल द्वारा प्रार्थना पत्रों की जाँच की गयी, जाँच के दौरान पाया गया कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के साथ साइबर फ्रॉड के माध्यम से 61,305/- रुपये की ठगी कर ली गयी थी । आवेदकों के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेण्ट गेटवे/सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडितों की सम्पूर्ण धनराशि 66,490/- रुपये वापस करायी गयी, पीडितों द्वारा अपनी धनराशि प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की गयी ।

# माटीकला बोर्ड की समीक्षा बैठक में मेकिंग मशीन निशुल्क वितरण हुआ

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




उ.प्र. माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोला प्रजापति की अध्यक्षता में माटीकला बोर्ड की समीक्षा बैठक एवं विद्युत चालित चाक तथा दिया मेकिंग मशीन निशुल्क वितरण कार्यक्रम विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला प्रजापति को प्रजापति समाज के उद्यमियों द्वारा स्वयं की बनाई हुई दुर्गा की मूर्ति भेंट की गई। मंत्री द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार ही कार्य किया जाए एवं सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टों की संख्या बहुत ही कम है, इसको बढ़ाए जाने का कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिल्पकार के रेशों में पट्टे अवश्य किए जाएं साथ ही उन्होंने उद्यमियों से कब्जे किए हुए पट्टों की शिकायत भी सुनी एवं निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति गंभीर रहना एवं पट्टों पर कब्जा हटाए जाने का कार्य अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पट्टों का आवंटन एवं चिन्हीकरण ज्यादा से ज्यादा किया जाए। उन्होंने सभी उद्यमियों को माटी के बर्तन बनाने की जानकारी एवं व्यवसाय में परिवर्तन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने 35 टूल किट एवं 35 प्रमाण पत्र तथा एक दिया मेकिंग मशीन का भी वितरण किया। सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा माटी कला बोर्ड की प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तन एवं वस्तुएं बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाए एवं सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए। कार्यक्रम के अंत में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह द्वारा मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच हजार मिट्टी के शिवलिंग बना कर किया महा मत्युजंय का जाप

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**सावन** माह के पहले सोमवार को विश्व में शांति और निरोगी संसार की कामना के साथ भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता के बॉबी चिल्ड्रन एकेडमी तिकोनिया पर मिट्टी के पांच हजार शिवलिंगों का निर्माण कर महा मत्युजंय का जाप का आयोजन किया गया। पूरे विधि विधान से पांच प्रकार के फूल, पांच तरह के फल, पांच प्रकार के सूखे मेवे से शिवलिंगों का श्रृंगार किया गया एवं जलाभिषेक किया। यह पार्थिव शिवलिंग कहलाते हैं। भगवान राम ने वनवास के दौरान मिट्टी के शिवलिंग की ही पूजा की थी। शिवपुराण में इसका उल्लेख है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से कई समस्याओं का निदान हो सकता है और मनोकामनाएं भी पूरी होती है। शिवलिंग बंनाने का कार्य सुबह 10 बजे प्रारम्भ हुआ शाम 4 बजे तक पाँच हजार मिट्टी के शिवलिंगों का निर्माण किया गया देर शाम को गाजे बाजे के साथ शिवलिंगों को दतावली नहर में विधिविधान के साथ जल में प्रभाहित किया गया। आयोजन में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला महामंत्री आकाशदीप जैन, शहर अध्यक्ष रजत जैन, मण्डल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रशान्त दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, सावित्री सिंह, प्रमिला पालीवाल, हरीओम गुप्ता, राजेश अग्रवाल वीरेन्द्र सिंह चौहान, संध्या चौहान, चन्दन चौहान, अर्चना चौहान, गार्गी, दीपाली सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# हजारी महादेव मंदिर का डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्रावणमास के प्रथम सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत हजारी महादेव मंदिर का निरीक्षण किया। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरसईनावर स्थित श्री हजारी महादेव मंदिर पहुंचकर मंदिर में होने वाले जलाभिषेक को शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# गंगा तट पर मगरमच्छ देखकर स्नानार्थियों में मची अफरा-तफरी

- स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर दूसरे छोर पर ले जाकर पानी के तेज बहाव में छोड़ा
- सूचना देने के बावजूद नही पहुंची वन विभाग की टीम, लोगों में आक्रोश


**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सावन** के पहले सोमवार को महादेवी गंगा घाट पर स्नान कर रहे श्रृद्धालुओं को अचानक घाट पर एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया, जिससे स्नानार्थियों में हड़कम्प मच गया। घाट पर मगरमच्छ की जानकारी होने पर वहां भीड़ एकत्र हो गई। हांलाकि यहां मौजूद कुछ लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सियों से बांध लिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग की टीम वहां नही पहुंची। वन विभाग की टीम का काफी देर इन्तजार करने के बाद लोगों ने मगरमच्छ को गंगा के दूसरे किनारे पर ले जाकर पानी के तेज बहाव में छोड़ दिया।

सोमवार को महादेवी गंगा घाट पर सावन के पहले सोमवार के मद्देनजर श्रृद्धालुजन गंगा स्नान करने के लिए भोर होते ही महादेवी गंगा घाट पहुंच गए थे। श्रृद्धालुजन समेत गंगा घाट स्थित आश्रम में रहने वाले साधू-सन्त भी गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी उन्हें एक विशालकाय मगरमच्छ गंगा तट पर दिखाई दिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। चीख पुकार और शोरगुल सुनकर आसपास मौजूद अन्य लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने हिम्मत जुटाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सी से बांध लिया। इसी बीच घाट पर डयूटी कर रहे कर्मचारियों ने वन विभाग को गंगा घाट पर मगरमच्छ होने की सूचना दे दी। लोगों ने काफी देर तक वन विभाग की टीम आने का इन्तजार किया, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर न पहुची, जिसके बाद लोगों ने मगरमच्छ को गंगा के दूसरी ओर ले जाकर गंगा के पानी के तेज बहाव में छोड़ दिया। हांलाकि मगरमच्छ को पकड़ने के बाद दोबारा गंगा के पानी में छोड़े जाने का कुछ लोगों ने विरोध किया। लोगों का कहना था कि सावन के पूरे माह गंगा घाट पर स्नानार्थियों का गंगा स्नान के लिए आना रहता है ऐसे में गंगा के पानी में मगरमच्छ रहेगा तो वह लोगों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में लोगों ने वन विभाग की टीम को मौके पर न पहुंचने पर आक्रोश व्यक्त किया है।


मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर दूसरी ओर ले जाते लोग

# उपनिरीक्षक बने हेड मोहर्रिर को लगाए गए स्टार


उपनिरीक्षक को स्टार लगाते कोतवाल जेपी शर्मा — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** में हेड मुहर्रिर के पद पर कार्यरत पुलिस कर्मी को उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिलने पर कोतवाल ने स्टार लगाकर सम्मानित किया। सोमवार को कोतवाल जेपी शर्मा ने हेड मुहर्रिर चंद्रभान सिंह यादव को स्टार लगाकर उपनिरीक्षक के पद से सम्मानित किया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने फूलमालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनको बधाई दी। चंद्रभान सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग में उनकी तैनाती 01 अगस्त 1989 को हुई थी। पहली पोस्टिंग आगरा सीओ कार्यालय में मिली। जिसके बाद इटावा और फिर 09 जनवरी 2022 को गुरसहायगंज कोतवाली में हेडमोहर्रिर के पद पर तैनाती मिली। इस दौरान कोतवाल संजय शुक्ला, उपनिरीक्षक अजब सिंह, मोहम्मद तौकीर, कांस्टेबल सुधीर सिंह चौहान, डेविड यादव, समर सिंह, देव सिंह, तेजप्रताप आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## भारत विकास परिषद की जनपद स्थापना दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सोमवार को भारत विकास परिषद शाखा कन्नौज के स्थापना दिवस पर शहर के मोहल्ला भटपुरी स्थित एमपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर में प्रांतीय संरक्षक रमेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़चढ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को संस्था के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, निर्मल जैन, कैप्टन वैभव जैन, सचिव निशंक जैन, पूर्व वित्त सचिव नरेंद्र सिंह यादव, महिला प्रभारी सोनी यादव ने प्रथम, द्वतीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। संस्था की स्थापना दिवस पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के बिस्कुट आदि खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी।

## राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ पौधारोपण




**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने पौधारोपण कर पीटीए की बैठक कर छात्र छात्राओं के अविभावकों के साथ वार्तालाप कर सुझाव लिए गए। साथ ही एक कमेटी बनाकर मीटिंग की गई। सोमवार को समधन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सुनील चतुर्वेदी ने कॉलेज व छात्रों के हित को देखते हुए पीटीए की बैठक कर अविभावकों से सुझाव लिए। साथ ही साथ सभी अविभावकों को बताया कि बच्चों को समय से स्कूल भेजें। सरकार आप सभी लोगों के लिए तमाम सुविधाएं दे रही उसका लाभ उठाएं। वही कॉलेज में कुछ उपद्रवियों द्वारा जो क्षति हुई उसके बारे मे भी अवगत कराते हुए कहा कि सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि देख रेख रखे। इस मौके कालेज के सभी अध्यापक व स्थानीय सभासद प्रतिनिधि संजीव यादव बब्लू, ब्रजनंदन सिंह, पीटीए सदस्य नईम शेख, सभासद आजम खान, व समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## महिलाओं ने एक दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर दो महिलाओं में विवाद हो गया। दोनों पक्षों से जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। महिलाओं ने एक दूसरे के विरूद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला चावल मंडी निवासी सीता देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि मोहल्ले के आलोक, आदेश और शिवानी ने मामूली विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर अभद्रता कर की। विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष से सुमन ने दी गई तहरीर में बताया है कि सीता देवी ने मामूली विवाद में उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आजादी के बाद से समाज सेवा कर रही भारत विकास परिषद

- समाज को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है संगठन: डॉ. सुधीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**आजादी** के बाद लगातार भारत विकास परिषद समाज सेवा का कार्य रही है। समाज के गरीब व जरूरतमंदों की मदद करने के लिए समय समय पर अभियान चलाकर सहयोग किया जाता है। यह विचार भारत विकास परिषद प्रान्त के उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर दीक्षित ने व्यक्त किए।

सोमवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थिति लकी मानसिक विकलांग विद्यालय में भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने 61वां स्थापना मनाया। नगर शाखा के अध्यक्ष अतुल भारती ने कहा कि देश की आजादी के बाद से भारत विकास परिषद ने समाज हित के हर क्षेत्र में काम किया है। कोई भी व्यक्ति किसी जरूरतमंद की मदद करके समाज सेवा कर सकता है। समाज सेवा के लिए कोई जरूरी नहीं है कि आप राजनीति में ही आएं। शाखा सचिव ललित मोहन सिंह ने कहा कि आजादी के बाद लोग पश्चिम की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे थे और पश्चिमी सभ्यता को अच्छा मान रहे थे। उनका मानना था कि भारत अपनी संस्कृति और सभ्यता के बूते विकास के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ सकता है। उस समय भारत विकास परिषद का गठन हुआ। शाखा के वित्त सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद ने उस समय देश की सेवा की जब देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी। विगत 60 सालों में भारत विकास परिषद देश के विकास के पथ पर कदम से कदम मिलाकर चला है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद ने मानसिक दिव्यांग बच्चों को फल आदि वितरण कर उनको हर सम्भव सहयोग का विश्वास दिलाया।इस अवसर पर परिषद राजेश गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, गगन मनीष सिद्धार्थ गुप्ता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



दिव्यांगों के साथ स्थापना दिवस मनाते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# कृषि विभाग द्वारा किसानों को किया गया निशुल्क बीज वितरण


बीज वितरित करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे व मौजूद किसान

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। सरकार द्वारा दलहनी फसलों को बढावा देने के उद्देश्य से सोमवार को राजकीय कृषि बीज भण्डार जलालाबाद पर कृषि विभाग द्वारा कृषकों को निःशुल्क अरहर, मूंग, सावा का बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। क्षेत्रीय किसानों को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे के नेतृत्व में मिनी कीट का वितरण हुआ। बीज भंडार प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय 20 किसानों को अरहर, 5 किसानों को मूंग, 5 किसानों को सावा का निःशुल्क बीज मिनी किट का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मिनी किट योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसान निःशुल्क किट लेकर खेत में बुवाई कर आय कर सकता है। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि शैलेंद्र कुमार, प्राविधिक सहायक सुमित कुमार, प्राविधिक सहायक अशोक कुमार, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतेंद्र कटियार, बी टी एम दिलीप कुमार, शैलेंद्र कुमार समेत किसान मौजूद रहे।

# सावन के प्रथम सोमवार पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



- रुद्राभिषेक के बाद हुआ प्रसाद वितरण

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सनातन धर्म के पावन माह सावन के प्रथम सोमवार पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विधि विधान से पूजा वंदना एवं रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन स्थित प्राचीन शिव मंदिर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने श्रद्धालुओं के साथ विधि विधान से पूजा वंदना एवं जलाभिषेक किया और नगर सहित क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान मनोज गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, दीपक सिंह, गंगा सिंह कुशवाह, रानू गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। उधर नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित सीताराम धाम पर सावन के पहले सोमवार के अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने श्रद्धालुओं के साथ रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ के भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान आंचल गुप्ता, शिवा गुप्ता, सचिन गुप्ता, विमलेश कुशवाहा, अमन वर्मा आदि मौजूद रहे। वही नगर के चौराहा स्थित श्रीराम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, चकोर रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, रामगंज स्थित शिव मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, अफसरी स्थित काली देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा बंदना कर भगवान भोलेनाथ की उपासना की गई।

# चयनित ग्रामों व मजरों और बाजारों में यथाशीघ्र लगवाई जाएं स्ट्रीट लाइटें

- डीएम ने बैठक कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिले** के चयनित किए गए बाजारों व ग्रामों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना किए जाने को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने यूपी नेडा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रकाश व्यवस्था हेतु जिन गांव में स्ट्रीट लाइटें लगने का प्रस्ताव प्रस्तावित हुआ है। वहां यथाशीघ्र स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने का कार्य आरंभ किया जाए ताकि नियत समय पर स्ट्रीट लाइट लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के अंतर्गत विधान सभावार ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 200 स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य किया जाना है। चयनित किए गए सभी ग्राम व मजरों में 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं। कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर ग्रामीण बाजारों का जो चयन किया गया है, उन बाजारों में निर्धारित सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 139 संयंत्रों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो नियत समय पर स्थापित कराया जाए एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो स्ट्रीट लाइट खराब हो गई हैं उन्हें भी यथाशीघ्र ठीक कराया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।


बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल

# आगामी 12 से 31 जुलाई तक जिले में लगाए जाएंगे जागरुकता शिविर

- महिलाओं को दी जाएगी विधिक जानकारी, किया जाएगा जागरुक



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** महिलाओं को विधिक अधिकारों के बावत जागरुकता लाए जाने के लिए आगामी 12 से 31 जुलाई तक शिविर लगाए जाएंगे। आयोजनों को सफल बनाए जाने हेतु जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने जिला क्षय अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी, को निर्देशित करते हुए कहा कि एक चिकित्सक सर्वाइकल कैंसर, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम व अन्य चिकित्सा कानूनी के बारे में जानकारी रखता हो, मुख्यता महिला चिकित्सक को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु नियुक्त करें। साथ ही उन्होने तीनों उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी ब्लाकों के ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित करें कि समस्त ग्राम पंचायतों से महिलाओं को जागरूकता हेतु शिविर में लाए जाने की व्यवस्था करें। उन्होने क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं के सम्बन्ध में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाई जा रही 1090, 1091, 112 समेत अन्य संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी शिविरों में प्रदान की जाये एवं जिला सूचना अधिकारी को उक्त कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रकाशन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल द्वारा आयोजित होने वाले शिविरों में घरेलू महिला, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में महिला एवं 15 वर्ष से अधिक की युवतियों को विधिक एवं संविधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया जायेगा। उक्त शिविर में प्रत्येक विभाग से सम्बन्धित विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग के पुलिस एवं प्रशासन तथा चिकित्साधिकारी रिसोर्स पर्सन के रूप में उपलब्ध होगे। बैठक में उपजिलाधिकारी अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर प्रियंका बाजपेई, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊः दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी तिर्वा शिव प्रताप सिंह, तहसीलदार सदर रामशंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, सीडीपीओ विजय लक्ष्मी, सहायक सूचनाधिकारी शारिक खान समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हादसों को दावत दे रहा खुले में रखा ट्रांसफार्मर और झूलती जर्जर विद्युत केबिलें

- स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद जानबूझकर अंजान बना है विद्युत विभाग

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**बरसात** के मौसम के चलते खुली जगहों पर रखे बिजली ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहे है। वहीं नीचे झूलती जर्जर बिजली केबिलें लोगो के लिए बवाले जान साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने किसी बड़े हादसे की आशंका जताते हुए विभागीय अधिकारियों को अवगत भी कराया, लेकिन अधिकारी और कर्मचारी कुम्भकरणींय नींद में है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नही दिया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

गौरतलब है कि समधन नगर पंचायत के पश्चिमी स्वागत द्वार के पास बिना बैरीकेडिंग के खुले में रखा ट्रांसफार्मर के आसपास अक्सर कर लोगों का आवागमन बना रहता है और नगर के लोग अपने जानवरों को खेतों की ओर भी इसी रास्ते से लें जाते हैं वहीं नगर के मोहल्ला अशफाकउल्ला नगर में पानी टंकी के पास खुले स्थान पर रखा ट्रांसफार्मर जिसके पास से पूरे मोहल्ले के निवासियों का इसी मार्ग से आवागमन रहता है। साथ ट्रांसफार्मर के पास बारिश के चलते हमेशा पानी भी भरा रहता है। उधर नगर के ठाकुर द्वारा स्थित गुरसहायगंज फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग के किनारे झूलती जर्जर केबिले जमीन से थोडी ऊंचाई पर खुलेआम हादसों को दावत दे रही है। इतना ही नहीं बल्कि लाइट आते ही अक्सर रोजाना बार-बार केबिल में फाल्ट होता है जिससे केविल टूटकर नीचे भी गिर जाती है। मोहल्ले के निवासी अबधेश कुमार शर्मा, अर्जुन शाक्य, टीटू कठेरिया, रामसनेही, राजू मिस्त्री, विश्राम पाल, आफ्ताब, मतीन खान आदि ने बताया झूलती जर्जर केबिलो के बारे में विभाग के अफसरों से तमाम बार अवगत कराया गया, लेकिन परिणाम शून्य साबित हुआ। इन सभी लोगों ने विभाग के उच्च अफसरों से तत्काल जर्जर केबिलो को हटाकर नई केबिल डलवाने की मांग की है। विभाग के जेई विकास कुमार ने कहा कि खुली जगहों पर रखे बिजली ट्रांसफार्मर की जल्द बैरीकेडिंग कराई जायेगी।



समधन पश्चिमी स्वागत द्वार गेट के पास खुले में रखा ट्रांसफार्मर व ठाकुरद्वारा के निकट झूलती जर्जर बिजली केबिल — समृद्धि न्यूज

# जेसीबी चालक को पीटने में पूर्व प्रधान समेत सात पर मुकदमा दर्ज

▸ पुलिस ने शुरु की घटना की जांच पड़ताल



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जेसीबी चालक को मारपीट कर घायल करने का पूर्व प्रधान सहित सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा कराया गया है।

जानकारी के अुसार थाना मेरापुर के गांव नगला चंपत निवासी गणेश कुमार जेसीबी चालक है। वह बीते दिवस ग्राम प्रधान संजीव यादव के कहने पर जेसीबी से नाला की सफाई करने हरदुआ गांव गया था। रास्ते में अभियुक्तगणों की भैंस बंधी हुई थी। जिसको हटाने को लेकर पूर्व प्रधान दंगल सिंह, उनके पुत्र मोनू और रोनू, दंगल सिंह के भाई सदन सिंह, धर्मपाल, योगेश व अजब सिंह निवासीगण हरदुआ ने गणेश कुमार के साथ गाली-गलौज मारपीट कर डाली। गणेश ने अपने पिता को फोन पर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पिता श्रीकृष्ण को भी अभियुक्तगणों ने मारा पीटा। थाना पुलिस ने गणेश की तहरीर पर सात दबंगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएलओ की कार्यशाला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 10 जुलाई 2023 को विधानसभा सदर के बीएलओ के मार्गदर्शन हेतु एक कार्यशाला का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने की। जिसमें तहसील सदर के नायब तहसीलदार हर्षित कुमार ने भी बीएलओ को दायित्व से अवगत कराते हुए उनको डोर-टू- डोर जाकर मतदाता सूची को परिष्कृत करते हुए बनाकर विभिन्न बिंदुओं को अवगत कराया। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ दिनांक 21 जुलाई से 21 अगस्त 2020 तक एक माह घर-घर जाकर मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे तथा उसमें शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाते हुए अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरे करने वाले छात्र-छात्राओं और छूटे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु उनको फार्म 6 भराकर अथवा बीएलओ ऐप पर जाकर संबंधित का नाम मतदाता सूची में जाकर दर्ज करने हेतु पंजीकरण करेंगे। वहीं स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



कार्यशाला के दौरान मौजूद बीएलओ

# रैली निकालकर संचारी रोगों के प्रति किया जागरुक

▸ बच्चों ने नारे लगाकर रैली में लिया भाग

▸ स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा के नेतृत्व में निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संचारी रोग अभियान हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा के नेतृत्व में संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय कुबेरपुर घाट के विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कराया गया। संचारी रोग के प्रति ग्रामीणों को जागरुक करते हुए जागरुकता रैली निकाली गई। विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं एवं आंगनबाड़ी के बच्चे भी रैली में शामिल हुए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रकाश नारायण अवस्थी, अमित गुप्ता, अनुदेशक विनोद कुमार, सरिता देवी, सहायक अध्यापिका सुगंधा दीक्षित एवं नीरज सिंह के द्वारा रैली को सम्पन्न कराया गया। रैली में छात्रों एवं छात्राओं ने जन-जन को जगाना है संचारी रोग भगाना है, स्वच्छता अपनाएंगे, रोगों से बचाएंगे, हम सब की है जिम्मेदारी स्वच्छ रहे सब जनता सारी आदि नारे लगाते हुए बच्चों ने कुबेरपुर घाट, बड़ा फतेहपुर एवं हंसी का नगला आदि ग्रामों में संचारी जन जागरूकता रैली निकल ग्रामीणों को जागरुक किया। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री दयावती आदि मौजूद रहे।



संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली में भाग लेते बच्चे

# सावन के प्रथम सोमवार पर हुआ रुद्राभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सावन के प्रथम सोमवार को विधि विधान से पांडेश्वरनाथ शिवालय मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी गोपाल शर्मा ने विधिवत पूजन कराया। सनातन धर्म में मान्यता है कि सावन के सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जो रुद्राभिषेक करता है उसके घर सुख समृद्धि आती है और कष्टों का नाश होता है। सावन में भोलेनाथ के ऊपर जलाभिषेक का भी महत्व है। इसलिए इस माह भक्तगण भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर उन्हें प्रसन्न करते हैं। पांडेश्वरनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के मुख्य यजमान अजय अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल एवं व्यापारी नेता संजय गर्ग आदि ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया और विश्व के कल्याण की कामना की। आरती के बाद मंदिर में सभी भक्तगणों को प्रसाद वितरित किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान दूरदराज से आये भक्तगणों ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। रुद्राभिषेक के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। भगवान भोलेनाथ की आराधना के साथ आरती सम्पन्न हुई। लोगों ने भांग, धतूरा, वेलपत्र, प्रसाद, दूध, जल, घी, मेवा, फल आदि चढ़ाया। इस अवसर पर संजय गर्ग, रश्मि अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गुंजन रस्तोगी, गोपाल गुप्ता, वैभव अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आदि लोगों ने व्यवस्था में सहयोग किया। देर शाम तक पंडाबाग मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तगणों की भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा। सभी भक्तों को लाइन लगाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कराये गये।



रुद्राभिषेक में भाग लेते अजय अग्रवाल, संजय गर्ग आदि

# सरकारी संस्थाओं का निजीकरण लोकतंत्र के लिए घातक: जन अधिकार पार्टी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जन अधिकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष कैप्टन प्रभात शाक्य के नेतृत्व में राष्ट्रपति संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जन अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि जातिगत जनगणना करायी जाये। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए घातक है। भागीदारी हमारा अधिकार है। इसके लिए जनगणना जरुरी है। जन अधिकार जनगणना कराने की मांग करती है। केंद्र सरकार द्वारा निजी सम्पत्तियों को व कंपनियों एवं उद्योगपतियों को कौड़ियों के दाम में बेचा जा रहा है। इससे राष्ट्र को अपूर्णनीय क्षति होगी। डीजल, पेट्रोल पर अधिरोपित टैक्स को केंद्र व राज्य सरकार कम करे। जिससे पेट्रोल व डीजल सस्ता हो सके और बढ़ाई हुई कीमतों को घटाया जाये। सामान्य वर्ग की तरह पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाये। जन अधिकार पार्टी नई शिक्षा नीति का विरोध करती है। पूरे देश में शिक्षा पाठ्यक्रम एक समान किया जाये। नई शिक्षा नीति देश में पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यकों को पुनः देश की चली आ रही वर्ण व्यवस्था की तरफ ले जाने वाली है। ऐसा कानून जो बहुसंख्यक समाज को शिक्षा से वंचित करना चाहता है। उसे किसी भी दशा में लागू न किया जाये। किसानों को खाद, बीज व कीटनाशक दवायें उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जायें। सिंचाई के लिए विद्युत व्यवस्था की जाये। छोटे मझोले किसानों व व्यापारियों के बिजली बिल माफ किये जायें, किसानों का गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाये। बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये। सरकार का संवैधानिक दायित्व है। सरकार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कार्यवाही करें, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जन अधिकार पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जन अधिकार पार्टी के लोग

## खबरें चलते-चलते

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में मां-बेटा घायल



**शमशाबाद (सं.)।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में मां-बेटा घायल हो गये। आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सोमवार को मोहम्मदाबाद के जाजपुर बंजारा निवासी 30 वर्षीय बंटू पुत्र राधेश्याम अपनी 50 वर्षीय बीमार मां राममूर्ति के साथ दवाई लेने बाइक से शमशाबाद आया था। वापस लौटते समय शमशाबाद बाजार के पास एक अन्य बाइक चालक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे मां-बेटा गम्भीर रुप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### लूट की झूठी सूचना देने वाले सहित चार का 151 में चालान

**मेरापुर (सं.)।** दिल्ली के जाफराबाद निवासी अरमान पुत्र मोहम्मद सत्तार ने सुबह 9 बजे 112 पुलिस को सूचना दी कि पखना चौराहे पर एक टेम्पू चालक ने मेरे 500 रु लूट लिये हैं लूट की सूचना पर जब जांच पड़ताल करने मौके पर पहुंची पुलिस तो मामला किराये के लेन देन का निकला। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि अरमान नीबकरोरी स्टेशन से नदौरा निवासी विमलेश के टेम्पू पर रुपया 30 तय करके पखना गांव के लिये बैठा था पर टेम्पू चालक विमलेश ने उसे जबरन पखना चौराहे पर उतार दिया, तो अरमान ने आपत्ति कर तय रुपये में उसे पखना गांव तक छोड़ने के लिये कह दिया इसी बात पर विमलेश ने अरमान के साथ मारपीट कर दी, तो अरमान ने 112 पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई। लूट की सूचना किसी ने सी ओ कायमगंज सोहराब आलम को दे दी। थाने में दोनों पक्षों की बात सुनकर पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों को सौंपे ज्ञापन



विधायक मेजर सुनीलदत्त को ज्ञापन सौंपते विद्युत संविदा कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पावर कारपोरेशन विविदा संविदा कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष रामकिशन, महामंत्री विष्णू सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गयी कि वर्ष 2000 से आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों की तैनाती कर बिजली लाइनों का अनुरक्षण व विद्युत सब स्टेशनों का परिचालक कार्य कराया जा रहा है। वेतन के रुप में 8 से 10 हजार रुपये का भुगतान किया जा रहा है। सभी कर्मचारियों को वेतन 18 हजार रुपये दिये जाने की मांग की है। पिछले कई वर्षों से संघ मांग करता चला आ रहा है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का कार्य के लिए अनुरुप अनुबन्ध किया जाये। 18 हजार रुपये निर्धारित कर सरकार द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले हित लाभों को किया जाये। दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाये। ईपीएफ घोटाले की जांच करायी जाये। पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा पिछले दस वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहे प्रशिक्षित व अनुभवी संविदा उप केंद्र परिचालकों को कार्य से हटाकर जिन्हें 10 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। उनके स्थान पर पूर्व सैनिक कल्याण निगम के कर्मचारियों को तैनात कर आदेश निर्गत कर दिया गया है। जिनका अनुमन्य 30 हजार रुपये किया जा रहा है। जिससे लगभग 12 हजार से 15 हजार कर्मचारियों के बेरोजगार होने की सम्भावना है। ऐसे में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों को कार्य के अनुरुप अनुबन्ध करने, वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित किया जाये। उपकेंद्र परिचालक सहायक के नाम पर हटाये गये कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने व ईपीएफ घोटाले की जांच कराने एवं दुर्घटनाओं को रोकने व सैनिक कल्याण निगम से कर्मचारियों को तैनात न करने संबंधित मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया।

# स्वच्छता अपनाना है संचारी रोग भगाना है



संचारी रोग के अन्तर्गत जागरूकता रैली में भाग लेती शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण के अंतर्गत प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के निर्देशन में जागरुकता रैली निकाली गयी। सुमन त्रिपाठी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय परिसर से रवाना किया। संचारी रोग कार्यक्रम प्रभारी दर्शना शुक्ला की देखरेख में रैली का आयोजन हुआ। खतराना मोहल्ले व लोहाई रोड पर रैली निकालकर आम जन मानस को संचारी रोगों के प्रति जागरुक किया गया। छात्राओं ने हाथों में पोस्टर लेकर घरों व आसपास के लोगों को जागरुक करते हुए नारे लगाये। जागरुकता संबंधी विद्यालय में पोस्टर बनवाये गये। दर्शना शुक्ला ने छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि बुखार, डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए व उनकी रोकथाम के लिए स्वच्छता बहुत जरुरी है। जैसे जलभराव को न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, आदि बातें बतायी गयीं। पारुल जैन, पूनम शुक्ला ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

इस मौके पर अनीता सिंह, मंजू सिंह, दर्शना आर्या, जया सिंह, राधा दीक्षित, सुनीता पाण्डेय, ममता शुक्ला आदि शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

# करांटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 25 मेडल

▸ कानपुर में राज्य स्तरीय करांटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुष्कर करांटे एकेडमी से संबद्ध नेशनल सोतोकान करांटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया की टीम ने शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में नौ गोल्ड, आठ सिल्वर, आठ ब्रांज मेडल जीते। पुष्कर करांटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने लखनऊ जाकर 09 जुलाई को प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मेडल जीतकर छात्र-छात्राओं ने जनपद का नाम रोशन किया। इस चैम्पियनशिप का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजूकेशन एण्ड स्पोर्ट्स छत्रपति करने वाले बच्चों ने उमंग के साथ मेडल जीते। मेडल जीतने वाले प्रतिभागी उमंग तिवारी सिल्वर, रिद्धि सिल्वर, पाखी गोल्ड, चेतन सिंह ब्रांज, दीक्षा गौर ब्रांज, अश्विक श्रीवास्वत ब्रांज, अवंतिका सिल्वर, शौर्य प्रताप सिल्वर, आदित्य कुमार गोल्ड, आयुष राजपूत गोल्ड, वैष्णवी चतुर्वेदी गोल्ड, अर्पित भारद्वाज गोल्ड, सक्षम सिल्वर व ब्रांज, आरव गोल्ड व सिल्वर, यशस्वी दीक्षित ने दो गोल्ड, वेदान्त ने एक गोल्ड एक ब्रांज, अमन वर्मा ने एक सिल्वर एक ब्रांज, पुष्कर भारद्वाज ने एक सिल्वर एक ब्रांज मेडल जीता। कोच सेन्सई पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने कहा कि प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत से जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह खिलाड़ी एकेडमी की ओर से कई बार मेडल जीत चुके हैं। इस प्रतियोगिता में ओपन खेलकर दो खिलाड़ी पुष्कर भारद्वाज व बिट्टल वर्मा ने अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन ने इस सफलता पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।




मेडल के साथ करांटे खिलाड़ी व मौजूद कोच

# भाविप के 61वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

▸ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर पांचाल शाखा एवं फतेहगढ़ शाखा द्वारा राम मनोहर लोहिया अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर राजकुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्तमान राष्ट्रीय प्रकाशन चेयरमैन सुरेश चंद गुप्ता ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।

वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रक्तदान शिविर में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा। जिसमें दोनों शाखाओं से 19 सदस्यों ने रक्तदान किया। पूनम जैन, जगजीत कौर, शिखा गुप्ता, शैली रस्तोगी, शिखा वर्मा, ममता सक्सेना, संदीप उपाध्याय, पंकज गुप्ता, शिवम गुप्ता, किशन वर्मा, सरदार जगजीत सिंह आदि सदस्यों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक संजीव बाथम, जगजीत कौर ने व्यवस्था संभाली। संचालन सरदार जगदीप सिंह, शिवम गुप्ता ने किया। पांचाल शाखा के अध्यक्ष आलोक गुप्ता, सचिव देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव, अतुल रस्तोगी, कन्हैया लाल जैन, पूर्व सचिव अनिल सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष शिवम गुप्ता, फतेहगढ़ शाखा के अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह, सचिव किशन वर्मा, अजीत यादव, सरदार रणबीर, सचदेवा, संदीप अग्रवाल के अलावा पांचाल शाखा के सदस्य इंजीनियर राजीव गोयल मौजूद रहे।




लोहिया अस्पताल में रक्तदान करते भाविप पदाधिकारी

# मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थी दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

▸ प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने वृक्षों के महत्व पर डाला प्रकाश, सभी से की जीवन में एक वृक्ष लगाने की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के नेतृत्व में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वृक्षों से होने वाले लाभ को प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों पर फल लगते हैं जो पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए भोजन हैं। गाय, बकरियां और अन्य शाकाहारी जानवर भी वृक्षों के पत्ते खाते हैं। वे गर्मी के असर को कम करने में मदद करते हैं। उनसे प्राप्त ठंडक का असर ऐसा है कि यह आसपास के स्थानों में 50 प्रतिशत तक एयर कंडीशनर की आवश्यकता को कम कर सकता है। पक्षी पेड़ों पर घोंसलों को बनाते हैं जिससे उन्हें आश्रय मिलता है। पेड़ मकड़ी, बंदरों के अलावा अजगर, कंगारू और जानवरों की अन्य प्रजातियों के लिए भी घर हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षों से जीवनरुपी ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए वृक्ष सभी को लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्र सेवक रोहित दीक्षित राहुल वर्मा अंबुज दीक्षित अरुण सूर्यवंशी सुमित कुमार खुशी पूजा आदि छात्र मौजूद रहे




वृक्षारोपण करते छात्र-छात्रायें

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को उपनिरीक्षक कमलेश कुमार अपने हमराहों के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर धारा 364 आईपीसी में वारंटी रामप्रताप पुत्र रामकिशन निवासी चपरा थाना अमृतपुर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर उप निरीक्षक नरसिंह ने चेकिंग अभियान के दौरान धारा 60 आबकारी एक्ट से संबंधित वारंटी रंजीत पुत्र रामवरन निवासी कुबेरपुर कुडरा थाना अमृतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# एचटी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

- दो लोग झुलसे, खेत से घर जाते समय एचटी लाइन के खंबे के सहारे खड़े होने पर घटी घटना
- सूचना के करीब एक घंटे बाद की गयी विद्युत आपूर्ति
- परिजनों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप



रोते बिलखते मृतक के परिजन व फाइल फोटो



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत से घर जा रहा युवक एचटी लाइन के खम्बे के सहारे खड़ा हो गया, तभी उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गया। वहां से गुजर रहे दो युवकों ने छुड़ाने का प्रयास किया, वह दोनों भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गये। ग्रामीणों ने किसी तरह युवक को छुड़ाया। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के करीब एक घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बंद की गई। जिससे बड़ी घटना घटित हो गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव मददूपुर निवासी 32 वर्षीय बृजेश राजपूत पुत्र राजबहादुर अपने खेत में गया था। वहां से वापस लौटते समय गांव से गुजर रही ग्यारह हजार की लाइन के खम्बे के सहारे खड़ा हो गया, तभी उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गया। उसे छुड़ाने के चक्कर में राकेश पुत्र चेतराम भी करंट लगने से झुलस गया, तभी वहां से गुजर रहे नन्कू उर्फ आदेश पुत्र अवधेश भी चिपककर घायल हो गया। ग्रामीणों ने सूचना विद्युत विभाग को दी। ग्रामीणों ने युवक को डंडे के सहारे बिजली से छुड़ाकर आनन-फानन में उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक विपिन कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के करीब एक घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बंद की गई। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी नेहा, पुत्री मुस्कान, सच्छम उर्फ खुशी, पुत्र गोलू उर्फ लव आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बृजेश की मौत का जिम्मेदार ठहराया।

बताते चलें कि बिजली विभाग की यह पहली घटना लापरवाह की सामने नहीं आयी है, इससे पूर्व भी कई घटनायें घट चुकी हैं। जिसमें ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, लेकिन इन घटनाओं के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गहरी नींद से नहीं जाग रहे हैं।

## टेंपों चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** टेंपों की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने टेंपों चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरा निवासी अजमेर सिंह पुत्र राम अवतार ने कमालगंज थाने में शिकायत कर दर्शाया कि मेरा भाई योगेश पुत्र राम अवतार अपने रिश्तेदार रामचरण पुत्र विवरण निवासी न्याय पुरवा थाना ठठिया जिला कन्नौज के साथ मोटरसाइकिल से यूपी 74 एए 5098 से अपने घर वापस जा रहा था। खुदागंज के पास गुरसहायगंज की तरफ से आ रहे टेंपो संख्या यूपी 74टी/4460 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही के साथ मेरे भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मेरा भाई योगेश उर्फ रिंकू और उसका दोस्त रामसरन घायल हो गया। उपचार के दौरान 29 जून को मेरे भाई की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर टेंपों चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# चीनी मिल की हौद में पड़ा मिला युवक का शव

- जेब से मिले मोबाइल से परिजनों ने की बबलू के रुप में शिनाख्त
- सीओ ने पहुंचकर की घटना की जांच पड़ताल



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चीनी मिल के पीछे बनी हौद में अज्ञात युवक का शव पड़ा होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस को उसकी जेब से मिले फोन से उसकी शिनाख्त चीनी मिल मिस्त्री के रुप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र स्थित चीनी मिल में सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव पड़ा उस समय मिला जब चीनी मिल में सफाई का कार्य चल रहा था। चीनी मिल के पीछे जब कर्मचारी गये तो हौद में एक युवक का शव पड़ा देख सूचना अपने अधिकारियों को दी। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी सोहराब आलम, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल, मण्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार कश्यव, कस्बा चौकी इंचार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ पहुंच गये। पुलिस ने शव को हौद से बाहर निकाला और उसकी तलाश की तो उसकी जेब से मिले मोबाइल फोन द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसका नाम बबलू पुत्र राधेश्याम निवासी कुम्हारन टोला जनपद खीरी बताया। परिजनों के अनुसार बबलू 8 जुलाई को घर से कायमगंज चीनी मिल के लिए निकला था। मृतक चीनी मिल में मिस्त्री था। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि चीनी मिल के हौद में मिले शव की शिनाख्त हो गई है। प्रारम्भिक जांच में हौद में पैर फिसलने से उसकी मौत होना प्रतीत हो रहा है। क्षेत्राधिकारी का कहना है कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की पत्नी व उसके बच्चों व अन्य परिजनों का का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी का कहना कि उसके घर में एक ही कमाने वाला था।

# चोरों ने दो मकानों से चोरी का किया असफल प्रयास



चोरों द्वारा लगाये गये नकब को दिखवाता युवक

- डायल 112 पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात चोरों ने मकानों से चोरी का असफल प्रयास किया। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रमापुर जसू निवासी दिनेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल के मकान की दीवार में अज्ञात चोरों द्वारा नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया गया। परिजन गर्मी की बजह से छत पर सो रहे थे। यहीं के निवासी अवधेश कुमार पुत्र प्रेमचंद के मकान में भी अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट के दरवाजे का कुंडा बेलचे से तोड़ने की कोशिश की, लेकिन खटपट की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए। शोर मचाने पर चोर फरार हो गए। सूचना डायल 112 पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और वापस लौट गयी। ग्राम प्रधान अनुज कुमार राजपूत ने रात्रि चोरों द्वारा दो मकानों में चोरी का प्रयास किया गया है। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना कि पुलिस की निष्क्रीयता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। यदि पुलिस सक्रियता से कार्य करे, तो चोरी की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। आये दिन हो रहीं घटनाओं से ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है।

# लूट के मामले में आवास विकास चौकी के दो सिपाही व एक होमगार्ड पर मुकदमे के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लूट के मामले में आवास विकास चौकी के दो सिपाही व एक होमगार्ड के विरुद्ध न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। साथ ही थानाध्यक्ष कादरीगेट को आदेश दिया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सात दिन के अंदर न्यायालय में भेजना सुनिश्चित करें।

थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम रूनी चुरसाई निवासी सूर्यप्रताप सिंह उर्फ सूरज पुत्र कौशलेन्द्र सिंह ने अधिवक्ता आशीष मिश्रा के माध्यम से डकैती कोर्ट में थाना कादरी गेट की चौकी आवास विकास में तैनात सिपाही संजीव कुमार, संजय कुमार, होमगार्ड जितेंद्र के विरुद्ध न्यायालय में 156(3) याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मैं एमबीए का छात्र हूं। 10 अप्रैल की रात 10: 30 बजे अपने मित्रों के साथ आवास विकास चौकी के पास कानपुर बिरयानी सेंटर पर खाना खाने गया था। वहां पर पहले से ही मौजूद संजीव कुमार शराब पी रहा था। मुझ पर आईपीएल पर सट्टा लगाने का आरोप लगाते हुए अवैध रूप से रुपये की मांग करने लगा और संजीव ने फोन करके चौकी से संजय और जितेंद्र को बुला लिया। मेरी जेब से 637 लूट लिए और मोबाइल फोन व अपाचे मोटर साइकिल भी लूट ली। पीड़ित ने उक्त घटना की सूचना थाना कादरी गेट पर दी। इसके बाद पुकिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। साक्ष्य व गवाह के आधार पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर थानाध्यक्ष कादरीगेट को आदेशित किया है कि वह प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सात दिन के अंदर न्यायालय में भेजना सुनिश्चित करें।

## बाइक की टक्कर से छात्र गंभीर रुप से घायल

**कायमगंज (सं.)।** बाइक की टक्कर से छात्र घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार शमसाबाद क्षेत्र के गांव हंसापुर गौराई निवासी सुनील कुमार का 5 वर्षीय पुत्र सुन्दर सोमवार को स्कूल से पढ़कर घर जा रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

# खबरें चलते-चलते

## पुत्र व पुत्रवधू ने विधवा मां को मारपीट कर बेघर किया

**नवाबगंज (सं.)।** पुत्र व पुत्रवधू ने विधवा मां को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर नहरोसा निवासी मालवती देवी पत्नी स्वर्गीय नरेश चंद्र सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पुत्र अनूप कुमार तथा पुत्रवधू मीना आए दिन उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करते रहते हैं। सोमवार को वह अपने घर में साफ-सफाई कर रही थी, तभी पुत्रवधू ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर पुत्रवधू मीना कुमारी, पुत्र अनूप कुमार ने जमकर डंडों व थप्पड़ों से पीटा तथा घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## छत से गिरकर 3 बच्चे घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर छत से गिरकर तीन बच्चे घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने दो को रेफर कर दिया। कम्पिल क्षेत्र के गांव हथवाया निवासी नीरज कुमार का 5 वर्षीय पुत्र हरजीत, अर्जुन नगला निवासी शमसाद की 3 वर्षीय पुत्री साहिबा व नागासय्यद निवासी दुर्गा छत से गिरकर गंभीर घायल हो गयी। सभी को परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हरजीत व साहिबा को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## ट्रक चालक सहित दो को लगा करंट, अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों को करंट लग गया। परिजनों ने अचेतावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार जनपद बरेली के थाना सिरौली के गांव खारगपुर निवासी सिंटू ट्रक ड्राइवर है। सोमवार वह प्रातः ट्रक पर पाइप लाइन मशीन लादकर क्षेत्र के गांव पट्टिया जा रहा था। पट्टिया गांव में सरकारी पाइप लाइन पड़ रही है। जैसे ही वह गांव पट्टिया पहुंचा, वैसे ही झूलते बिजली के तारों मे उसका ट्रक टच हो गया और पूरे ट्रक मे करंट उतर आया। ड्राइवर सिंटू की चीखपुकार सुनकर ग्रामीण ट्रक की तरफ दौड़े और उसे किसी तरह ट्रक से उतार कर अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं क्षेत्र के गांव इजौर निवासी शिव शंकर को भी करंट लग गया और वह अचेत हो गया। परिजन उसे अस्पताल लाये।


## एक सप्ताह से नहीं आ रही बिजली, ग्रामीण परेशान

**शमशाबाद (सं.)।** भीषण गर्मी के दौर में पिछले 1 सप्ताह से बिजली के न आने से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में विद्युत व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर तराई में एक सप्ताह पूर्व गांव का एक युवक ट्रैक्टर ट्राली से सामान लेकर आ रहा था, तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया था। जिससे हाईटेंशन लाइन का पोल टूटकर गिर गया था। जिससे पोल पर धरा ट्रांसफार्मर भी सड़क पर गिर गया था। तब से आज तक विद्युत व्यवस्था ठीक नहीं की गई। ग्रामीणों ने जबकि सूचना विद्युत विभाग के जेई को भी दी, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीण रामदेव, श्याम पाल, नंदराम, राजेंद्र सिंह, देशराज, राम लखन सहित कई लोगों ने बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी से छतिग्रस्त विद्युत व्यवस्था ठीक कराकर गांव में बिजली व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की।

## ईओ का चार्ज छिना, सुभाषचंद्र राजपूत भेजे गये मूल पद पर

**नवाबगंज (सं.)।** नगर पंचायत में काफी समय से अधिशाषी अधिकारी का चार्ज संभाले सुभाषचंद्र राजपूत का चार्ज छिन गया है। उन्हें मूल विभाग में भेजा गया है। शीघ्र ही अधिशाषी अधिकारी को चार्ज मिलेगा। तैनाती के आदेश जारी कर दिये गये हैं। नगर पंचायत कार्यालय पर काफी दिनों से जमे सांसद का करीबी बताने वाले अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र राजपूत चार्ज छिन गया है। बताते चलें कि नगर पंचायत के कर्मचारियों से लेकर क्षेत्र की जनता में ऐसे अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध पहले से ही रोष व्याप्त था। जिसकी कई बार शिकायतें भी हुई तथा कई बार किसान यूनियन ने भी अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध धरना देकर उन्हें हटाये जाने की मांग की। अपने आप को सरकार का नजदीकी तथा जिले के सांसद का रिश्तेदार बताने वाले काफी समय से अधिशासी अधिकारी का चार्ज संभाले हुए थे। उनको मूल विभाग मैं ग्राम विकास अधिकारी के पद पर भेजा गया। वहीं जनपद मुरादाबाद से त्रिवेंद्र कुमार को अधिशासी अधिकारी नवाबगंज का चार्ज दिया गया है। जल्द ही उनको नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का चार्ज सौंपा जाएगा

## गृहकलह के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ



**नवाबगंज (सं.)।** गृहकलह के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों ने अचेतावस्था में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ककियोली निवासी अजय पुत्र रामचंद्र ने सोमवार को गृहकलह के चलते घर में रखी चूहा मार दवाई खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

# अतिरिक्त दहेज की खातिर लड़के पक्ष ने शादी से किया इन्कार

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरु की जांच पड़ताल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** शादी तय हो जाने के बाद लड़के पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की खातिर शादी करने से मना कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लड़के पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंजद क्षेत्र के ग्राम आलूपुर निवासी मोहित कुमार पुत्र धर्मपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी बहन विनीता की शादी नक्षत्र पाल पुत्र इन्द्रपाल निवासी सोना जानकीपुर थाना नवाबगंज तय की है। जिसमें पांच लाख रुपये तय हुआ था। इसके बाद दिनांक 21 फरवरी 2022 को मेरे पैत्रक गांव आलूपुर में गोद भराई की रस्म अदा की गई। गोद भराई के अवसर पर इंद्रपाल सिंह, नक्षत्र पाल सिंह, जयवीर, भाई अनिल कुमार, चरण सिंह, आरती, अन्ना, छत्रपाल सिंह की भाभी आदि उपस्थित मौजूद रहे। इस दौरान गोद भराई में 51000 हजार रुपये नगद दिए। जब शादी की तारीख निकालने को कहा तो उक्त बराबर टालते रहे। उसके बाद उक्त लोगों ने दहेज में पांच लाख की जगह सात लाख रुपये की मांग कर दी।

मना करने पर शादी करने से मना कर दिया। पीड़ित ने दिये 51 हजार रुपये मांग तो आरोपियों ने मना कर दिये। जिसका महिला थानाध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री रमला राठौर ने समझौता करा दिया। उक्त आरोपी रुपये वापस करने को कहा, लेकिन अभी तक रुपये वापस नहीं किये और न ही शादी की बात कर रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# प्रथम सोमवारः शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**ऐतिहासिक मंदिर पंडाबाग में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों को लाइन में लगना पड़ा, पुलिस फोर्स रहा तैनात.....**



पंडाबाग मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सावन के प्रथम सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और उनको वेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। वहीं कई भक्तों ने गंगा स्नान कर वहां से लाये गये जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे।

आज सावन का प्रथम सोमवार होने के चलते शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया और उनको वेलपत्र, धतूरा, पुष्प, भांग आदि अर्पण किये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। जिससे भक्तों को दर्शन करने में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बेरीकेडिग कर भीड़ को नियंत्रित किया और महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाकर दर्शन करवाये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम के समय मंदिरों में भगवान शिव की वेलपत्र, भांग आदि से मनमोहक झाकियां सजायी गयीं और रंग बिरंगी आकर्षक झालरें लगायी गयीं। जिससे भगवान भोलेनाथ की नैयनाभिराम झांकी देखते ही बनती थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।

## तोताराम मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर बेलपत्र, भांग धतूरा चढ़ाकर की पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद।** सावन के पहले सोमवार को फतेहगढ़ के तोताराम मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिव बाबा के भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर बेलपत्र, फूल, धतूरा, भांग आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। शाम को भगवान शिव की पुष्पों का विशेष श्रंगार कर मनमोहर झांकी सजायी गई तथा भजन-कीर्तन किया गया। झांकी के दर्शानार्थ भक्तों का ताता देर रात तक लगा रहा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द बाजपेयी (पप्पू), सचिव चमन टंडन, शिव कुमार शर्मा, गिरिश चन्द्र बाथम, हस्नू त्रिवेदी, कुलदीप दुबे, विष्णु दयाल ने व्यवस्था संभाली।

# सावन के प्रथम सोमवार बम-बम भोले के गूंजे जयकारे

- भक्तों ने शिवालयों में पहुंचकर किया दुग्धाभिषेक, भोलेनाथ को अर्पित किये वेलपत्र, पुष्प व धतूरा



भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते भक्तगण

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सावन के पहले सोमवार पर जिले के सबसे प्रमुख शिव मंदिर श्री रामेश्वर नाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हजारों नर नारियों ने श्रद्धा भाव से रामेश्वर नाथ उपज्योर्तिलिंग पर रूद्राभिषेकए दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया।

सावन माह में सोमवार का खास महत्व होता है। रामेश्वर नाथ मंदिर में अलसुबह से सभी भक्त कतार लगाकर बाबा को जल चढ़ाने को आतुर दिखे। हजारों नर नारियों ने श्रद्धा भाव से रामेश्वर नाथ उपज्योर्तिलिंग पर रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। सुबह से ही बमबम भोले, हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय के स्वर गूंजते रहे। मंदिर में स्थापित गंगा मैया, कारव वाले स्वामी जी के मूर्ति स्थल पर भी भारी भीड़ रही। कपिलमुनि, कालेश्वरनाथ समेत अन्य मंदिरों में भी अलसुबह से ही पूजन.अर्चन का दौर शुरू हो गया था। भगवान भोलेनाथ के जयकारे से वातावरण शिवमय हो गया। सभी ने शिव को प्रसन्न करने के लिए उन्हें अत्यंत प्रिय भांग, धतूरा चढ़ाकर अपनी मुरादों की अर्जी लगाई। भक्तों के पूजा अर्चना करने का क्रम सुबह पौ फटते ही शुरु हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। शाम को शिवालयों में भगवान भोले बाबा की मनमोहक झांकी सजायी गयी। जिसकी एक झलक पाने को भक्तगण बेताब दिखे।

## रामेश्वरनाथ मंदिर स्थिति शिवलिंग को है उपज्योर्तिलिंग की मान्यता

कंपिल स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग के संबंध में पौराणिक मान्यता है कि यह वह त्र्यम्बक नामक शिवलिंग है जिसकी पूजा कर कुबेर धनाधीश हुए। बाद में रावण कुबेर को जीतकर इस शिवलिंग को पुष्पक विमान के साथ लंका ले गया और चंडीश्वर के नाम से इसकी पूजा कर त्रिलोक विजेता बना। लंका प्रवास के दौरान सीता जी अशोक वाटिका में इसी शिवलिंग की पूजा किया करती थीं। लंका विजय के बाद भगवान राम इसे अयोध्या ले आए थे। उन्होंने अपने अनुज शत्रुघ्न को मथुरा में लवणासुर का वध करने जाते समय इस शिवलिंग को पवित्र स्थल पर स्थापित करने को दिया था। शत्रुघ्न ने गंगातट कंपिल में इस शिवलिंग को स्थापित किया। इस कारण इसे उपज्योर्तिलिंग की मान्यता मिली।

# मोबाइल टॉवर की जाली में आ रहे करंट से पांच बच्चे अचेत

**पुलिस ने जमीन मालिक को लिया हिरासत में.................**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल टावर के कर्मचारियों की लापरवाही से टावर के आसपास लगी लोहे की जाली में आ रहे करंट से पांच बच्चे उसकी चपेट में आ गये। परिजनों ने उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों का आरोप है कि चार कम्पियों के टावर लगे है पर कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है। जिससे कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जमीन मालिक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के ग्रानगंज स्थित राजेश ने चार कम्पनियों के टावर अपनी जमीन पर लगवाये है। जिनके चारों ओर लोहे की जाली लगायी गई है। जिसकी देखभाल भी राजेश ही कर रहा है। उसकी लापरवाही से घटना घटित हो गई। मोहल्ले का आदित्य, अनन्या, वरुण, धीरू, राहुल दूध डेयरी पर दूध लेने जा रहे थे। जैसे ही बच्चों ने जाली को हाथ लगाया। वैसे ही उसमें आ रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्चों को उठाकर आनन-फानन में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजेश को हिरासत में ले लिया है।